ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 19 जून 2024
वर्ष 5, अंक 213, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





कुछ खास करने के लिए उत्सुक टीम 15

जूनियर एनटीआर-जाह्नवी थाईलैंड में शूटिंग करेंगे 16


## चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स निफ्टी का नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू स्तर पर बैंक और आईटी सेक्टर के शेयरों में लिवाली से मंगलवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेश प्रवाह बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। यह बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 77,301.14 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार



- सेंसेक्स ने 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छुआ

के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 374 अंक उछलकर 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छू लिया था। निफ्टी भी 92.30 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 23,557.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 23,579.05 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

## मिल्क प्लांट में गैस रिसाव, दम घुटने से एक की मौत

**आगरा।** आगरा में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां दूध प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव हो जाने से इलाके में भगदड़ मच गई। हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई। बताया गया कि घटना के समय प्लांट में पांच कर्मचारी अंदर मौजूद थे। वहां से चार कर्मचारी भागने में सफल रहे। वहीं, एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। अमोनिया गैस रिसाव की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में भी भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंचे जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इलाके को खाली कराया गया।

# एकेटीयू के बैंक खाते से उड़ाए 120 करोड़, सात गिरफ्तार

### बैंक अधिकारी बन एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज का दिया ऑफर

- एकेटीयू के अकाउंट ऑफीसर बन बैंक को एफडी का दिया लालच
- फर्जी मेल आईडी बनाकर दोनों जगह भेजा ऑफर लेटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जालसाजों ने अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के बैंक खाते में सेंध लगाते हुए 120 करोड़ रुपये उड़ा लिए। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए यूपी और गुजरात के सात जालसाजों को गिरफ्तार किया और विवि के खाते में 99 करोड़ रुपये वापस कराए। गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच अन्य की तलाश की जा रही है। गिरोह का तार अहमदाबाद और सूरत से जुड़े हैं।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक, एक जालसाज फर्जी बैंक अधिकारी बनकर एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज दिलाने का झांसा दिया। फिर बैंक में एकेटीयू का अफसर बनकर पहुंचा और एक साथ 300 करोड़ रुपये की एफडी कराने की बात कही। दोनों तरफ से रजामंदी होने के बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बापू भवन शाखा में एकेटीयू का खाता खोलकर 120 करोड़ जमा करा दिए। रकम खाते में आने के बाद से 100 करोड़ रुपये गुजरात के अहमदाबाद के एक ट्रस्ट में ट्रांसफर कर दिए। इस रकम में 1.20 करोड़ जालसाजों ने निकाल भी लिये।

**ये हुए गिरफ्तार :** उन्नाव हसनगंज के पानापुर खुर्द मलकादीन का राजेश बाबू, मानसरोवर योजना कानपुर रोड निवासी गिरीश चंद्र, अमेठी के मुसाफिरसखाना सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### असली कागज पर खेला फर्जीवाड़े का खेल

जालसाजों ने बैंक और एकेटीयू के असली कागजों का सहारा था। एकेटीयू से 120 करोड़ की एफडी कराने के लिए असली पत्र हासिल किया। वहीं, एकेटीयू में बैंक अधिकारी बनकर अधिक ब्याज देने का असली पत्र हासिल किया। इतना ही नहीं, खाते के संचालन के लिए एक व्यक्ति को नामित भी कराया।

### बनाए दो फर्जी ई-मेल

फर्जीवाड़े के लिए जालसाजों ने दो ई-मेल बनाए। एकेटीयू को मेल करने के लिए बैंक का फर्जी मेल आईडी ubin0803448@unionbanks.co.in बनाया और एकेटीयू के मेल आईडी fo@aktu.ac.in पर ऑफर लेटर भेजा। वहीं, एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी fo@aktufinance.in बनाकर बैंक की आईडी ubin0803448@unionbankofindia.bank पर मेल किया।






# मां गंगा ने मुझे गोद लिया : मोदी


## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त की जारी

- लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के बाद मंगलवार को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबाकर सम्मान निधि की 17वीं किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि देश भर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में हस्तांतरित की। देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी सौंपा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा भेजने के लिए वाराणसी के लोगों का अभार जताते हुए कहा, अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं।

मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि, चुनाव जीतले के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हईं। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था और अब आपने ये सौभाग्य अपने सेवक मोदी को दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है। इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया है। ये संख्या अमेरिका की पूरी आबादी के आसपास है। उन्होंने बताया कि अभी तक देश के करोड़ों किसान परिवारों के बैंक खाते में सवा तीन लाख करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। यहां वाराणसी जिले के किसानों के खाते में 700 करोड़ रुपए जमा हुए हैं। वाराणसी के मेहंदीगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व अन्य मंत्री और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



बनारस में किसान सम्मान सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री।

### दुनिया भर में स्वदेशी फूड प्रोडक्ट पहुंचाने का सपना

प्रधानमंत्री के मुताबिक, 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका है। दलहन और तिलहन में हमें आत्मनिर्भर बनना है और कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है। बनारस का लंगड़ा आम, जौनपुर की मूली, गाजीपुर की भिंडी, ऐसे अनेक उत्पाद आज विदेशी मार्केट में पहुंच रहे हैं। मेरा तो सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई न कोई खाद्यान्न या फूड प्रोडक्ट होना ही चाहिए।

### मोदी ने भारत को दुनिया में दिलाई नई पहचान: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यों से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में एक तरफ हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ते हुए कार्य कर रहा है।

# लू बन रही काल, दरोगा व हेड कांस्टेबल समेत 63 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/अयोध्या

**अमृत विचार :** लू की चपेट में आने से मंगलवार को प्रदेश में 63 और लोगों की मौत हो गई। इनमें बांदा के 12, महोबा के 6, कानपुर देहात के 4, हमीरपुर के 3, उरई, फतेहपुर, कन्नौज में 1-1 और कानपुर में 16, अयोध्या में 6, प्रयागराज में 8, नैनी में 2, प्रतापगढ़ और कौशाम्बी में 1-1, हरदोई में 1 व्यक्ति की मौत हो गई।

मरने वालों में एक दरोगा और एक हेड कांस्टेबल भी है। कानपुर में झांसी के समथर थाना निवासी और पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल बृज किशोर सिंह और झांसी के पुंछ थाने में तैनात कानपुर देहात के ग्राम सिंगरसीपुर निवासी दरोगा मानेंद्र सिंह की लू लगने से जान चली गई।

कन्नौज के गुरसहायगंज और कानपुर के नानाराव पार्क में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई। वहीं, अयोध्या में दो महिला समेत पांच लोगों का अलग-अलग स्थानों पर शव मिले हैं, जबकि पुलिस लाइन में तैनात सिपाही कुलदीप सिंह (40) की बैरक में मौत हो गई। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत की बात कही जा रही है। इसके अलावा नयाघाट पुलिस चौकी सहित अलग-अलग जगहों पर दो महिला समेत पांच लोगों के शव मिले हैं।

### शहरों का अधिकतम तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| उरई | 46.4 | आगरा | 45.2 |
| कानपुर | 46.3 | फतेहगढ़ | 45.1 |
| अलीगढ़ | 45.4 | बस्ती | 44.5 |
| लखनऊ | 45.3 | बरेली | 44.2 |

- कन्नौज और कानपुर में सैकड़ों चमगादड़ भी मरे, अयोध्या में भीषण गर्मी से सिपाही समेत छह की मौत

### तीन दिन तक राहत के आसार नहीं, सबसे गर्म रहा उरई

**लखनऊ।** 30-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही लू की चपेट में पूरा प्रदेश मंगलवार को भी झुलसता रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले तीन दिन तक राहत के आसार नहीं हैं। मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक गर्म उरई रहा जहां अधिकतम तापमान 46 .4 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं पिछले दो दिन से 47 डिग्री से अधिक तामपान से झुलस रहे प्रयागराज में बीते दिन के मुकाबले 5 डिग्री कम 42 .5 डिग्री अधिकतम तापमान रिकार्ड किया गया। अलबत्ता प्रदेश में सबसे गर्म रात प्रयागराज की ही रही। दूसरा सबसे गर्म जनपद कानपुर देहात रहा, जहां तापमान 46 .3 डिग्री सेल्सियस रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 45 .3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के तीन दिन बाद तापमान में कमी आने के आसार हैं।









## एक नजर

### अयोध्या एयरपोर्ट को मिला साढ़े चार साल का लाइसेंस

**अयोध्या।** डीजीसीए ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को साढ़े चार साल का लाइसेंस दिया है। डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि अभी तक एयरपोर्ट के पास छह महीने का ही लाइसेंस था, जिसकी समयावधि 13 जून तक ही थी। प्रधानमंत्री ने 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। अयोध्या-हैदराबाद बंद हुई स्पाइस जेट फ्लाइट की जगह अब अकासा ने उड़ान शुरू कर दी है।

### बिहार में बना नवनिर्मित पुल का हिस्सा ढहा

**बिहार।** अररिया जिले के परारिया गांव में बकरा नदी पर 10 करोड़ की लागत से तैयार नवनिर्मित पुल का एक हिस्सा मंगलवार को ढह गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस पुल को जनता के लिए अभी नहीं खोला गया था।

## 41 हवाई अड्डों में बम की सूचना से मचा हड़कंप

- ईमेल से मिली धमकी, चलाया गया सघन तलाशी अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 41 हवाई अड्डों पर बम होने धमकी भरा ईमेल मिला। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कई घंटों तक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। बाद में इसे अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ये ई-मेल अपराह्न करीब 12.40 बजे हवाई अड्डों पर एक्सहुम्डयू888 नामक ई-मेल आईडी से प्राप्त हुए। हवाई अड्डों ने बम की धमकी मिलने के बाद आकस्मिक उपाय कर जांच शुरू कर दी गई। संबंधित बम खतरा आकलन समिति की सिफारिशों के बाद टर्मिनलों की तलाशी ली गई।

इन फर्जी धमकी भरे ई-मेल के पीछे केएनआर नामक एक ऑनलाइन समूह का हाथ होने का संदेह है। समूह ने कथित तौर पर एक मई को दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को इसी तरह के ई-मेल भेजे थे। हवाई अड्डों को प्राप्त ई-मेल में लगभग एक जैसा संदेश था, हैलो....हवाई अड्डे में विस्फोटक छिपाए गए हैं। बम जल्द ही फट जाएंगे। तुम सब मर जाओगे। सूत्रों ने बताया कि सभी हवाई अड्डों ने इस धमकी को फर्जी बताया और यात्रियों की आवाजाही को यथासंभव निर्बाध रखा गया।

## राहुल गांधी ने वायनाड सीट से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट अपने पास रखी है। लोकसभा सचिवालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है, जो 18 जून से प्रभावी माना जाएगा। राहुल द्वारा जीती गई दो सीटों में से एक से इस्तीफा देने के बाद, निचले सदन में कांग्रेस की सीट संख्या अब 98 हो गई है।

# एमएलए पोर्टल से होंगे विधायक निधि के कार्य

विशेष

प्रशांत सक्सेना , लखनऊ

- पोर्टल का प्रशिक्षण और परीक्षण शुरू, दो माह बाद होगा लागू
- विधायक डिजिटल करेंगे विकास कार्यों की अनुशंसा

**अमृत विचार :** जल्द विधायक अपनी निधि के कार्य पत्राचार की बजाय डिजिटल करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग ने एमएलए एलएडीएस (मेंबर ऑफ लेजिस्लेटिव असेंबली लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम) पोर्टल बनाया है।

इस पर विधायक विकास कार्यों के प्रस्ताव की अनुशंसा करेंगे, जो अब तक पत्राचार द्वारा किया जाता है। पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी। साथ ही विधायक, कार्यदायी संस्था व जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की जवाबदेही होगी। क्योंकि अनुंशसा से लेकर कार्य पूर्ण होने तक की पूरी प्रक्रिया पोर्टल से होगी।

इसमें अधिकारी, कार्यदायी संस्था के साथ माननीय अनदेखा या प्रक्रिया लंबित रखते हैं तो जवाब देना होगा। इस पोर्टल से जनता भी कार्यों की स्थिति जान सकेगी।

इतना ही नहीं, यह भी पता नहीं चल पाता कि कौन-सी एजेंसी या ठेकेदार काम करवा रहा है, लेकिन नई वेबसाइट पर इसकी भी जानकारी होगी पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी।

### मिलेगी लॉगिन आईडी, पीडी करेंगे फारवर्ड

पोर्टल पर काम करने के लिए विधायक, परियोजना निदेशक (पीडी) जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व कार्यदायी संस्था को एक-एक लॉगिन आईडी मिलेगी। इससे विधायक अनुशंसा कर प्रस्ताव पीडी की लॉगिन पर भेजेंगे जो मुख्य विकास अधिकारी को स्वीकृति के लिए फारवर्ड करेंगे और स्वीकृति मिलने पर पीडी कार्यदायी संस्था को भेजेंगे। स्वीकृति, इस्टीमेट, भुगतान संबंधित सभी काम इसी तरह होंगे।

> विधायक निधि के जो भी कार्य हैं वह पोर्टल से हेंगे। अनुशंसा, स्वीकृति, इस्टीमेट, खरीद, भुगतान संबंधित अन्य कार्यों की प्रगति पोर्टल पर दिखेगी। इससे समय बचेगा और पारदर्शिता आएगी। करीब दो माह में पोर्टल लागू हो जाएगा।
>
> - **राजेश त्रिपाठी**, उपायुक्त, ग्राम्य विकास मुख्यालय

### पहला राज्य होगा यूपी

पत्राचार की बजाय ऑनलाइन विधायक निधि के कार्यों वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगा। दो माह में पोर्टल लांच कर कामकाज होने लगेंगे। मंगलवार को ग्राम्य विकास मुख्यालय में परियोजना निदेशक को पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। जो कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। इसी तरह विधायकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## यूपी बोर्ड : बदलेगा 9वीं व 10वीं का परीक्षा प्रारूप

- प्रस्तावित नया प्रारूप तैयार, माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने मांगे ईमेल पर सुझाव
- वेबसाइट पर अपलोड की गई कॉपी, 29 जून तक सुझाव देने का मौका

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 9वीं व 10वीं के परीक्षा प्रारूप में बदलाव किया जाएगा। ये बदलाव नई शिक्षा नीति 2020 के क्रम में होगा। मंगलवार को इसके लिए नया प्रारूप जारी कर दिया गया है। इसकी कॉपी भी माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। नये प्रारूप को लेकर सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि 9वीं और 10वीं के परीक्षा में नई शिक्षा नीति के तहत किए जा रहे बदलाव के लिए ईमेल पर सुझाव मांगे गए हैं। परीक्षा का वर्तमान प्रारूप और बदले हुए प्रारूप का संभावित प्रारूप जारी किया गया है। इसकी एक कॉपी परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड कर दी गई है। सचिव ने बताया कि परिषद की ईमेल upmspncf2023@gmail.com पर सभी लोग अपने-अपने सुझाव दे सकते हैं। इसके लिए 29 जून तक मौका दिया गया है।

सुनवाई

### नीट यूजी 2024 मामले में याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई, कहा- 0 .001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो तो कार्रवाई करे सरकार व एनटीए

# धोखाधड़ी करने वाला डॉक्टर बने तो समाज के लिए अधिक हानिकारक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 को रद्द कर इसे दोबारा कराने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह छात्रों की तकलीफ समझती है। इसलिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले को पूरी तरह निपटाया जाए। कोर्ट ने मामले में केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा।



न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से कहा ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 5 मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर 4 जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो हां कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।

### 24 लाख ने दी थी परीक्षा

नीट में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। सफल घोषित कई विद्यार्थियों के अंकों में बढ़ोतरी के आरोप लगाते हुए कई याचिकाओं में कहा गया था कि अनियमितता की वजह से रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल हैं।

### नीट अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत किये थे, एनटीए कानूनी कार्रवाई करने को स्वतंत्र : अदालत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को कहा कि उस नीट अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जिसने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि एनटीए उसका परिणाम घोषित करने में विफल रही और उसकी ओएमआर उत्तर-पुस्तिका फटी हुई पाई गई। अदालत ने कहा कि एनटीए इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर सकती है। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के निर्देश पर एनटीए ने छात्रा की मूल ओएमआर उत्तर-पुस्तिका पेश की, जो सही-सलामत पाई गई। इसके बाद, अदालत ने यह टिप्पणी की। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की अवकाशकालीन पीठ ने छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर पारित किया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। याचिका में मांग की गई थी कि याचिकाकर्ता की ओएमआर शीट का मूल्यांकन किया जाए, केंद्र सरकार को एनटीए के खिलाफ जांच का आदेश दिया जाए और मौजूदा याचिका के लंबित रहने तक काउंसलिंग रोकी जाए।

## आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

43.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की आमसभा होटल बरेली पैलेस में रात 8 बजे।
- बरेली बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से यूपी बालक एवं बालिकाओं की स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप मानस स्थली स्कूल में सुबह 9 बजे से।
- स्वर संगम शिक्षा सदन द्वारा शरबत वितरण गोयल गैस एजेंसी सुबह 10 :30 बजे।

## एक नजर

### छत पर हो रहे टॉवर का निर्माण रुकवाया

बरेली, अमृत विचार : बिहारीपुर में छत पर मोबाइल टॉवर लगाने की शिकायत पर बीडीए के अधिशासी अभियंता ने काम रुकवा दिया और भवन मालिक को टॉवर न लगाने की हिदायत दी। शिकायती पत्र में कहा गया था कि टॉवर लगने के बाद इससे निकलने वाली किरणों से बीमारी का खतरा बना रहता है। आवासीय क्षेत्र में टॉवर का लगना अवैध है और इसका निर्माण रोका जाए।

### डिवाइडर पर रखे गमले टूटे

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट से इन्वर्टिस तिराहा तक सड़क चौड़ीकरण के बाद डिवाइडर बनाया गया था। इस पर नकटिया तक गमले रखकर पौधे लगाए गए थे। अधिकांश पौधे सूख गए हैं और कई गमले भी टूट गए हैं।

## आर्य समाज अनाथालय


मामला 360 करोड़ की जमीन का... बजट के इंतजाम के बिना ही अनाथालय बंद कर बनाने चले गुरुकुल

# ... और इस तरह 20 दिन में जमानत पर छूटा बच्ची से छेड़खानी का आरोपी प्रधान

## जांच में पुलिस ने जो तथ्य मिलने के दावे किए, कोर्ट में पेश की उनसे उल्टी कहानी और मामले को बताया संदिग्ध

शब्या सिंह तोमर, बरेली

अमृत विचारः आठ साल की बच्ची से छेड़खानी के आरोप में आर्य समाज अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्य को 20 दिन के अंदर जमानत मिल जाने की कहानी पुलिस के अदालत में पलट जाने और कई तथ्यों को छिपा लेने की भी कहानी है। ओमकार की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अनाथालय के कई और बच्चों के बयान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बच्ची से छेड़खानी होने की पुष्टि की थी, लेकिन अदालत में दूसरे बच्चों के बयानों का जिक्र नहीं किया। इसके उलट स्वतंत्र साक्षी न होने की बात कहते हुए मामले को संदिग्ध बता दिया। पुलिस के रुख में आए इसी बदलाव से ओमकार को गंभीर आरोप होने के बावजूद न सिर्फ काफी जल्दी जमानत मिली बल्कि इसी के बाद उसने अनाथालय को बंद करने की मुहिम और तेज कर दी।

- जमानत पर रिहाई के बाद ही तेज हुई आर्य समाज अनाथालय को बंद करने की मुहिम

अनाथालय में आठ साल की बच्ची से छेड़खानी की घटना के बाद दो महीने तक काफी कुछ हुआ। अगस्त में हुई इस घटना की रिपोर्ट 14 अक्टूबर को दर्ज हो पाई। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी ओमकार आर्य को गिरफ्तार करने से पहले तत्कालीन सीओ श्वेता यादव ने खुद अनाथालय जाकर गहन छानबीन की थी। सीओ ने मीडिया को जारी बयान में बताया था कि अनाथालय के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और पीड़ित बच्ची के साथ कई और बच्चों के बयान से पुष्टि हुई है कि ओमकार आर्य ने छेड़खानी की थी। इसी के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। मामला कोर्ट पहुंचा तो पुलिस का कुछ अलग ही रुख दिखाई दिया। अपेक्षाकृत काफी कम समय में रिपोर्ट दाखिल की गई। इसमें कई ऐसे तथ्य गायब या बदले हुए थे जो सीओ श्वेता यादव ने जांच के दौरान पाए जाने का दावा किया था। कमजोर पैरवी की वजह से केस हल्का पड़ा तो ओमकार आर्य को जमानत मिल गई। पुलिस ने 14 अक्टूबर 2023 को उसे जेल भेजा था, तीन नवंबर 2023 को वह जमानत पर बाहर आ गया।

### पूरी कहानी... 14 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तारी से 3 नवंबर को जमानत तक

#### ये था केस

एफआईआर नंबर - 396/2023, थाना कोतवाली

धाराएं - आईपीसी की धारा 354 ( अवांछित शारीरिक संपर्क यानी छेड़खानी), धारा 9/10 पॉक्सो एक्ट ( लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम।

#### ओमकार ने आरोपों को बताया साजिश बोला- मेरा आपराधिक इतिहास नहीं

ओमकार की ओर से अदालत में इन आरोपों को साजिश बताते हुए कहा गया था कि उसने चुनाव में पूर्व प्रधान हर्षवर्धन आर्य को भारी मतों से हराया था जिसवजह से वह उससे रंजिश रखते हैं। अपने कार्यकाल में हर्षवर्धन ने अनाथालय की संपत्तियों को भी छिन्न-भिन्न करने के हथकंडे अपनाए थे। जिस समय छेड़खानी की घटना बताई जा रही है, उस समय सीसीटीवी कैमरा चलने के साथ कमरे में प्रबंधक भी मौजूद थे। सबसे ज्यादा जोर इस बात पर दिया कि उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

#### पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने बयान मुझे वाशरूम की जगह नोचा

आठ साल की पीड़ित बच्ची ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराए बयान में बताया कि वह छोटे गुरुकुल के बच्चों के साथ खेल रही थी। वह स्कर्ट टॉप पहने हुई थी। इसी दौरान प्रधान ओमकार आर्य ने उसे बुलाकर पूछा कि उसकी ड्रेस कहां है। उसने बताया कि उसकी ड्रेस गंदी पड़ी हुई है। इस पर प्रधान ने उसे कई बार नोचा। उसे वाशरूम वाली जगह पर भी नोचा।

#### वार्डन ने दर्ज कराई थी एफआईआर

अनाथालय की तत्कालीन वार्डन रोली दुबे ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने कहा था कि कक्षा दो में पढ़ने वाली आठ साल की बच्ची से प्रधान ओमकार आर्य ने अश्लीलता और छेड़खानी की। उसने यह बात अनाथालय में ही रहने वाली अपनी बहन और उसकी बहन ने उन्हें बताई थी।

#### पुलिस ने मिलाए बचाव पक्ष के सुर में सुर

अदालत में पुलिस की ओर से दाखिल रिपोर्ट में भी हवाला दिया गया कि ओमकार आर्य का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। हर्षवर्धन समेत कई लोगों से उसके विवाद भी होने की पुष्टि की। कहा गया कि घटना को किसी स्वतंत्र गवाह ने होते हुए नहीं देखा है, इसलिए घटना संदिग्ध है। विवेचना जारी है।

#### छेड़खानी की शिकार आठ साल की बच्ची ने खुद लिखकर दी अर्जी, फिर भी नहीं पिघली पुलिस


31 जुलाई को हुई थी छेड़खानी, 13 अगस्त को कोतवाली और 18 अगस्त को पहुंची थी बिहारीपुर पुलिस चौकी

15 अक्टूबर 2023 : तत्कालीन सीओ का बयान।

#### एक नहीं सुनी प्रबंध कमेटी ने

अनाथालय को बंद करने में ही नहीं, बच्ची से छेड़खानी के आरोप के बाद भी प्रबंध समिति ने ओमकार का भरपूर समर्थन किया। 31 जुलाई को हुई इस घटना की वार्डन ने कई लिखित शिकायतें कीं लेकिन प्रबंध समिति ने एक नहीं सुनी।

#### अभियोजन पक्ष

विशेष लोक अभियोजक की ओर से जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा गया कि आठ साल की बच्ची से छेड़खानी का अभियुक्त का अपराध अत्यंत गंभीर प्रकृति का है। उन्होंने अदालत से अभियुक्त की जमानत अर्जी को निरस्त करने का आग्रह किया।

#### अदालत का आदेश

पुलिस की रिपोर्ट, सीडी और केस डायरी के निरीक्षण के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने अभियुक्त ओमकार आर्य को 50-50 हजार के दो मुचलकों पर सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया।

### डीएम ने एडीएम सिटी को दिया जांच करने का आदेश

बरेली, अमृत विचारः आर्य समाज अनाथालय में रह रही संवासनियों को जबरन बाहर निकालकर उसे उसकी नियमावली के विरुद्ध बंद किए जाने जाने के मामले में डीएम रविंद्र कुमार ने एडीएम सिटी को जांच का आदेश दिया है। डीएम ने बताया कि एडीएम सिटी को जल्द ही जांच पूरी कर रिपोर्ट देने को कहा है। उनकी जांच में जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे, उनके आधार पर ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

## 20 दिन में भी रिपोर्ट नहीं सौंप सकी कमेटी

- अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में अव्यवस्थाओं की हुई थी शिकायत

बरेली, अमृत विचारः राजकीय संकेत विद्यालय परिसर में अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की छात्राओं के आरोपों की जांच 20 दिन पहले हो गई लेकिन कमेटी ने रिपोर्ट अब तक नहीं दी है। एडीएम प्रशासन ने एसडीएम सदर को जल्द रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

करीब तीन सप्ताह पूर्व छात्राओं ने एडीएम प्रशासन से छात्रावास में अव्यवस्थाएं होने की शिकायत की थी। अधीक्षक पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। 27 छात्राओं का आरोप था कि सीमित मात्रा में पानी मंगाया जाता है और पानी मांगने पर बाहर जाकर पीने के लिए कहा जाता है। गाली-गलौज का भी आरोप लगाया था। मामले में एडीएम प्रशासन ने जांच कमेटी गठित कर दी थी, जिसमें एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव को अध्यक्ष और जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा को सदस्य बनाया था। पिछले दिनों कमेटी ने छात्रावास पहुंचकर 25 छात्राओं के बयान दर्ज किए थे। कार्यवाही को हुए 20 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अब तक कमेटी ने जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी है। एडीएम प्रशासन दिनेश ने बताया कि एसडीएम सदर से जांच रिपोर्ट मांगी गई है। जल्द ही रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis • Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
www.excellentias.org
EXCELLENT IAS ACADEMY
IAS/PCS NCERT
ए.सी. डिजीटल क्लास रूम
अनुष्का डी.एस.पी., पी.सी.एस. 2022
प्रातः 10 बजे से
उपदेश कुमार डिप्टी जेलर, पी.सी.एस. 2023
निःशुल्क वर्कशाप के साथ नया बैच : 24 जून, सोमवार
7983948124, 9935264849
रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली




### गांधी जी के नाम कभी स्वच्छता अभियान, कभी सामने ही कचरे के ढेर

इसे कहते हैं वक्त के मुताबिक रंग बदल लेना। गांधी जी के नाम पर कभी स्वच्छता अभियान चलाए जाते हैं और जब सियासत का ये मौसम गुजर जाता है तो उन्हीं की प्रतिमा के सामने लगे कचरे के ढेर साफ कराने की भी कोई सुध नहीं लेता। मंगलवार को गांधी उद्यान के सामने कचरे का ढेर गांधी जी के दर्शन का उपहास उड़ाता रहा। ● मोहित कुमार सिंह

# ब्लॉक : कल से 22 ट्रेनों की रफ्तार पर लगेगा ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली-मुरादाबाद रेल खंड के दुगनपुर रेलवे स्टेशन पर 26 तक मेगा ब्लॉक
- अवध असम, गरीबरथ, जननायक एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

अमृत विचार : रेल यात्रियों को अगले एक सप्ताह तक सफर करना आसान नहीं होगा। मुरादाबाद-बरेली रेल खंड के बीच दुगनपुर स्टेशन यार्ड में मरम्मत की वजह से 19 से 26 जून तक मेगा ब्लॉक की वजह से 24 ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग जाएगा। ब्लॉक की वजह से नौ ट्रेनों को रेग्युलेट और नौ ट्रेनों को रीशेड्यूल किया गया है। इसके अलावा चार ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार 20504 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 22 जून को, 20506 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी 23 जून को, 15211 दरभंगा अमृतसर 20 से 22 जून को, 12204 अमृतर-सहरसा गरीब रथ 22 व 23 जून को, 14603 अमृतसर जनसाधारण 21 जून को अपने-अपने निर्धारित स्टेशन से 75-75 मिनट की देरी से चलाई जाएंगी। वहीं 04067 दरभंगा दिल्ली स्पेशल 19 व 23 जून को 90 मिनट, 04096 आनंद विहार अयोध्या स्पेशल 20 जून को 180 मिनट व 24 जून को 120 मिनट, 04680 गुवाहटी स्पेशल ट्रेन 21 जून को 240 मिनट देरी से चलेंगी। इसके अलावा 20506 डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 20 जून को, 20504 डिब्रूगढ़ राजधानी 24 जून को, 15211 अमृतसर जननायक एक्सप्रेस 19 व 23 जून को मार्ग में 30-30 मिनट रेग्युलेट की जाएंगी, जबकि 12326 गुरमुखी सुपरफास्ट 22 जून को, 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 22 व 23 जून को 45-45 मिनट नियंत्रित की जाएंगी। 05531 आनंद विहार स्पेशल 23 जून को 60 मिनट, 04624 वाराणसी स्पेशल 23 जून को 120 मिनट, 04028 सहरसा स्पेशल 24 जून को 120 मिनट और 05310 मऊ स्पेशल 24 जून को 120 मिनट मार्ग में नियंत्रित की जाएगी।

### डायवर्ट चार ट्रेनें जंक्शन पर रहेंगी निरस्त

रेल प्रशासन की तरफ से चार ट्रेनों को डायवर्ट भी किया गया है। जिनका मार्ग बदलने के कारण इन ट्रेनों का संचालन बरेली जंक्शन पर निरस्त रहेगा। अधिकारियों के मुताबिक 12204 अमृतसर-सहरसा 22 जून को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट के रास्ते चलेगी। 15909 अवध असम एक्सप्रेस 18 व 22 जून को बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद रे रास्ते चलेगी। 12369 कुंभ एक्सप्रेस 19 व 23 जून को बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद के रास्ते से होकर गुजरेगी। 15910 अवध असम एक्सप्रेस 19 व 23 जून को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट के रास्ते चलेगी। इन ट्रेनों का ठहराव बरेली जंक्शन और रामपुर में नहीं होगा।

## जल्द ही खाटू के लिए बस सेवा शुरू करेगा परिवहन निगम

बरेली,अमृत विचार : रोडवेज ने बरेली से खाटू श्याम तक सीधी बस सेवा चलाने का निर्णय लिया है। फिलहाल रेलवे सप्ताह में तीन दिन ट्रेन चला रहा है लेकिन यह सुविधा 28 जून तक ही रहेगी।

बरेली से खाटू जाने के लिए कोई सीधी बस सेवा नहीं है। यहां से खाटू जाने के लिए श्रद्धालु जाजयपुर तक ट्रेन से जाते हैं और वहां से जीप और टैक्सी की सेवा लेते हैं। नगर में श्याम परिवार संगठन के मुखिया नरेन्द्र मित्तल के मुताबिक इज्जतनगर से सप्ताह में तीन दिन ट्रेन चलती है जो रिंगस स्टेशन तक जाती है। वहां से 17 किमी की यात्रा जीप से करनी होती है।

बरेली डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने बताया कि खाटू तक बस चलाने के लिए अनुमति मांगी गई है। इसके अलावा बरेली से मथुरा तक एक बस ही है। वह सुबह रोडवेज बस अड्डे से 4.30 बजे जाती है और 10.30 बजे मथुरा पहुंचती है। यात्रियों की मांग है कि मथुरा तक और भी बसें चलाई जाएं। इसके लिए समय सारिणी बनाई जा रही है। नए रूट पर बस चलने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

## सेटेलाइट से चल रहीं अनाधिकृत बसें

बरेली, अमृत विचारः सेटेलाइट से शाम पांच बजे खाटू के लिए स्लीपर एसी बस संचालित हो रही है। यह बस अनुबंधित नहीं है। इसी तरह शहामतगंज पुल के पास से जयपुर के लिए स्लीपर एसी बस के लिए यात्रियों की बुकिंग होती है। यह बस भी सेटेलाइट से चल रही है। बसों का अवैध संचालन रोकने को आरएम ने आरटीओ को पत्र भी भेजा है, लेकिन अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## रेल हादसे का असर : राजधानी और लोहित एक्सप्रेस देरी से पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः पश्चिम बंगाल में रेल हादसे का असर दूसरे दिन भी दिखा। बरेली जंक्शन पर मंगलवार को राजधानी, उदयपुर सिटी और लोहित एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। वहीं मंगलवार को आरपीएफ ने राज्यरानी एक्सप्रेस के महिला कोच में यात्रा कर रहे दो युवकों को नीचे उतारा।

हादसे की वजह से 20503 डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस को डायवर्ट किया गया था। मंगलवार की सुबह आने वाली यह ट्रेन दोपहर को बरेली जंक्शन पहुंची। राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से करीब 3 घंटा 43 मिनट लेट हो गई। इसके अलावा 19602 न्यू जलपाईगुड़ी उदयपुर सिटी एक्सप्रेस को भी डायवर्ट किया गया था। मंगलवार को यह ट्रेन लगभग 5 घंटा 33 मिनट लेट हो गई। वहीं 15651 लोहित एक्सप्रेस भी डायवर्ट होने के कारण करीब 10 घंटा लेट चल रही थी। इस ट्रेन के बुधवार सुबह बरेली जंक्शन पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा अन्य कारणों से भी कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं।


ट्रेन लेट होने से परेशान होते यात्री।

## ट्रैफिक पुलिस ने 48 वाहनों से हूटर उतरवाए

बरेली, अमृत विचारः शासन के आदेश पर मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने हूटर, सायरन, काली फिल्म, जातिसूचक टिप्पणी, धार्मिक चिह्न लगे वाहनों की चेकिंग की। अभियान में 113 वाहनों के चालान किए गए, जिसमें 48 वाहनों से हूटर भी उतरवाए गए। इसके अलावा काली फिल्म और लाल नीली बत्ती भी उतरवाकर चालान किए गए। वाहनों पर धार्मिक, जाति व निजी वाहनों पर विभागों के नाम लिखे करीब 65 वाहनों के चालान किए गए। एसपी ट्रैफिक शिवराज ने बताया कि 11 जून से अब तक अभियान के तहत 168 वाहनों के चालान किए गए हैं। इसके अलावा बिना हेलमेट, तीन सवारी और ओवर स्पीड में 480 वाहनों के ऑनलाइन चालान किए गए गए हैं।

# हाउस टैक्स के बिलों में नहीं लगेगा पिछले साल का एरियर

## भाजपा और सपा के पार्षदों के विरोध जताने के बाद मेयर सहमत, टैक्स विभाग को नए बिल जारी करने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- जीआईएस सर्वे के आधार पर अब नगर निगम वर्ष 2024-25 के ही टैक्स के जारी करेगा बिल
- टैक्स विभाग की ओर से जारी बिलों में थी विसंगतियां, पिछले साल से लागू किया था टैक्स

अमृत विचार : जीआईएस सर्वे के बाद जारी किए गए हाउस टैक्स के बिलों में भारी विसंगतियों के साथ पिछले साल का एरियर भी जोड़ दिए जाने की समस्या से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को उपसभापति समेत भाजपा और सपा के पार्षदों के विरोध जताने के बाद मेयर उमेश गौतम ने पिछले साल का एरियर हटाकर संशोधित बिल जारी करने का निर्देश टैक्स विभाग को दिया है। उन्होंने साफ किया गया कि अब वर्ष 2024- 25 से नया टैक्स लागू किया जाएगा।

उपसभापति सर्वेश रस्तोगी और पार्षद मुकेश सिंघल ने मंगलवार को मेयर को पत्र सौंपकर जीआईएस सर्वे के जरिए प्रस्तावित हाउस टैक्स को बोर्ड की बैठक की प्रत्याशा में 2024- 25 से लागू करने की मांग की। इसमें बताया गया कि जीआईएस सर्वे के तहत पिछले वित्तीय वर्ष 2023- 24 से हाउस टैक्स लागू किया जाना था, जो सर्वे कंपनी की देरी के कारण जून 2024 में लागू किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 के बिल पहले ही भेजे जा चुके हैं और लोग उसकी अदायगी भी कर चुके हैं। इसलिए पिछले वित्तीय वर्ष से टैक्स लागू करना ठीक नहीं है।

सपा पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में भी कई लोगों ने मेयर को ज्ञापन दिया और टैक्स विभाग पर शोषण का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि नियमों की अनदेखी कर संपत्तियों का मूल्यांकन कर टैक्स बढ़ा दिया गया है। नए साफ्टवेयर से जारी बिल में कई गलतियां हैं। लोगों ने छूट का प्रस्ताव पारित होने पर 2023- 24 का टैक्स जमा कर दिया है , अब इसे बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि टैक्स विभाग बोर्ड की भावनाओं के विपरीत काम कर रहा है। धारा 207 में उल्लेख है कि दो वर्ष बाद कर निर्धारण होना चाहिए। वार्षिक मूल्यांकन बदलना गलत है। आवासीय भवनों के टैक्स में छूट न देने के साथ आंशिक व्यावसायिक भवनों पर कामर्शियल टैक्स लगा दिया गया है। उनके साथ अधिवक्ता सुरेश कुमार आशु, शिवनाथ चौबे, मनजीत, अरविंद अग्रवाल, अरुण शर्मा मौजूद थे।

मेयर ने बताया कि पार्षदों की मांग को मान लिया गया है। अब टैक्स 2024- 25 लगेगा। त्रुटिपूर्ण बिल वितरण रोक दिया गया है। साफ्टवेयर अपडेट होने तक बिल नहीं दिया जाएगा।

### मनमाने तरीके से बढ़ाया टैक्स, गलतियों की भरमार

अखिल भारतीय भ्रष्टाचार उन्मूलन संगठन व्यापारिक प्रकोष्ठ की मंगलवार को हुई बैठक में जिलाध्यक्ष सुमन जैन ने कहा कि टैक्स बिलों में भारी विसंगतियों से लोगों को परेशानी हो रही है। सौरभ जैन ने कहा कि जो लोग बिल जमा कर चुके हैं उनसे चालू वर्ष का ही टैक्स लेना चाहिए और उन्हें छूट भी देनी चाहिए। बैठक में मोहन भट्ट, मनोज कुमार, अभिषेक गोस्वामी ने भी बिलों में विसंगति दूर करने की मांग की।

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE Learn · Assimilate · Transcend BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm. BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Bareilly office: D-46, 2nd Floor, Butlar Plaza Ph.: 9012313333
Aonla : Pragati Nagar Gate, Shahbad Road. Ph.: 9105050471
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040 | www.futureinstitutions.org

SANDEEP COMPUTER INSTITUTE
Best Education for Best Future
OUR COURSES
• 'O' LEVEL • ADCA • DTP • INTERNET • MS OFFICE • Hindi & English Typing • CCC, DTC, BCC • PROGRAMMING • DCA • Tally Prime • Tally with GST • Front & Web Design • CSS • PGDCA, HTML • Digital Marketing
ADMISSION OPEN
BUMPER OFFER ONLY 25 JUNE VALID OFFER
A ग्रेड से CCC पास करने वाले छात्र-छात्राओं को फ्री टैबलेट
A ग्रेड से O Level पास करने वाले छात्र-छात्राओं को फ्री लैपटॉप
25 जून तक प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बम्पर ऑफर
कहीं मौका चला न जाए शुरुआत के 50 स्टूडेंट के लिए
Now ! Hurry up
DIRECTOR- KASHISH KUSHWAHA
ENROLL NOW 2024-25 CONTACT US:- 6388537773
130, SHIV GARDEN COLONY NEAR WATER TANK DOHRA ROAD, BAREILLY




# प्रचंड गर्मी में बिजली सप्लाई का सिस्टम फेल, शहर के कई इलाकों में भारी बिजली संकट, लोग बेहाल

## ताबड़तोड़ फाल्ट के साथ कई जगह बंच केबल जलने से कई-कई घंटे गुल रही बिजली, अफसरों ने बंद किए फोन

कार्यालय संवाददाता बरेली

- हरुनगला में ट्रांसफार्मर की केबल जली, ओवरलोड हुआ किला का फीडर नंबर पांच
- सिविल लाइंस में भी लोकल फाल्ट से हुई बिजली गुल, दिन भर लोग होते रहे परेशान

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली संकट भी मुसीबत बन गया है। शहर में मंगलवार को दिन में बार-बार बिजली गुल होने से लोग परेशान हो गए। सोमवार की रात से मंगलवार की शाम तक हरुनगला, सिविल लाइंस और किला के पांच नंबर फीडर समेत सुभाष नगर में लोकल फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन किए लेकिन रिसीव नहीं हुए।

मुख्यमंत्री के सख्त आदेश के बावजूद भी बेहतर बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। सोमवार को सर्किट हाउस के पास बंच केबल जलने से दो घंटे बिजली गुल रही। इसके अलावा बटलर प्लाजा में लोकल फाल्ट से बिजली आपूर्ति बाधित रही। किला उपकेंद्र के पांच नंबर फीडर पर मंगलवार को पूरे दिन दिक्कत रही। एसडीओ भगवान दास ने बताया कि पांच नंबर फीडर ओवरलोड होने से ट्रिप हो रहा था, जिससे जखीरा, इंग्लिशगंज, जामा मस्जिद, कंघी टोला, रेती मोहल्ला में करीब पांच हजार की आबादी को दिक्कत हुई।

हरुनगला उपकेंद्र के अग्रसेन नगर में बंच केबल जलने से बिजली गुल हो गई। करीब दो घंटे की मरम्मत के बाद सप्लाई शुरू हो सकी। इसके अलावा गोल्डन ग्रीन पार्क में ट्रांसफार्मर पर लगी एमसीबी जलने के कारण कुछ एरिया की सप्लाई दो घंटे बाधित रही। इसके अलावा सुभाष नगर, मढ़ीनाथ, कुतुबखाना और सीबीगंज में भी लोकल फाल्ट से परेशानी हुई। नदोसी और सराय तल्फी के उपकेंद्र पर भी तीन से चार घंटे की बिजली कटौती की गई।

**बंच केबल जलने से सुरेश शर्मा नगर में बिजली गुल:** पांच दिन से सुरेश शर्मा नगर में लो वोल्टेज और लगातार ट्रिपिंग से लोग परेशान हो रहे हैं। विभाग भी लोगों को सही जानकारी नहीं दे रहा है। सोमवार की रात सुरेश शर्मा नगर में 11 बजे बंच केबल में आग लगने से 2 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

### भंडारा खा रहे अफसरों ने नहीं उठाए फोन

मंगलवार को शहर में कई जगह फाल्ट होने पर लोगों ने बिजली उपकेंद्रों, संबंधित क्षेत्र के अवर अभियंता, एसडीओ और अधिशासी अभियंता को फोन किए लेकिन बिजली विभाग के रामपुर बाग स्थित कार्यालय परिसर में अधिकतर इलाकों के बिजली अधिकारी भंडारे में शामिल हुए थे जिसकी वजह से समस्या दूर नहीं की गई।

### बंच केबल टूटकर गिरी बाइक में लगी आग

सुभाषनगर बिजली उपकेंद्र के बदायूं रोड पर स्टेट बैंक के बाहर बंच केबल टूट कर गिर गया। यह तार नीचे खड़ी बाइक पर जा गिरी, जिसके बाद बाइक में आग लग गई और वह जलकर राख हो गई। आसपास के लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि बाइक पर कोई नहीं था। वहीं शाम 4 बजे एक फेस गायब होने से दिक्कत हुई।



सुभाषनगर उपकेंद्र पर हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर बाहर करती पुलिस। ● अमृत विचार



सुभाषनगर उपकेंद्र के अंदर घुसकर लोगों ने किया हंगामा। ● अमृत विचार

> लोड बढ़ने और लोकल फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। सूचना मिलने पर कर्मचारियों को मौके पर बेचकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई थी। – **गौरव शुक्ला**, अधिशासी अभियंता, चतुर्थ

### सुभाषनगर उपकेंद्र आधी रात को घेरा, बदायूं रोड पर जाम लगाया

सुभाषनगर क्षेत्र की तिलक कॉलोनी, तपेश्वरनाथ मंदिर, रामलीला मैदान, सुभाष नगर बाजार में लगातार बिजली कटौती से नाराज लोगों ने मंगलवार रात उपकेंद्र का घेराव कर लिया। लोगों ने बदायूं रोड पर जाम लगाने की कोशिश की। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर शांत किया। पुलिस ने एसडीओ को बुलाकर बिजली फाल्ट की समस्याएं दूर करने को कहा। लोगों का कहना था कि 24 घंटे में सिर्फ तीन घंटे ही बिजली आई, जिससे लोग परेशान हो गए। सुबह से शाम तक बिजली न आने से पानी का भी संकट हो गया। लोगों का कहना था कि नेकपुर, मढ़ीनाथ, अनुपम नगर, सक्सेना वाली गली, शांति विहार में पूरे दिन लाइट का आना–जाना लगा रहा।

## एसएसपी ने सीओ बहेड़ी से जांच रिपोर्ट तलब की

**कार्यालय संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** शीशगढ़ थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार का एंटी करप्शन और पत्रकारों को गाली देने के वायरल ऑडियो के मामले में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने सीओ बहेड़ी अरुण कुमार से जांच रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट के बाद इंस्पेक्टर पर भी कार्रवाई हो सकती है। मुकदमे को खत्म करने के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दरोगा को थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार का बेहद खास बताए जाने के बाद शीशगढ़ इंस्पेक्टर बौखला गए। उनके सोमवार को दो ऑडियो वायरल हुए जिसमें वह एंटी करप्शन की टीम को धमका दे रहे थे। दोनों ऑडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने सीओ बहेड़ी को जांच दी थी। मामले में एसएसपी ने मंगलवार को सीओ बहेड़ी से जांच रिपोर्ट तलब की है।

> शीशगढ़ थाना प्रभारी के दो ऑडियो वायरल हुए थे। सीओ बहेड़ी से जांच रिपोर्ट तलब की गई है। जांच रिपोर्ट देखने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

# सोमवार की रात ने तोड़ा 29 साल का रिकार्ड, 138 साल में तीसरी सबसे गर्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- मौसम विभाग ने गुरुवार से बारिश का जताया पूर्वानुमान
- अधिकतम तापमान 44.2 और न्यूनतम 32.1 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

**अमृत विचार :** दिन के साथ रात में भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया। जिले में सोमवार की रात गर्मी का 29 साल पुराना रिकार्ड टूट गया। यह 1950 से 2024 के बीच 138 वर्ष के प्रेक्षण इतिहास में तीसरी सबसे गर्म रात रही। मंगलवार को भी न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.4 डिग्री ज्यादा 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से 6.8 डिग्री ज्यादा 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज हवाओं ने और ज्यादा कहर बरपाया। मौसम विभाग ने बुधवार को बारिश का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग के मुताबिक जून में 17 जून 1995 को न्यूनतम सबसे अधिक 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके अलावा 1993 में 6 जून को 33.4 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा था जो अब तक सबसे अधिक रहा है। इसके अलावा 1969 में 12 जून को भी न्यूनतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि जून में अब तक 51.1 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अभी सिर्फ 1.1 मिलीमीटर बारिश ही हो सकी है। वर्तमान मौसमी परिदृश्य में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और पुरवा के साथ प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप उत्तरी तराई इलाकों में तड़ित झंझावात के साथ 19 जून से शुरू होने वाली हल्की से मध्यम बारिश से उत्तरी तराई इलाकों में लू से राहत मिलने की संभावना है।

### 1 जून से अब तक 12 दिन 29 डिग्री से अधिक रहा न्यूनतम तापमान

इस बार अधिकतम तापमान ही नहीं बल्कि न्यूनतम तापमान भी अधिक बना हुआ है। 1 से 18 जून तक 12 दिन न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वहीं पिछले नौ दिनों से तापमान 43 और 44 से अधिक बना हुआ है। मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी होने की वजह भी वार्म नाइट है। पिछले बरसों में चार या छह वार्म नाइट होती थीं, लेकिन इस बार यह तीन गुना हो गई हैं। 19 जून को भी वार्म नाइट हो सकती है।

# अब सुरक्षाकर्मी करेंगे निगरानी, गर्मी में खुले में तो नहीं पड़ा है कोई मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल में मंगलवार को भी मरीज को जमीन पड़ा देख नाराज हुईं एडीएसआईसी
- इमरजेंसी स्टाफ पर कार्रवाई की चेतावनी, एक दिन पहले धूप में हो गई थी मरीज की मौत

**अमृत विचार :** एक दिन पहले ही जिला अस्पताल में धूप में पड़े एक मरीज की मौत हो गई थी लेकिन इसके बावजूद स्टाफ ने कोई सबक नहीं लिया। मंगलवार को भी एक बुजुर्ग मरीज के जमीन पर पड़े होने की सूचना मिलने पर एडीएसआईसी खुद पहुंचीं तो जमीन पर पड़े मरीज का कुछ लोगों को वीडियो बनाते पाया। उन्होंने उसे तुरंत वार्ड में भिजवाया और इमरजेंसी स्टाफ को दोबारा किसी मरीज को ऐसी दशा में पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों को भी निगरानी रखने का निर्देश दिया कि कोई मरीज गर्मी में बाहर न रहे।

इस घटना के बाद इमरजेंसी वार्ड के स्टाफ ने सफाई दी कि दोपहर करीब 12 बजे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती एक बुजुर्ग मरीज को उसका तीमारदार व्हील चेयर से एक्स-रे यूनिट में ले जा रहा था। तीमारदारों ही ने एक्सरे कक्ष से पहले मरीज को उतारा था और अचानक कोई काम याद आने पर उन्हें वहीं जमीन पर पड़ा छोड़कर चला गया। इसी बीच सूचना मिलने पर एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा पहुंच गईं। जमीन पर पड़े मरीज का कुछ लोगों को वीडियो बनाते देख उन्होंने इमरजेंसी के स्टाफ को बुलाकर जमकर फटकार लगाई। दोबारा ऐसी लापरवाही पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी।




इसके बाद उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पताल के सुरक्षाकर्मी सुबह से रात तक अलग-अलग शिफ्टों में ड्यूटी के दौरान अस्पताल परिसर में गश्त करें। भीषण गर्मी में कोई भी मरीज वार्ड के बाहर बैठा या लेटा नजर आए तो उसे फौरन वार्ड में भेजा जाए।

# इमरजेंसी में दो बार बेहोश हुआ मरीज तो याद आया हीट स्ट्रोक वार्ड

## जिला अस्पताल में महीना भर पहले बने हीट स्ट्रोक वार्ड में भर्ती किया पहला मरीज, उसे भी बताया संदिग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी कहर ढा रही है लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग में आंकड़ों को नियंत्रित करने का खेल चल रहा है। मंगलवार को भी गर्मी की वजह से हालत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल लाए गए एक महिला और पुरुष को हीट स्ट्रोक के स्पष्ट लक्षण होने के बावजूद इमरजेंसी में भर्ती किया गया। पुरुष की हालत इतनी खराब थी कि इमरजेंसी में इलाज के बावजूद वह दो बार बेहोश हो गया। इसके बाद उसे हीट स्ट्रोक वार्ड में भेजा गया। उसकी हालत अब भी गंभीर बताई जा रही है। हालांकि रिकॉर्ड में उन्हें हीट स्ट्रोक का संदिग्ध मरीज ही दर्ज किया गया है।



अस्पताल में भर्ती तेजेंद्र। ● अमृत विचार

- गंभीर हालत में पहुंची महिला को इमरजेंसी वार्ड में किया भर्ती

शहर के श्मशान घाटों का रिकॉर्ड देखें तो गर्मी से अब तक सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग का रिकॉर्ड बताता है कि जिले में अब तक ऐसा एक भी मरीज नहीं मिला है जिसे स्पष्ट लक्षण रूप से हीट स्ट्रोक हुआ हो। जिला अस्पताल के रिकॉर्ड में यह विरोधाभास भी है कि करीब 40 मरीजों में हीट स्ट्रोक के लक्षण तो बताए गए लेकिन न उन्हें हीट स्ट्रोक से पीड़ित माना गया, न ही हीट स्ट्रोक वार्ड में भर्ती किया गया। अस्पताल प्रबंधन की सफाई है कि इन सभी मरीजों को हीट एग्जॉर्शन हुआ था जो हीट स्ट्रोक की तरह गंभीर नहीं होता। मंगलवार को भी दो लोग बेहद गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन उन्हें हीट स्ट्रोक वार्ड में भर्ती नहीं किया गया।

इनमें से एक दोपहर करीब दो बजे पहुंचे फतेहगंज पश्चिमी के गांव नौगवां में रहने वाले 53 वर्षीय तेजेंद्र सिंह थे जो घर पर ही चक्कर आने के बाद गिर पड़े थे। इससे बाद उनके परिजन आनन-फानन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। तेजेंद्र सिंह को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया लेकिन यहां भी वह दो बार बेहोश हो गए। उनकी हालत नाजुक होती देख स्टाफ ने उन्हें हीट स्ट्रोक वार्ड में भर्ती किया। उनकी हालत अब भी गंभीर बताई जा रही है। तेजेंद्र सिंह इस सीजन में पहले मरीज हैं जिन्हें हीट स्ट्रोक वार्ड में भर्ती किया गया है।

इससे पहले नेकपुर में रहने वाली 45 वर्षीय प्रमिला को सुबह 11 बजे जिला अस्पताल लाया गया। परिवार वालों के मुताबिक प्रमिला को सुबह अचानक बेचैनी शुरू होने के साथ सांस लेने में गंभीर समस्या होने लगी। उनमें हीट स्ट्रोक के लक्षण पाए जाने के बाद उन्हें भी इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। इलाज के बाद उनकी हालत में कुछ सुधार बताया जा रहा है। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि दोनों मरीजों में हीट स्ट्रोक के लक्षण मिले हैं। हालत में सुधार होने के बाद शासन की गाइडलाइन के अनुसार दोनों का सीटी स्कैन कराया जाएगा ताकि हीट स्ट्रोक की पुष्टि हो सके।

### गर्मी..! मोर्चरी में ही निकल गया कर्मचारी का दम

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से तपती जिला अस्पताल की मोर्चरी में यहीं काम करने राजा नाम के युवक की सोमवार शाम अचानक मौत हो गई। स्टाफ के मुताबिक मौत से दो घंटे पहले तक राजा पूरी तरह स्वस्थ था। गर्मी को उसकी मौत का कारण बताया जा रहा है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। राजा को सोमवार शाम चार बजे शवगृह में ही मृत पाया गया। इससे स्टाफ में खलबली मच गई। स्टाफ के मुताबिक राजा पूरी तरह स्वस्थ था। दोपहर करीब दो बजे उसे अस्पताल परिसर में अच्छा–खासा घूमते देखा गया था। चार बजे स्टाफ ने उसे मोर्चरी में ही मृत अवस्था में पड़ा पाया। स्टाफ ने गर्मी से राजा की मौत होने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि मोर्चरी में सिर्फ दो पंखे लगे हुए हैं जो इस भीषण गर्मी में नाकाफी हैं। इसके साथ मोर्चरी में रखे फ्रीजरों की वजह से गर्मी और बढ़ जाती है। इसलिए ज्यादा संभावना गर्मी की वजह से ही उसकी मौत होने का है। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

- दो घंटे पहले तक अच्छा-खासा जिला अस्पताल में घूम रहा था राजा

### तेज धूप में रेड लाइट पर खड़े होना मुश्किल

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में चौराहों पर रेड सिग्नल पर खड़ा होना मुश्किल हो रहा है। इस दौरान जाम लगने से दिक्कत और बढ़ जाती है। शहर कई चौराहों पर देर से ग्रीन सिग्नल होते हैं। सबसे जयादा दिक्कत सेटेलाइट पर होती है, क्योंकि यहां चौराहों पर वाहन खड़े होकर सवारी भरते हैं, जिससे यदि ग्रीन सिग्नल भी हो जाता है लेकिन वाहन नहीं निकल पाते हैं।

# सीएमओ ने प्रभारी सीएमएस को दिया आदेश जल्द दूर हो पानी की समस्या

- तीन सौ बेड अस्पताल में पांच दिन से पीने के पानी की है समस्या

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में पानी का संकट जल्द दूर होगा। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा को बुधवार तक समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद मंगलवार से ही पाइप लाइन डालने का काम शुरू हो गया।

अस्पताल में पांच दिन से जल संकट है। जलस्तर गिरने से मोटर पानी का खिंचाव नहीं कर पा रही है। इसकी वजह से मरीजों के अलावा आवासीय परिसर में रहने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों को दिक्कत हो रही है। एक हैंडपंप के सहारे काम चलाया जा रहा है। अमृत विचार ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने मामले का संज्ञान लिया और जल्द समस्या के समाधान का आदेश दिया। सीएमओ के आदेश के बाद प्रभारी सीएमएस ने मोटर की खराबी के साथ ही पाइप डालने के लिए कर्मचारी बुलाए। कर्मचारियों ने समस्या का आंकलन कर लिया है जल्द ही पाइप डालने का काम पूरा कर सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

# कोई बताए तो सही, कैसे शुरू होगी पेंशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित परिवार ने समाज कल्याण विभाग के कर्मियों पर लगाया धमकाने का आरोप
- पीड़ित ने जिलाधिकारी से शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की

**अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण विभाग के अधीन चल रहे राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास से एक साल पहले रिटायर हुए चौकीदार हरपाल सिंह एक साल से पेंशन और पीएफ के पैसे के लिए परेशान हैं। उनका परिवार अधिकारियों के चक्कर लगा-लगा कर परेशान हो चुका है। आरोप है कि उनकी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अब पीड़ित ने डीएम से शिकायत की है।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरपाल सिंह पिछले वर्ष जुलाई में रिटायर हुए थे। उनकी पत्नी के अनुसार इस समय वह कहीं अकेले आ-जा भी नहीं सकते।

आरोप है कि जब वह अपनी समस्या लेकर समाज कल्याण अधिकारी के पास गईं तो उनके साथ अनुचित व्यवहार किया गया। सीडीओ से कंप्लेंट की तो कुछ पैसा आया फिर फंड की प्रक्रिया रोक दी गई। जब दोबारा सीडीओ से शिकायत की तो विभाग द्वारा दस्तावेज पूरे न होने की बातें बताई जाने लगीं। आरोप है कि विभागीय कर्मियों द्वारा दोबारा शिकायत न करने को लेकर धमकाया गया।

हरपाल की पुत्री अंजलि ने बताया कि वह दो बार डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र सौंप चुकी हैं। इसको लेकर समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा से उनका पक्ष जानना चाहा तो उनका फोन ही रिसीव नहीं हुआ।

# अब स्टेट और नेशनल हाईवे पर बढ़ाई जाएंगी पर्यटन सुविधाएं

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं को स्टेट और नेशनल हाईवे पर बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद विभाग इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में जुट गया है। इसके लिए हाईवे के किनारे निशुल्क सरकारी जमीन की तलाश करने के साथ ही उसके न मिलने की स्थिति में विभाग अधिग्रहण भी कर सकता है। एक से पांच एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है।

दरअसल, प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्राचीन मंदिरों के आसपास पर्यटकों से जुड़ी सुविधाओं को और बढ़ाने के लिए भारी भरकम बजट भी दिया गया है। अब इसी कड़ी में जिले में आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं हाईवे के किनारे पर ही मुहैया कराने के लिए स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे के पास ढाबा, पार्किंग के साथ ही पर्यटन से जुड़ी अन्य सुविधाएं विकसित करने की योजना बनाई गई है। पर्यटन महानिदेशक मुकेश कुमार मेश्राम का पत्र पर्यटन विभाग के पास आ गया है। इसके लिए पर्यटन विभाग को एक से लेकर पांच एकड़ उपयुक्त जमीन की तलाश करने के लिए कहा गया है, जिसमें प्राथमिकता पर निशुल्क सरकारी भूमि पर जोर दिया गया है। अगर इसके बाद भी सरकारी जमीन की व्यवस्था नहीं हो पाती है तो फिर हाईवे किनारे जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

### तीन सप्ताह में मांगा है प्रस्ताव

पर्यटन विभाग के महानिदेशक ने जारी किए गए पत्र में साफ कहा है कि अगर निशुल्क जमीन नहीं मिलती है तो विभाग जमीन को खरीदेगा। ऐसे में पर्यटन विभाग अधिग्रहण आदि का प्रस्ताव बनाकर जल्द से जल्द मुख्यालय भेजे, जिससे इस पर समय से कार्य शुरू कराया जा सके। महानिदेशक ने तीन सप्ताह के अंदर प्रस्ताव मांगा है।

- एक से पांच एकड़ जमीन की तलाश में जुटा विभाग

> जिले में पड़ने वाले स्टेट और नेशनल हाईवे से तमाम पर्यटक गुजरते हैं। हाईवे के किनारे पर्यटन की सुविधाओं को बढ़ाने के पीछे मंशा है कि पर्यटकों को आसानी रहे। पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लघु एवं मध्यम वर्ग के निवेशकों को जोड़ने के लिए ढाबे विकसित करने के संबंध में कार्य किया जाएगा। आज ही पत्र प्राप्त हुआ है। जमीन के लिए सभी एसडीएम को पत्र लिखेंगे। –**ब्रजपाल सिंह**, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी

# सीओ लाइन के खिलाफ शिकायत करने वाला हेड कांस्टेबल ही निलंबित

## हेड कॉन्स्टेबल ने सीओ पर आवास में एसी लगवाने के बाद एडजस्ट करने का लगाया है आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जांच प्रभावित करने की कोशिश, लापरवाही और अनुशासनहीनता का आरोप

**अमृत विचार :** सीओ लाइन प्रियतोष त्रिपाठी के अपने आवास में फ्री का एसी लगवाने के मामले की शिकायत करने वाले हेड कॉन्स्टेबल धर्मेन्द्र कुमार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने निलंबित कर दिया और विभागीय जांच के आदेश दिए।

पुलिस लाइन में जीपी स्टोर के इंचार्ज रहे हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार ने आरोप लगाया था कि आरआई हरमीत के कहने पर सीओ सीओ लाइन प्रियतोष त्रिपाठी के सरकारी आवास पर एसी लगवाया था और जब एसी के अनुमति पत्र पर आरआई से हस्ताक्षर कराने के बाद सीओ के पास गए थे तो उन्होंने हस्ताक्षर न करते हुए इसे एडजेस्ट करने को कहा। साथ ही अनुमति पत्र पर लिखा हुआ पेन से काट दिया था। इसके अलावा भी कई आरोप हेड कॉन्स्टेबल ने लगाए थे। इस मामले की जांच एसएसपी ने एसपी देहात दक्षिणी को सौंपी थी। एसी दक्षिणी ने मामले में सीओ समेत नौ लोगों के बयान दर्ज करने के लिए नोटिस जारी किया था। उधर मंगलवार को एसएसपी ने हेड कॉन्स्टेबल धर्मेन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया। आरोप है कि कथित गम्भीर आरोपों के संबंध में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जांच कर रहे हैं। जांच में दिए गए बयानों को घोर अनुशासनहीनता दिखाते हुए सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। साथ ही कई समाचार पत्रों में कथित बयान देकर पुलिस विभाग की छवि को धूमिल किया। ऐसा करके हेड कॉन्स्टेबल ने जांच प्रभावित करने की कोशिश करने के साथ घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता की है। इसकी वजह से उसे निलंबित किया गया।

### रिश्वत मांगने का आरोप लगाने वाले भट्ठा मालिक के बयान दर्ज, सीओ मीरगंज की बढ़ेगी मुश्किलें

**बरेली, अमृत विचार :** मीरगंज क्षेत्राधिकारी दीपशिखा अहिवरन पर दो लाख रुपये मांगने और जबरन ट्रैक्टर ट्राली सीज करने का आरोप लगाने वाले भट्ठा मालिक रिफाकत अली ने एसपी दक्षिणी मानुष पारीक के पास अपने बयान दर्ज कराए। भट्ठा मालिक ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से की शिकायत को अपने बयान का आधार बनाया। अब एसपी सीओ के बयान दर्ज करेंगे और इसके बाद रिपोर्ट एसएसपी को सौंपेंगे। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव तिलमास निवासी रिफाकत अली ने एसएसपी से शिकायत की थी कि बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे जेसीबी से मिट्टी खोद कर कच्ची ईंटें बनाई जा रही थीं। आरोप है कि क्षेत्राधिकारी दीपशिखा अहिवरन वहां पहुंची और मजदूरों को धमकाने लगीं। आरोप है कि सीओ ने कागज देखने से मना कर दिया और थाने आने को कहा। इसके बाद ट्रैक्टर और मशीन थाने ले जाकर सीज कर दी। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने उनसे रुपयों की भी मांग की। एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि शिकायतकर्ता रिफाकत अली के मंगलवार को बयान दर्ज किए गए हैं, जल्द मामले में सीओ के बयान दर्ज किए जाएंगे।

# चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वेन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566



MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सीरियस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928


# स्मार्ट सिटी की लाइटें हैं... कहीं दिन में भी जलती हैं, कहीं रात को भी नहीं


## दिन भर में सैकड़ों यूनिट बिजली होती है बर्बाद, नगर निगम को परवाह नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : स्मार्ट सिटी में करोड़ों की लागत से लगाई गईं स्ट्रीट लाइटें कहीं दिन में भी जलती मिल जाएंगी तो कई रात को भी नहीं जलतीं। कहने को इन महंगी लाइटों के समय पर जलाने और बंद करने के लिए हर साल लाखों कीमत के उपकरण भी लगाए गए हैं, मगर वे भी काम नहीं कर रहे।

शहर के पॉश के इलाकों के साथ नगर निगम ने बाहरी हिस्से के वार्डों में भी लाइटें लगवा रखी हैं। इनमें स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जो महंगी फैंसी लाइटें लगाई गई हैं, उनमें टाइमर भी लगा हुआ है। ताकि शाम को वे खुद ब खुद जल जाएं और दिन निकलते ही बंद हो जाएं। ये टाइमर भी काफी महंगी कीमत पर खरीदे गए हैं लेकिन इसके बावजूद काम नहीं कर रहे हैं। सिविल लाइंस, रामपुर बाग, विकास भवन, पुराना बस स्टेशन, बिशप मंडल कॉलेज रोड और जंक्शन रोड समेत कई इलाकों में दिन में भी लाइटें जलती रहती हैं।

बताया जा रहा है कि फैंसी लाइटों के टाइमर का वायर खराब हो गया है जिसकी वजह से दिन में भी उनके जलने से सैकड़ों यूनिट बिजली रोज बर्बाद होती है लेकिन अफसरों को इसकी परवाह नहीं है। जिन वार्डों और पार्कों में ऑटोमैटिक सिस्टम नहीं है, वहां कर्मचारियों को लाइटें खोलने और बंद करने की जिम्मेदारी दी गई है लेकिन वे भी जिम्मेदारी से यह काम नहीं कर रहे हैं।


बियावानी कोठी से खुर्रम गौटिया रोड पर रात में बंद पड़ीं स्ट्रीट लाइटें। ● अमृत विचार

### शहर के बीच बंद पड़ी हैं कई लाइटें

सोमवार रात आठ बजे आवास विकास कॉलोनी के पार्क में हाईमास्ट लाइट बंद पड़ी थी। लोगों के मुताबिक इस लाइट से पार्क के साथ आसपास भी उजाला रहता था लेकिन काफी समय से बंद है। इसके अलावा पीलीभीत बाईपास, पुराना रोडवेज, सेटेलाइट से शहामतगंज के बीच आठ स्ट्रीट लाइटें बंद मिलीं। खुर्रम गौंटिया रोड पर भी ज्यादातर लाइटें बंद थीं। कुतुबखाना, कुदेशिया, किला और सेटेलाइट तिराहे के पुल पर भी कई लाइटें खराब हैं। लोगों ने बताया कि काफी समय से बंद होने के बाद भी इन्हें ठीक नहीं कराया गया है।

● स्मार्ट सिटी की महंगी फैंसी लाइटों पर लगे टाइमर भी नहीं कर रहे हैं काम


कमिश्नर आवास रोड पर दिन में जलतीं स्ट्रीट लाइटें। ● अमृत विचार

"स्ट्रीट लाइटों में टाइमर लगा हुआ है। वे समय से जलती और बंद होती हैं। अगर किसी जगह समस्या है तो उसे पथ प्रकाश विभाग की टीम को भेजकर ठीक करा दिया जाएगा।
– **एसके यादव**, अपर नगर आयुक्त


आवास विकास कॉलोनी के तुलसी पार्क में बंद पड़ी हाईमास्ट लाइट। ● अमृत विचार

# ज्ञापन : ट्रकों से अवैध वसूली रोके जिला प्रशासन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली ट्रक ओनर्स, ट्रांसपोटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को डीएम को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। मांग पत्र में कहा है कि कुछ दिनों से ओवरलोडेड गाड़ियों की चेकिंग के नाम पर वाहनस्वामियों से अवैध वसूली की जा रही है।

पदाधिकारियों ने इस तरह की गतिविधियों को रोकने और प्राइवेट व्यक्तियों की ओर से बिना एआरटीओ को लिए चेकिंग करने पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष शोभित सक्सेना, प्रदेश महामंत्री अमरजीत सिंह बक्शी, अनिल कुमार सक्सेना, हरीश, अमजद सलीम, अजय सिंह, तनवीर अहमद, दीपेश अग्रवाल, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।

# फरीदपुर में आशु लिपिक और पेशकार के पद खाली होने से परेशानी

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर एसडीएम के कार्यालय और कोर्ट में मौजूदा समय में आशु लिपिक और पेशकार के पद रिक्त चल रहे हैं। एसडीएम ने एडीएम प्रशासन को पत्र लिखकर लिपिकों की तैनाती कराने की गुजारिश की है।

एसडीएम निधि डोंडवाल की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में आशु लिपिक, पेशकार, राजस्व अहलमद, फौजदारी अहलमद के पद सृजित हैं। मौजूदा समय में आशु लिपिक और पेशकार के पद खाली हैं। कंचनलता फिलहाल कार्य कर रहीं है, लेकिन वह भी 30 जून को सेवानिवृत्त हो रही हैं।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें • दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन • हर्निया का ऑपरेशन • अपेंडिक्स का ऑपरेशन • पित्त की नली की पथरी • बवासीर, भगन्दर, फिशर • हाईड्रोसील • स्तन की गांठ का ऑपरेशन • पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) • पाइलोनाइडल साइनस • इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
DR NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448


# परचम कुशाई : उर्स-ए-गौहरी शुरू


परचम का जुलूस निकालते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● महफिले समां के दौरान कव्वालों ने पेश किए कलाम

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर रोड परसौना स्थित वक्फ दरगाह हजरत सैयद गौहर अली अलमारूफ भीटा शाह बाबा पर परचमकुशाई की रस्म के साथ सालाना उर्स-ए-गौहरी का आगाज हुआ।

कार्यक्रम की सरपरस्ती शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी ने की। परचम का जुलूस अजीम साबरी की कयादत में परंपरागत रास्तों से होता हुआ दरगाह पहुंचा।

जुलूस के दरगाह पहुंचने पर दरगाह सचिव एवं उर्स प्रभारी मोहम्मद रिजवान साबरी ने सभी का इस्तकबाल किया। शाम पांच बजे हजरत शाह मंसूर एजाज कुद्दूसी साबरी के कुल की रस्म अदा की गई। रात को महफिले समां का आयोजन हुआ।

मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम साबरी ने बताया कि 19 जून को सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी होगी और अपराह्न तीन बजे नातो मनकबत व तकरीर होगी। शाम चार बजे हजरत मस्तान शाह बाबा का कुल होगा। बाद में गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी और रात को महफिले समां होगी। इसमें मोबीन नियाजी और गुलाम वारिस वारसी सूफियाना कलाम पेश करेंगे।

इस मौके पर नदीम साबरी, तारिस साबरी, मोहम्मद जाफर, आकिब साबरी, नसरत साबरी, आसिफ खान साबरी, नूरैन बेग, मोहम्मद अरशद उर्फ छोटा, आमिर अली, जुल्फिकार उद्दीन साबरी, तस्लीम रजवी, फहीम साबरी आदि उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में शुरू हुई ट्रूनेट मशीन से जांच

**बरेली।** जिले में हेपेटाइटिस के मरीजों को अब जांच के लिए हायर सेंटर यानी दिल्ली-लखनऊ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। दरअसल, जिला अस्पताल में मंगलवार से हेपेटाइटिस के लक्षण वाले मरीजों की वायरल लोड की जांच आरंभ कर दी गई है। पहले दिन वायरल लोड की जांच के लिए हेपेटाइटिस बी और सी के लक्षण वाले तीन-तीन मरीजों के सैंपल लिए गए।

**ट्रायल में दुरुस्त मिली रिपोर्ट :** वायरल लोड जांच के लिए बीते माह ट्रूनेट मशीन आ गई थी। इससे पहले मरीजों के सैंपल जांच के लिए लखनऊ भेजे जा रहे थे। तीन दिन पूर्व एक मरीज का सैंपल लेकर लखनऊ भेजा गया था। उसके दूसरे सैंपल की जांच यहां की मशीन में की गई। लखनऊ और यहां के जिला अस्पताल की जांच रिपोर्ट का मिलान करने पर बिल्कुल ठीक पाई गईं। इसके बाद ही सैंपल जांच की व्यवस्था को सुचारू कर दिया गया।

# जमीन का पेच फंसने से लटका कान्हा गोशाला का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मीरगंज विधायक ने मुद्दा उठाया तो ईओ ने दिया जवाब, कोर्ट में है जमीन का विवाद

अमृत विचार : निराश्रित पशुओं को संरक्षित करने के लिए शीशगढ़ में कान्हा गोशाला बनाए जाने की प्रक्रिया अधर में ही लटक गई है। जमीन का पेच फंसने और मामला कोर्ट में जाने से इसका निर्माण शुरू नहीं हो सका। एक सप्ताह पहले मीरगंज विधायक ने बैठक में मुद्दा उठाया था। इसके बाद ईओ की ओर से यह साफ किया गया है।

दरअसल, पशु पालन विभाग गोशालाओं का निर्माण करा रहा है। गोवंश को संरक्षित करने के लिए नगर पालिका, नगर पंचायतें भी अपने क्षेत्र में कान्हा गोशाला का निर्माण करा रही हैं।

शीशगढ़ के बिसौली में नगर पंचायत की ओर से कान्हा गौशाला बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन इसके लिए जो जमीन चिह्नित की गई थी, उस पर पेच फंस गया है। मामला हाईकोर्ट में चला गया है। 12 जून को मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने विकास भवन में हुई बैठक में मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि गोशाला बनाने में देरी की जा रही है। जिलाधिकारी ने प्रकरण को संज्ञान में लेकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से इसका जवाब मांगा था।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मेघश्याम ने बताया कि ईओ को पत्र जारी कर गोशाला की स्थिति से अवगत कराते हुए तीन दिन में रिपोर्ट मांगी थी। इस पर उन्होंने अपने जवाब में बताया है कि गोशाला के लिए चिह्नित की गई जमीन का मामला कोर्ट में चला गया है। इस वजह से निर्माण रुक गया है। अब इस मामले से जिलाधिकारी को अवगत करा दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### कथा से पूर्व धूमधाम से निकाली भव्य कलश यात्रा



**बरेली, अमृत विचार :** पुराना शहर में मीरा की पैठ स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा नगर के दुर्गा मंदिर, सीताराम मंदिर, ब्रह्मदेव मंदिर, मठिया चौकी मौर्य मंदिर होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। वहां पूजन के बाद कलश स्थापना कर श्रीमद् भागवत का शुभारंभ किया गया। पहले दिन कथा व्यास आचार्य मुकेश मिश्रा ने भागवत के महात्म्य पर चर्चा की। इस अवसर पर राहुल गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, प्रभात मिश्रा, सौरभ, गौरव, विजय, गिरिजा, किशोर व अन्य उपस्थित रहे।

### तुलसी मठ में हुआ सुंदरकांड का पाठ

**बरेली, अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास की निर्जला एकादशी के अवसर पर तुलसी मठ में मंगलवार को सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। इस अवसर पर सामूहिक कीर्तन भी किया गया। महंत नीरज नयन दास ने बताया कि यह कीर्तन 24 घंटे निरंतर चलेगा। बुधवार को विधिवत इसका समापन किया जाएगा। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### प्रियंका के वायनाड से चुनाव लड़ने के फैसले का स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने प्रियंका गांधी के वायनाड से उपचुनाव लड़ने के फैसले का स्वागत किया है। कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी का यह फैसला तारीफ के काबिल है। आने वाले समय में कांग्रेस अब दोगनी ताकत से भारत की राजनीति में चमकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उपचुनाव के दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी बरेली से वायनाड पहुंचकर उपचुनाव में अपनी भूमिका अदा करेगी।

# यूपीएससी की परीक्षा की वजह से आगे बढ़ाईं प्रवेश परीक्षाएं

## अब 11 जुलाई को होगी एलएलबी, एलएलएम, एमएड की प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा और भर्ती परीक्षा 2024 की वजह से रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ा दी है। 7 जुलाई को होने वाली परीक्षाएं अब निर्धारित समय सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक 1 से 2:30 बजे तक होंगी।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक एलएलबी और एलएलएम की परीक्षा सुबह पहली पाली और एमएड की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। तीनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 4992 पंजीकरण हुए हैं। एलएलबी में सीटों के सापेक्ष पांच गुना से अधिक पंजीकरण हुए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण 18 मई से 17 जून तक हुए। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा सिर्फ बरेली कॉलेज की 320 और केजीके कॉलेज की 300 सीटों के लिए हो रही है। दोनों कॉलेजों की 620 सीटों पर



- एलएलबी में प्रवेश के लिए अब तक 3516 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीकरण

प्रवेश के लिए 17 जून तक 3516 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसी तरह एलएलएम की विश्वविद्यालय परिसर की 90, स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज शाहजहांपुर की 20, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ बिजनौर की 20 और हाकिम मेहताबुद्दीन हाशमी कॉलेज लॉ कॉलेज अमरोहा की 20 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। एलएलएम की 150 सीटों के लिए 759 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसके अलावा एमएड की विश्वविद्यालय परिसर की 50 और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की 50 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। इन सौ सीटों के लिए 717 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

### बरेली कॉलेज में बीएससी जीव विज्ञान में सबसे अधिक आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अब तक करीब सात हजार पंजीकरण हो गए हैं। इनमें सबसे अधिक जीव विज्ञान की 720 सीटों के लिए 1595 पंजीकरण हुए हैं। ऐसे में इसकी मेरिट काफी हाई जाएगी। वहीं बीए की 1840 सीटों के सापेक्ष 2784 पंजीकरण हुए हैं। बीएससी गणित और बीकॉम में सीटों से कम पंजीकरण हुए हैं, जिसमें बीकॉम की 1040 सीटों के सापेक्ष सिर्फ 795 और बीएससी गणित की 840 सीटों के सापेक्ष सिर्फ 568 पंजीकरण हुए हैं। आने वाले दिनों में सीटों की संख्या तक पंजीकरण होना मुश्किल लग रहा है। इसके अलावा बीबीए में 409, बीसीए में 468 और बीकॉम ऑनर्स में 244 पंजीकरण हुए हैं।



पहले दिन आगरा और गौतम बुद्ध नगर ने जीते मुकाबले। ● अमृत विचार

# बास्केटबॉल चैंपियनशिपः आगरा और गौतम बुद्धनगर की टीमें जीतीं

- फरीदपुर स्थित मानस स्थली विद्यालय में मंगलवार से हुई चैंपियनशिप की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचारः** फरीदपुर स्थित पूर्ण आवासीय विद्यालय मानस स्थली में मंगलवार को 22 वीं यूथ यूपी स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप शुरू हुई। प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार मिश्रा ''पप्पू भरतौल'', विशिष्ट अतिथि श्रीराममूर्ति ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, मानस स्थली ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्येंद्र गोयल व सचिव विकास सिंघल ने की। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में आगरा ने गोरखपुर हॉस्टल को 65-48 अंक के साथ हराया।

दूसरे मैच में गौतम बुद्ध नगर ने अलीगढ़ को 56-37 अंकों से हराया। पहले दिन तीन बास्केटबॉल कोर्ट पर 10 मैच खेले गए। प्रतियोगिता से पहले पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी राजेश अरोड़ा, बलवीर सिंह, रेनू भाटिया, अदनान अहमद, संजीव लाल, अजय श्रोतिया, नितिन सक्सेना, रफत जहां, उस्मान अहमद, सिद्धार्थ भारद्वाज एवं पूजा शर्मा को प्रतीक चिह्न देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बरेली बास्केटबॉल एसोसिएशन के शैलेंद्र सिंह, सोमेंद्र श्रोतीया, डेविड मैसन, संजय सिंह, मोहम्मद कमर, प्रशांत व सुरेश शर्मा रहे।



### जल संरक्षण के लिए तालाब ही सर्वोत्तम विकल्प

**बरेली, अमृत विचार :** सहसिया गांव में विकल्प संस्था की ओर से क्रांति सरोवर पर चल रहे श्रमदान की शुरुआत मंगलवार को सर्वधर्म प्रार्थना सभा व हनुमान चालीसा से हुई। संस्था के अध्यक्ष राज नारायण ने कहा कि वर्षा के जल को भूगर्भ में संचित करना ही इस दौर की सबसे बड़ी जरूरत है। इसके लिए पुरानी तालाब व्यवस्था ही सबसे उपयोगी है। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तिगत श्रमदान का संकल्प आज पूरा हो रहा है। यदि अन्य समाज सेवी संस्थाएं श्रमदान के लिए आना चाहेंगी तो संस्था बारिश प्रारंभ होने तक व्यवस्था बनाए रखेगी। इस अवसर पर डॉ. प्रवेश कुमारी उपाध्याय, करिश्मा, दिव्या, दीक्षा, पूर्णिमा गुप्ता, सुधीर गुप्ता, आकाश आदि उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में यूजीसी नेट की परीक्षा में अभ्यर्थी हुए बेहाल

बरेली, अमृत विचार

- 10 केंद्रों पर 6,262 अभ्यर्थियों ने दी यूजीसी नेट की परीक्षा
- कुछ केंद्रों पर अभ्यर्थियों से सामान जमा कराने के बहाने वसूले रुपये

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ( एनटीए ) की ओर से यूजीसी नेट परीक्षा मंगलवार को 10 केंद्रों पर हुई। भीषण गर्मी में केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी बेहाल हो गए। सबसे जयादा परेशानी दोपहर की पाली में अभ्यर्थियों को हुई। वहीं कई कुछ केंद्रों पर अभ्यर्थियों से सामान जमा करने के नाम पर रुपये भी वसूले गए, जिससे अभ्यर्थियों की परेशानी और बढ़ गई। परीक्षा में 82 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

पहली पाली में पंजीकृत 3,162 में से 2599 और दूसरी पाली में 4468 में से 3663 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के दौरान कई केंद्रों पर बायोमेट्रिक सिस्टम ठीक से काम नहीं करने की वजह से भी अभ्यर्थियों को परेशानी हुई। इसके वजह से परीक्षा कक्ष में भी अभ्यर्थी देर से पहुंचे।

सुबह की पाली में परीक्षा देकर बाहर आते छात्रों ने बताया कि ओवर ऑल पेपर ठीक रहा। तैयारी के अनुसार ही प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षा देकर बाहर निकली अभ्यर्थी रेहाना ने बताया कि पेपर ठीक रहा, हालांकि तैयारी के मुताबिक किसी तरह के पैटर्न में बदलाव नहीं हुआ लेकिन प्रश्नों को कठिन तरीके से पूछा गया था। अंजलि ने बताया कि लंबे समय से तैयारी चल रही थी, पेपर देकर उम्मीद है कि सफलता जरूर मिलेगी। दोपहर की पाली में अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में अभ्यर्थियों को भीषण गर्मी और तेज हवाओं से परेशानी हुई। इसके बाद परीक्षा केंद्रों पर भी तपते कमरों से परेशानी हुई। पंखों की गर्म हवा से प्रश्नपत्र हल करने में भी परेशानी हुई। कई अभ्यर्थियों का कहना था कि भीषण गर्मी में परीक्षा नहीं करानी चाहिए थी। एनटीए के सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई।

# कर्ज में डूबे परिवार की मजबूरी की दास्तां है नाटक कसक

**बरेली, अमृत विचार :** रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की ओर से आयोजित थिएटर फेस्ट में मंगलवार को गीता थिएटर जमशेदपुर झारखंड ने नाटक कसक का मंचन किया।

गीता कुमारी लिखित एवं प्रेम दीक्षित निर्देशित नाटक में आम परिवार की त्रासदी का मार्मिक प्रदर्शन किया गया। नाटक का कथानक मजबूरियों ओर गरीबी के मकड़जाल में उलझे कर्ज में डूबे बुधवा, सुगनी एवं उनके बच्चों की व्यथा को लेकर रचा गया।

परिवार की खुशी के लिए बुधवा द्वारा लिया गया कर्ज उन्हें इस मुकाम पर लाकर खड़ा कर देता है कि उनका परिवार सामाजिक रूप से बिल्कुल बिखर जाता है। कर्ज न चुका पाने की हालत में परिस्थितियों के जाल में फंसकर बुधवा की पत्नी सुगनी को अपनी इज्जत का सौदा करना पड़ जाता है। नाटक में सूरज, गीता, नवनीत कौर, अनंत सरदार, प्रेम दीक्षित और अभिरंजन कुमार ने मुख्य भूमिकाएं निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. नीरज अग्रवाल, गोविंद मोदी ने किया। संयोजन शैलेंद्र कुमार आजाद ने किया। कार्यक्रम में अजय गौतम, शुभी, राहुल, शालिनी गुप्ता, मोहित, सुशील आदि उपस्थित रहे।



रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की ओर से आयोजित मंचन।

# आदिनाथ चौराहे पर डमरू नृत्य के साथ किया योग



आदिनाथ चौराहे पर डमरू नृत्य करते रुविवि के छात्र। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने योग सप्ताह के तहत मंगलवार को आदिनाथ चौराहे पर डमरू योग नाम से कार्यक्रम किया। इसमें योग, नृत्य और नाथ नगरी का एक आकर्षक मिश्रण था।

योग सत्र में प्रतिभागियों को आसनों और प्रणायाम की एक श्रृंखला कराई गई, जिसमें शरीर, मन और डमरू की लयबद्ध तालों के बीच एक सामंजस्यपूर्ण समन्वय स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र के छात्रों ने एक शानदार डमरू नृत्य का प्रदर्शन किया।

इस मौके पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय, उप कुलसचिव सुनीता यादव, प्रो. एसके पांडेय, प्रो. जेएन मौर्य, तपन वर्मा, सुधांशु शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



### शिविर में योग और प्राणायाम का अभ्यास

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय योग संस्थान की ओर से गांधीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में योगाभ्यास कराए गए। डॉ. सुरेश चंद्र रस्तोगी ने योग साधना केंद्र के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधक उमेश चंद शर्मा, प्रधानाचार्य रवि शंकर, डॉ. सौदान सिंह शाक्य, डॉ. रामप्रवेश, सुखदेव गंगवार, संजय गुप्ता, जीडी सिंह, प्रकाश चंद्र गंगवार, ममता गंगवार आदि उपस्थित रहे।

### स्टेडियम में महिलाओं ने किया योगाभ्यास

**बरेली, अमृत विचार :** योग सप्ताह के तहत महिलाओं ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास किया। जिसमें ताड़ासन, प्राणायाम, वृक्षासन के अभ्यास के साथ लोगों को जागरूक भी किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह नायक ने बताया कि महिलाओं को शारीरिक और मानसिक समस्याओं से बचने के लिए जीवन में योग जरूर अपनाना चाहिए। इस दौरान डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. कुसुम बाला, योग प्रशिक्षक विभाकर, विजय, सुनित अन्य उपस्थित रहे।



# प्रकाश पर्व पर जनकपुरी गुरुद्वारे में सजा कीर्तन दरबार



गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सिंह सभा जनकपुरी में कीर्तन दरबार में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** सिखों के छठे गुरु हरगोबिंद साहिब का पावन प्रकाश पर्व 22 जून को भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में कई दिनों से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में मंगलवार को गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब सिंह सभा जनकपुरी में कीर्तन दरबार सजाया गया। सुबह के दीवान में ढाढी जत्था भाई गुरमीत सिंह रेहण वालों ने संगत को निहाल किया। शाम के दीवान में सोदर रहरास साहिब के पाठ के बाद हजूरी रागी जत्था भाई सतवंत सिंह एवं संगत कौर शिमला वालों ने भी कीर्तन किया। अंत में अमृतसर श्री दरबार साहिब से आए भाई कुलदीप सिंह ने कीर्तन किया। समापन उपरांत कीर्तन करते हुए श्री गुरु ग्रन्थ साहिब को उनके निजी स्थान पर पहुंचाया गया। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर भी बरता गया।



गुरुद्वारा में कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

# आरडी स्कीम में बढ़ रही लोगों की दिलचस्पी इस वर्ष में अब तक जमा किए 300 करोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंडल के दो प्रधान डाकघर और 67 उपडाकघरों में 1,33,564 लोगों ने खुलवाये खाते

**अमृत विचारः** जिले में बचत योजनाओं के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ रही है। इसका प्रमाण डाकघर की आरडी योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या से मिल रहा है। बरेली मंडल के डाकघरों में आरडी खाते खोलकर ग्राहकों की ओर से इस वित्तीय वर्ष में 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। यह राशि छोटी-छोटी राशियों में प्रतिमाह एक निश्चित तिथि पर जमा की जा रही है। भारतीय डाक विभाग के बरेली मंडल के अधिकारियों के अनुसार आरडी मासिक बचत योजनाओं में सर्वाधिक अच्छी योजना मानी जाती है। इसमें 500 से लेकर 20 हजार या उससे अधिक एक निश्चित राशि को डाकघर में निवेश किया जाता है। पांच साल बाद जमा धनराशि पर 5.6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से मैच्योर होने पर ग्राहक को रिटर्न मिलता है। मंडल में अब तक दो प्रधान डाकघर एवं 67 उपडाकघरों में 1,33,546 उपभोक्ताओं द्वारा आरडी खाते खुलवाए गए हैं। जनसंपर्क अधिकारी एसपी शर्मा ने बताया कि आरडी योजना में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। इसके साथ ही ग्राहकों में मासिक बचत की आदत डलवाने का डाकघर का उद्देश्य भी पूरा हो रहा है।

### महिलाओं की संख्या अधिक

आरडी खाता खुलवाने में महिलाएं भी पीछे नहीं है। 33478 महिला ग्राहक हैं, जो अपने रोजमर्रा के खर्च में से बचत कर खाते में रुपये जमा करती हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार महिला विशेष सम्मान पत्र से भी अधिक इस योजना में महिलायें रुचि दिखा रही हैं। इसका प्रमुख कारण महिला बचत सम्मान पत्र में एकमुश्त धनराशि जमा की जाती है। इसके साथ ही आरडी खाते में छोटी राशि प्रतिमाह जमा की जाती है। इसके मैच्योर होने की अवधि पांच साल है। पांच साल से कम समय में इसे तोड़ने पर बचत खाते पर ब्याज चार प्रतिशत ब्याज ही मिलता है।

### अटल साहित्य सम्मान के लिए तैयार की रूपरेखा



**बरेली, अमृत विचार :** गंगाशील ग्रुप के सिटी कार्यालय में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान 23 जून को आयोजित होने वाले अटल साहित्य सम्मान समारोह की रूपरेखा तय की गई। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा ने बताया कि सम्मान समारोह का आयोजन 23 जून को प्रातः 10 बजे से चंद्रकांता सभागार, सिविल लाइंस में किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष का अटल साहित्य सम्मान लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित को प्रदान किया जाएगा। प्रांतीय महामंत्री डॉ. शशिबाला राठी ने बताया कि अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल करेंगे। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। राजश्री मेडिकल कॉलेज की चेयरपरसन मोनिका अग्रवाल विशिष्ट अतिथि होंगी। बैठक में सर्व सम्मति से एक स्वागत समिति बनाई गई, जिसमें डॉ. एसपी मौर्या, प्रभाकर मिश्र, रोहित राकेश तथा बीके शर्मा रहेंगे। बैठक में डॉ. नवल किशोर गुप्ता, डॉ. स्वाति गुप्ता, मोहन चंद्र पांडे, उमेश चंद्र गुप्ता, डॉ. एसपी मौर्या, प्रभाकर मिश्र, निर्भय सक्सेना, प्रवीण शर्मा, डॉ. अखिलेश गुप्ता, डॉ. विमलेश दीक्षित, विकास कुमार, निरुपमा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

# इमामबाड़ा को लेकर खींचतान का दौर जारी

- शिया वक्फ बोर्ड के दावे को मानने को तैयार नहीं इमामबाड़ा को निजी संपत्ति बताने वाले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला स्थित नवाब साहब का इमामबाड़ा पर जब उत्तर प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण अपने आदेश में वक्फ संपत्ति 1115 को अवैध और शून्य घोषित कर चुका है तो शिया वक्फ बोर्ड इस पर अपना दावा कैसे कर सकता है। न्यायाधिकरण के आदेश के बावजूद इसको वक्फ की संपत्ति बताते हुए चल रही तोड़फोड़ पर रोक लगाने की मांग की शिकायतें अधिकारियों तक पहुंच रही हैं। दूसरी ओर इमामबाड़े को निजी संपत्ति बताने वाला पक्ष शिया वक्फ बोर्ड के दावे को मानने के लिए तैयार नहीं है।

शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के खिलाफ इमामबाड़े को अपनी पुश्तैनी संपत्ति बताने वाली हुमा जैदी के अधिवक्ता सैयद अली मुर्तजा ने बताया कि मार्च 1934 में नवाब साहब ने एक वक्फनामा तैयार करवाया, जिसमें कहा गया कि 17 दुकानों से जो आय आयेगी, वह उनकी कोठी और इमामबाड़ा पर खर्च होगी। नवाब साहब की मौत के बाद उनकी बेटी बेगम अनवर जहां ने सिविल वाद दाखिल किया, जिसमें शिया वक्फ बोर्ड प्रतिवादी था। उसमें कहीं भी इमामबाड़ा का जिक्र नहीं किया गया था। 1944 में दाखिल मूलवाद में वक्फनामा की वैधता को चुनौती दी गई। 30 अप्रैल 1952 को सिविल जज बरेली ने अपना फैसला सुनाया, जिसमें वक्फनामा को शून्य घोषित कर दिया गया। 1960 में शिया वक्फ बोर्ड ने अपने रिकॉर्ड से संपत्ति को डिलीट कर दिया। इसके बाद यह अनवर जहां बेगम के बेटे नवाब तहव्वुर अली खां की जाती संपत्ति हो गई। सैयद अली मुर्तजा के मुताबिक 2015 में शिया वक्फ बोर्ड ने इस संपत्ति को दोबारा अपने रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया। इसे भी उत्तर प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण में चुनौती दी गई। कोविड के दौरान नवाब तहव्वुर अली खां की मौत के बाद उनकी बेटी हुमा जैदी इस मामले में वादी बनीं। अप्रैल 2024 में वक्फ न्यायाधिकरण ने आदेश दिया कि शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सभी आदेश जो वादीय व्यक्तिगत संपत्ति को वक्फ संख्या 1115 मानते हुए किए गए हैं, वो शून्य और अवैध घोषित किए जाते हैं।

## बोर्ड ने माना अब भी रिकॉर्ड में दर्ज है संपत्ति

इस साल अप्रैल में उत्तर प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण ने इस संपत्ति को वक्फ मानने से इन्कार कर दिया था। इसके साथ ही शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आदेश दिए थे कि इस संबंध में कार्रवाई कर न्यायाधिकरण को अवगत कराएं, वहीं बोर्ड की तरफ से 21 मई को जिलाधिकारी को लिखे गए पत्र में कहा गया कि बोर्ड ने न्यायाधिकरण लखनऊ के आदेश पर धारा-37 के रजिस्टर में दर्ज 17 दुकानों को निरस्त कर दिया गया है, लेकिन वक्फ संख्या 1115 एवं इमामबाड़ा बोर्ड के अभिलेखों में दर्ज है। इमामबाड़े के मुतवल्ली होने के दावा करने वाले जमीर रजा भी यह ही कहते हैं कि न्यायाधिकरण ने महज 17 दुकानों को लेकर आदेश दिया है, पूरे इमामबाड़े को लेकर नहीं।

## वो भ्रम फैला रहे हैं

शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड बरेली के अध्यक्ष अली जैदी के मुताबिक जिला न्यायालय ने इमामबाड़े से सम्बद्ध दो बाग और 17 दुकानों को वक्फ से अलग कर दिया था, लेकिन इमामबाड़ा तो तब भी वक्फ का ही हिस्सा था। जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ शिया वक्फ बोर्ड ने हाईकोर्ट का रुख किया तो 1961 में हाईकोर्ट ने दोनों बागों को वक्फ सम्पत्ति माना, लेकिन 17 दुकानों को परिवार के सुपुर्द कर दिया। वक्फ सम्पत्ति होने के बावजूद इसमें से एक बाग बेच लिया गया। 2015 में बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी ने हाईकोर्ट के निर्णय के विरुद्ध जाकर 17 दुकानों को फिर से वक्फ में शामिल कर लिया। इसके खिलाफ हुमा जैदी और नदीम जैदी ने फिर अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने बोर्ड के फैसले को गलत मानते हुए इन्हें फिर 17 दुकानें लौटा दीं। किला इमामबाड़ा तो वक्फ अलल खैर है। इसमें इनका कोई अधिकार ही नहीं है। वो झूठ बोलकर भ्रम फैला रहे हैं।


समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity

Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial

PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।

Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)

Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।

Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counstlant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली

9837057107
9837343729

Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com

Google Maps
FOLLOW US :



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202



प्रवेश प्रारम्भ
BIU College of Pharmacy BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
Faculty of Paramedical Sciences FOPS Bareilly Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## सार-संक्षेप

### सेना के हवलदार की पत्नी ने की आत्महत्या

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र के जाट रेजिमेंट सेंटर में तैनात हवलदार की पत्नी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। आंध्रप्रदेश के प्रकाशम जिले के रचरला थाना गौथरमम गांव निवासी एनएल राव कैंट के जाट रेजिमेंट में हवलदार हैं। उनकी पत्नी एम गलीना ने सोमवार की देर रात में पंखे के कुंडे में चुन्नी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति ने मंगलवार की सुबह देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। एम गलीना ने आत्महत्या क्यों की, इस बारे में पति ने कुछ भी जानकारी होने से इन्कार किया है।

### मेडिकल स्टोर के ताले तोड़कर चुराई नकदी

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गार्डन में स्थित मेडिकल स्टोर के ताले तोड़कर चोर गल्ले से नकदी चुरा ले गए। पीड़ित की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मॉडल टाउन निवासी अमित कुमार के अनुसार रामपुर गार्डन में अग्रसेन पार्क के पास उनका मेडिकल स्टोर है। रविवार को तड़के पौने चार बजे तीन अज्ञात चोर मेडिकल स्टोर के ताले तोड़कर अंदर घुस गए। दराज में रखे बारह हजार रुपये की नकदी और एक हजार रुपये के सिक्के चोर उड़ा ले गए।

### घर से जेवर और नकदी लेकर गई किशोरी

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर इलाके से एक किशोरी जेवर और नकदी लेकर घर से चली गई। किशोरी की मां ने बहला-फुसलाकर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला के मुताबिक गांव वालीपुर निवासी राकेश और उसके पिता रोशनलाल बाइक से आए और उनकी बेटी को लेकर फरार हो गए। बेटी साथ में 40 हजार रुपये और जेवर लेकर गई है। जब राकेश के घर शिकायत की तो उसका भाई प्रेमपाल, कृष्णपाल और भूपेन्द्र उनके घर आए और अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी।

### रिपोर्ट दर्ज कराने वाले को मिल रही धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी के गौतारा गौटिया में बछड़े की हत्या करने का केस दर्ज कराने वाला व्यक्ति मंगलवार को कुछ लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा। उसने डीएम को संबोधित प्रार्थना पत्र सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को सौंपकर कहा कि मामले में नामजद वांछित आरोपियों की ओर से उसे धमकियां दी जा रहीं हैं। केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने और गांव से भगाने की धमकी दी जा रही है। जितेंद्र का कहना है कि 14 जून को बछड़े की हत्या की गई और 15 को सीओ से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगाई। आरोप लगाया कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। उन्होंने मामले में धारा बढ़ाने की भी मांग की है।

### छेड़खानी करने वाला मुकदमा वापस लेने को बना रहा दबाव

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** एक युवक ने महिला से छेड़खानी की। महिला ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। अब आरोपी पीड़िता पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। मामले में महिला ने एसएसपी से शिकायत की है। थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने शिकायती पत्र में बताया कि 9 जून की रात्रि वह घर में सो रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक जीने के सहारे घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसने कपड़े फाड़ दिए। आरोपी ने पति पर भी हमला किया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है लेकिन अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं किया है। इस वजह आरोपी खुलेआम घूम रहा है और उसे धमका रहा है।

### बाइक और पशु चोरी के मामले में एफआईआर

**शीशगढ़ ,अमृत विचार :** पुलिस ने बाइक और पशु चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव चचेट ख्वाजा निवासी जाकिर हुसैन ने पुलिस को बताया कि उनकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी। चोर उनकी बाइक उठा ले गए। वहीं पशु चोरी की घटना गांव भकावा में हुई। यहां के सुमित सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी भैंस पशुशाला में बंधी थे। चोर उनकी भैंस को खोलकर ले गए। उन्होंने गांव के एक व्यक्ति और उसके साथी पर भैंस चोरी करने का शक जताया है। पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर लईक अहमद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


# गांवों में कई समितियों के भवन हो चुके जर्जर, बैठने तक की जगह नहीं

## किसी समिति का भवन गिरने की हालत में, कहीं पर पशु बांध रहे हैं किसान

कार्यालय संवाददाता, बरेली


**अमृत विचार :** सरकार की ओर से गांवों की दशा और दिशा सुधारने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर लचर व्यवस्था सरकार की मंशा पर खरी नहीं उतर पा रही है। जिले के हर ब्लॉक में साधन सहकारी समिति बनाकर किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने की मंशा से समितियां गठित तो की गईं, लेकिन इनकी हालत दयनीय है। किसी का भवन जर्जर है तो किसी में बैठने की जगह तक नहीं है। समितियों पर लाखों रुपये का बकाया चल रहा है। समितियों के अध्यक्षों की तरफ से भी कोई प्रयास नहीं किए गए।

क्यारा ब्लॉक में नौ साधन सहकारी समितियां हैं। साधन सहकारी समिति दौली रघुवर दयाल में वर्ष 2009-10 का करीब 64 लाख का बकाया चला आ रहा है। यहां तैनात रहे सचिव की मृत्यु के बाद दूसरे सचिव को कमरों और अलमारी के ताले तोड़कर चार्ज दिलाया गया। नए सचिव ने सभी सदस्यों को रजिस्ट्री से अपनी तैनाती की सूचना दी। लगभग एक हजार किसान सदस्य वाली इस समिति से लेनदेन करने वाले किसान कम हैं। खादर में गांव हैं।


दौली रघुवर दयाल साधन सहकारी समिति की जगह पर पशुओं को बांध रहे किसान।

पुराने किसान ऋण लेने के बाद अब अदायगी करने में आनाकानी कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष कदीर अहमद ने बताया कि समिति में लोन मिलता नहीं है, इसलिए लोग सदस्य नहीं बनते हैं। फिर भी लगभग 700 सदस्य हैं। पुराना बकाया चलता आ रहा है। समिति में पहले उनका बेटा और भाई अध्यक्ष रह चुके हैं।

इटौवा सुखदेवपुर समिति के अध्यक्ष जेएस यादव ने बताया कि समिति का भवन पहले जर्जर था लेकिन अब बन गया है। समिति ठीक चल रही है। महेशपुरा ठाकुरान समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि समिति से खाद और लोन बांटा जा रहा है। समिति की लिमिट बढ़नी चाहिए ताकि लोन ज्यादा मिल सके।


समिति के भवन पर छत भी नहीं है।

### मरम्मत के नाम पर कर दी गई खानापूरी

देश के आ साधन सहकारी समिति जोगीठेर के अध्यक्ष सत्येन्द्र पुरी गोस्वामी का कहना है कि वह कोई बात सचिव से कहते हैं तो वह सुनते नहीं है। समिति की स्थिति ऐसी नहीं है कि यहां बैठा जाए। बारिश में छत होते हुए भी यह टपकती है। गोदाम ठीक है। वह एक साल से अध्यक्ष हैं उनके पहले जो अध्यक्ष रहे उनके कार्यकाल में भवन की मरम्मत का पैसा आया लेकिन मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की गई। यहां के किसानों का कहना है कि समिति से खाद लेने पर उन्हें दस रुपये ज्यादा देने पड़ते हैं। क्यारा में जौहरपुर और बारीनगला समिति भी हैं।

### समिति में बाहर बनी दुकानों में रखा जाता है खाद

इस क्रम में ही साधन सहकारी समिति सिमरा बोरीपुर की स्थिति भी कुछ ठीक नहीं है। यहां पर स्थिति यह है कि यहां का गोदाम खराब होने की वजह से खाद को बाहर बनी दुकानों में रखवाया जाता है। यहां पर बैठने की भी व्यवस्था नहीं है। इस साल ज्यादा लोन नहीं बंटा है। समिति के अध्यक्ष महेश पाल सिंह ने बताया कि पुराने बकायेदार ज्यादा हैं। लोन की वसूली के लिए अफसर यहां आकर किसानों पर दबाव बनाएं तो कुछ वसूली हो सकती है। भौआपुर शिवनगर समिति के अध्यक्ष बीपी सिंह ने बताया कि भवन ठीक है लेकिन बकाया ज्यादा है। यहां लगभग 65 लाख का पुराना बकाया चला आ रहा है। आपसी झगड़े ज्यादा हैं। किसान कहते हैं सचिव रिटायर हो गये हैं और वह ज्यादा रकम चढ़ा गये हैं। 15 साल से नोटिस ही दिये जा रहे हैं। यहां सचिव का वेतन ही 5-6 माह से बकाया चल रहा है।

# बैंक में नौकरी लगवाने के बहाने 10 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की दी धमकी
- आरोपी ने फर्जी हस्ताक्षर कर चेक दिए जो बैंक में लगाने पर हो गए बाउंस

**अमृत विचार :** दिल्ली में बैंक आफ बड़ौदा में क्लर्क की नौकरी लगवाने के बहाने ठग ने खुद को डॉक्टर बताते हुए युवक से 10 लाख रुपये हड़प लिए। नौकरी न लगने पर जब युवक ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में मामले की शिकायत की है।

प्रेमनगगर थाना क्षेत्र के कानूनगोयान निवासी हरि नारायण ने बताया उनकी बंजरिया निवासी व्यक्ति से जान पहचान थी। उसने माधोवाड़ी निवासी व्यक्ति से डॉक्टर बताकर मुलाकात कराई थी और कहा था कि उसकी दिल्ली में कई अधिकारियों और नेताओं से जान पहचान है।

वह उनके बेटे की दिल्ली में बैंक आफ बड़ौदा में क्लर्क के पद पर नौकरी लगवा देंगे, जिसके लिए 10 लाख रुपये का खर्च आएगा। उन लोगों ने 10 लाख रुपये दे दिए। एक साल बीत जाने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने पैसे वापस मांगे। इस पर व्यक्ति ने उन्हें 6 जुलाई 2023 को एक चेक दिया।

जब चेक भुगतान के लिए बैंक में लगाया तो उसपर हस्ताक्षर फर्जी मिले। इस बारे में उन्होंने आरोपी को बताया और उससे पैसे वापस मांगे। इस पर उसने पैसे देने से साफ इन्कार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है।

### पहले तो किया प्रेम विवाह फिर मांगे 10 लाख रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवती ने चंदौसी निवासी युवक पर प्रेम विवाह करने के बाद 10 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोमिया टोला निवासी प्रियंका के मुताबिक उनकी जान पहचान सम्भल गेट चंदौसी निवासी विकास शर्मा से हो गई थी। वर्ष 2021 में विकास उन्हें फुसलाकर अपने साथ ले गया। वहां ले जाकर कोर्ट मैरिज कर ली। कुछ दिन बाद विकास उसकी मां अनीता, भाई शिवम, ननद सुचि और ब्रजेश घर बनवाने के लिए दस लाख रुपये दहेज में लाने की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उन्हें मायके छोड़कर चले गए।

### महिला से मारपीट करने वालों पर रिपोर्ट

**शीशगढ़, अमृत विचार :** गांव बल्ली निवासी जितेंद्री देवी ने चार लोगों पर मारपीट करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह घर के सामने फसल में पानी लगा रही थीं। तभी पड़ोसी उनके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्हें पीटा।

# ट्रक ड्राइवरों का ऑडियो वायरल : अधिकारी के बेटे की शादी में गिफ्ट की थी 17 लाख की कार

संवाददाता, सीबीगंज

- उत्तराखंड से रेता-बजरी लाने वाले ट्रक चालक का बताया जा रहा है ऑडियो

**अमृत विचार :** ट्रक चालक से उगाही के मामले में अब एक नया ऑडियो सोशल वायरल हो रहा है। यह ऑडियो उत्तराखंड से रेता-बजरी लाने वाले ट्रक चालक का बताया जा रहा है। इसमें दो चालक आपस में बातचीत कर रहे हैं और कह रहे हैं कि एक अधिकारी के बेटे की शादी में एक ने साथियों के साथ मिलकर 17 लाख रुपये की कार गिफ्ट की थी। ऑडियो ईद से एक दिन पहले का बताया जा रहा है। दोनों चालकों में से एक उत्तराखंड में है और ट्रक लोड होने के बाद बात कर रहा है।

शुक्रवार को सीबीगंज में चंदपुर जोगियान गांव के रहने वाले इसरार अंसारी का ट्रक बाजपुर उत्तराखंड से रेता-बजरी लेकर आया था। इसी दौरान उसकी दुकान के पास दीपक चौधरी, आरिफ फटाफट, धमेंद्र गुप्ता, अरविंद गुप्ता, गुड्डू, इरफान, आरिफ कमानी, गिरिश मौर्य व करीब सात अज्ञात लोग तीन कारों में सवार होकर आए थे। आरोप है कि वे चालक लुकमान हुसैन से ट्रक के ओवरलोड होने की बात कहते हुए रुपये की मांग करने लगे थे।

चालक ने बताया कि ट्रक अंडरलोड है और उसके पास पर्ची भी है। आरोपी चालक पर रुपये देने का दबाव बनाने लगे और उसके साथ मारपीट कर तमंचा तान दिया था। इसी दौरान मौके पर दुकानदार इकरार भी पहुंच गए।

दबंग उससे भी भिड़ गए थे। शोर शराबा सुन आसपास के अन्य दुकानदार भी मौके पर आ गए। मामले में 15 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### हाईवे पर रोजाना चलता है ट्रकों से उगाही का खेल

उगाही का खेल कोई नया नहीं है। गुर्गे रात भर लग्जरी कार से रोड पर रेता-बजरी से भरे ट्रकों को रोकते हैं और उनमें ओवरलोड का भय दिखाकर उगाही करते हैं। अगर ट्रक चालक से सौदा तय नहीं होता तो मौके पर एआरटीओ को बुला लेते हैं और ट्रक का चालान या सीज करा देते हैं। इस तरह की उगाही रोजाना होती है और महीने भर में लाखों रुपये के वारे-न्यारे हो रहे हैं। गुर्गों के पास तमंचे भी होते हैं।

### जमीन के विवाद में घर में घुसकर पीटा, तीन घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** एक महिला ने दबंगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। गांव पनवाड़िया निवासी प्रेमवती का गांव के ही कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि मंगलवार दोपहर आरोपियों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। एक आरोपी ने तमंचे की बट मारकर प्रेमवती को घायल कर दिया। बचाने आए देवर के बेटे ऋषभ और भतीजी पिंकी को भी लाठी डंडों से पीटा। आरोप है कि प्रेमवती की बहन चमेली देवी के कुंडल भी आरोपी ले गए। पुलिस ने तीनों घायलों को मेडिकल को भेजा है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)


**दवा का इंतजार** जिला अस्पताल में गर्मी में दवा के लिए लाइन में लगकर इंतजार करते मरीज।

# हिमांशु एनकाउंटर केस की सुनवाई पूरी

विधि संवाददाता, बरेली

- 2006 में तत्कालीन थानाध्यक्ष सहित चार पर हुई थी रिपोर्ट
- सेशन कोर्ट ने आदेश के लिए नियत की 25 जून की तिथि

**अमृत विचार:** 18 वर्ष पुराने चर्चित हिमांशु गिहार एनकाउंटर केस की सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गयी। सेशन कोर्ट ने आदेश के लिए 25 जून की तिथि नियत की है। शाहजहांपुर निवासी अशोक गिहार ने गृह सचिव के आदेश से 19 अगस्त 2006 को कटरा के तत्कालीन थानाध्यक्ष दिनेश सिंह समेत 4 के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी।

आरोप था कि 6 जनवरी 2006 को थानाध्यक्ष दिनेश सिंह, उनके जीप चालक अंजनी, सिपाही कमलेश और सुरेश ने फर्जी मुठभेड़ दिखाकर फरीदपुर थानाक्षेत्र के गुलाबनगर गांव के पास शाहजहांपुर निवासी हिमांशु गिहार (18) की हत्या कर दी थी। उस समय हिमांशु अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से क्रिकेट खेलने जा रहा था। उधर कटरा पुलिस तिलहर के एक व्यापारी के यहां हुई डकैती को लेकर चेकिंग कर रही थी। सीबीसीआईडी जांच के बाद इस मामले मे मीरानपुर कटरा के तत्कालीन एसओ दिनेश कुमार सिंह, सिपाही कमलेश, सुरेश व अंजनि पांडेय समेत 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले मे सीबीसीआईडी ने चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद कोर्ट ने चारों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर मामले की सुनवाई शुरू की थी। वादी मुकदमा अशोक गिहार समेत इस मामले मे 46 लोगों को सीबीसीआईडी ने गवाह बनाया गया था।

# होमगार्ड को तीन दबंगों ने पीटा

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव खाता में ड्यूटी पर जा रहे एक होमगार्ड का गांव के ही तीन दबंगों ने रास्ते में रोककर दीवान कहकर मजाक उड़ाया। उसके बाद घर के रास्ते से निकलने को लेकर ताना दिया। होमगार्ड ने जब रास्ता सार्वजनिक होने की बात कही तो तीनों ने गाली-गलौज कर उसकी पिटाई की और वर्दी भी फाड़ दी। होमगार्ड की तहरीर पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गांव खाता निवासी होमगार्ड रिजवान हैदर ड्यूटी के लिए मंगलवार की सुबह करीब सात बजे घर से निकले तो रास्ते में गांव के ही सनब्बर अली, नाजिर अली और इरफान ने उन्हें रोक लिया। पहले तो उन पर तंज कसा कि दीवान बना फिरता है और फिर उनके घर की गली से निकलने का कारण पूछने लगे।

होमगार्ड के रास्ता सार्वजनिक होने की बात कहने पर तीनों उत्तेजित हो गए और गालीगलौज करते हुए लात-घूंसों से होमगार्ड की पिटाई करने लगे। इस दौरान उनकी वर्दी भी फाड़ दी। साथ ही खंभे से बांधकर मारने की बात कही। गांव के लोगों ने होमगार्ड को बचाया तो भविष्य में देख लेने की धमकी देकर फरार हो गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-

### गाड़ी चढ़ाने वाले पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** श्री खाटूश्याम मंदिर परिसर में पेड़ के नीचे सो रहे दादा और पोती पर गाड़ी चढ़ाने के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बरेली के सनैया रानी मेवाकुंवर निवासी रजनेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दो दिन पूर्व मनौना स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर परिवार के साथ गए थे। सुबह करीब 6:40 बजे पिता और भतीजी मंदिर परिसर में पेड़ के नीचे सो रहे थे। इसी दौरान एक चालक ने उनपर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे दोनों चोटिल हो गए। दोनों का इलाज निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### पत्नी की हत्या करने वाले को जेल भेजा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** गांव जयनगर में दो मई को महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतका के पिता ने पति समेत 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को पुलिस ने मृतका फराह के पति मकसद अली को बरखन तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## धर्म परिवर्तन कराकर शादी की, अब घर से निकाला

- एडीजी के आदेश पर पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक युवक ने धर्म परिवर्तन कराकर दिव्यांग युवती से निकाह कर लिया। अब दहेज की खातिर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने एडीजी के आदेश पर पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के ब्यूटीपार्लर पर गांव जादौंपुर निवासी युवक का आना जाना था। इस दौरान युवक के युवती से प्रेम संबंध हो गए। आरोप है कि युवक ने युवती के सामने धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का प्रस्ताव रखा। युवती ने धर्म परिवर्तन कर निकाह कर लिया।

युवती का आरोप है कि दुर्घटना क्लेम में उसे सात लाख रुपये मिले थे। आरोप है कि इसमें से पति ने तीन लाख और उसके पिता ने 75 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद भी उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है 10 जून को ससुर ने उसके साथ छेड़खानी की। 11 जून को आभूषण छीन कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता के अनुसार ससुरालियों ने 15 लाख रुपये लाने पर ही घर में रखने की बात कही है। एडीजी के आदेश पर पुलिस ने पति, ससुर ,सास, ननद समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट कर ली है।

### बाइक और दो लाख रुपये न मिलने पर विवाहिता को पीटा

**मीरगंज, अमृत विचार :** मोहल्ला रतनपुरी निवासी कुसुम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह चार साल पहले धनेली पूर्वी निवासी महेंद्रपाल के साथ हुआ था। कुछ समय बाद ससुरालियों ने मायके से बाइक और दो लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने पति, जेठ, देवर नन्दन, जेठानी, सास और ससुर के खिलाफ रिपोट दर्ज कर ली है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैने अपने पुत्र जीशान व मुन्ना पुत्रगण नसीर अहमद को गलत आचरण के चलते अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे कोई वास्ता नहीं है। **नसीर अहमद पुत्र अब्दुल्ला नि.ग्राम- शेरपुर कलां थाना- पूरनपुर (पीलीभीत)**

**आवश्यकता है**
एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। योग्यता 12वीं पास नीचे दिये गये मोबाइल नम्बर पर whatsapp करें। **पता :- आजाद नगर, नजदीक सैटेलाइट बस स्टैंड बरेली**
**8439962328**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा एम.जे.पी. रोहिलखंड यूनिवर्सिटी का माइग्रेशन सर्टिफिकेट जिसका नं. 1561024021 है। वास्तव में कहीं खो गया है। **अदिति वर्मा पुत्री रामू वर्मा, निवासी- ए-2, खंडेलवाल नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली**

**सूचना**
मैं सुनील चावला नं. 14635824P नायक (रिटायर्ड) मेरे आर्मी के दस्तावेज में मेरी पत्नी का नाम रीतू चावला (जन्मतिथि 10.06.1984) पुत्री महेश छावड़ा दर्ज है जबकि उसका सही नाम हेमा चावला (जन्मतिथि 10.06.1984) पुत्री महेश छावड़ा है। अत: उसका सही नाम दर्ज किया जाये।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**एक नजर**

### ट्रेन की चपेट में आकर मोर की मौत

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। वन विभाग ने मोर का शव पोस्टमार्टम के लिए बरेली के आईवीआरआई भेजा है। हादसा मंगलवार सुबह बरेली-मथुरा राजमार्ग पर मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास हुआ। एक मोर खेत से रेलवे लाइन पार करता हुआ दूसरी ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन गुजरी और मोर ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही मोर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा को सूचना दी। पशु प्रेमी ने वन रेंजर आकांक्षा गुप्ता को अवगत कराया। उन्होंने वन दारोगा शुभव प्रताप व लईक को भेजा। वन विभाग के दोनों अधिकारी एसी कार से शव आईवीआरआई ले गए।

**वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य सेवाएं**

# ओपीडी में हर रोज चार सौ ज्यादा मरीज, डॉक्टर सिर्फ एक

संवाददाता, आंवला

- 78 हजार है कस्बे की आबादी फिर भी ये हालत
- विभागीय अफसरों के साथ जनप्रतिनिधि भी खामोश

**अमृत विचार :** 78 हजार आबादी वाले कस्बे में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बुरा है। सीएचसी यानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हर रोज चार सौ से ज्यादा मरीज ओपीडी में आ रहे हैं, लेकिन डॉक्टर सिर्फ एक है। हालांकि कागजी रिकार्ड में कहने के लिए दो डॉक्टर हैं। इनमें से चिकित्सा अधीक्षक का प्रमोश हो चुका है। वह सप्ताह में एक दिन यहां आते हैं। डॉक्टरों के 12 पद हैं। इनमें सिर्फ एक ही पद पर तैनाती है। अन्य रिक्त हैं। सर्जन, फिजीशियन, एनेस्थेटिक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत शल्यक, महिला चिकित्साधिकारी, बाल रोग विशेषज्ञ और

डेंटल सर्जन भी नहीं है। मरीजों को बेहतर इलाज देने के दावे दम तोड़ रहे हैं। हैरानी की बात है कि विभाग और न ही जनप्रतिनिधियों को इससे कोई सरोकार है।

सीएचसी पर 30 बेड की व्यवस्था है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इंतजार हुसैन का प्रमोशन हो चुका है। उन्हें जिला अस्पताल में क्षय रोग अधिकारी की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। अब वह सप्ताह में एक दिन सीएचसी पर आते हैं। पूरे अस्पताल की जिम्मेदारी डॉ. मोहम्मद सलीम के कंधों पर है। इमरजेंसी सुविधा का भी हाल बेहाल है। यहां आने वाले अधिकांश घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। डॉक्टरों के आलवा चीफ फार्मासिस्ट, एलटी, डीआरए का भी पद रिक्त है।


आंवला सीएचसी पर मरीजों से घिरे डॉक्टर। ● अमृत विचार

**डॉक्टरों की तैनाती का कई बार उठ चुका है मुद्दा**

कस्बे के व्यापारी और सामाजिक संगठन कई बार डॉक्टरों की तैनाती का मुद्दा उठा चुके हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। भारतीय बजरंग दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि वह रिक्त पदों पर डॉक्टरों को तैनात करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल तक कर चुके हैं, लेकिन अफसरों से अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

**डॉक्टरों की कमी से मरीज परेशान**


करीब 15 वर्ष पूर्व सामुदायिक केन्द्र पर डॉक्टरों की अच्छी खासी संख्या थी, लेकिन अब अस्पताल की हालत दयनीय होती जा रही है। चिकित्सा व्यवस्था में सुधार की जरूरत है।
–दुर्गेश सक्सेना


एक ओर जहां सीएचसी में डॉक्टरों की कमी है तो दूसरी ओर करीब साढ़े सात करोड़ की लागत से अस्पताल के पीछे 50 शैय्यायुक्त एमसीएचविंग का निर्माण करा दिया है। भवन उद्घाटन की राह देख रहा है।
–आशीष हिंदू


सीएचसी में डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों को निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ रही है। यहां महिला चिकित्सक को तैनात करने की मांग अर्से से की जा रही है, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।
–सैय्यद आकिल अली


सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेफर सेंटर बनकर रह गया है। यहां लंबे समय से डॉक्टरों के पद रिक्त हैं। सिर्फ दो डॉक्टर हैं, इनमें से एक को बरेली बुला लिया गया है।
– अकबर अली

### पिता-पुत्रों पर गंभीर आरोपों में रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** शारीरिक संबंध बनाने, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने और अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोप में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर पुलिस ने मुख्य आरोपी फैजान, पिता सकिया अहमद, भाई गुलफाम व एक अन्य मुराद अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

फैजान पर बुंदे और लौंग छीनने का भी आरोप है। मामले में थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने सोमवार को एसएसपी से शिकायत की थी। पुलिस के अनुसार युवती और आरोपी के घर आसपास हैं। दोनों के बीच दो साल से प्रेम प्रसंग चलने की बात सामने आई है। अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप गलत पाया गया।

## अलग-अलग हादसों में युवक की मौत, चार लोग गंभीर घायल

**आंवला, अमृत विचार :** सड़क हादसों में एक युवक की मौत गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। रामनगर गांव निवासी अशोक ने बताया कि उसका बेटा अमित उर्फ छोटू (18) तहेरे भाई गुड्डू , शिवम के साथ मंगलवार दोपहर बाइक से आंवला जा रहा था। भूरीपुर मोड़ के समीप दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अमित उर्फ छोटू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बदायूं के गांव सरेरा शरीफपुर निवासी देवेंद्र जीजा रविकांत निवासी बदायूं के गांव लधेड़ा के साथ आंवला में एक बैंक में आए थे। लौटते समय रामनगर अड्डे के समीप मेंथा भरे ट्रैक्टर ट्रॉली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए।

**चालक को आई झपकी, कार पलटी, तीन घायल :फतेहगंज पश्चिमीः** मंगलवार दोपहर सीबीगंज के गांव पारसखेड़ा निवासी रिजवान पत्नी फरजाना, यासीन के साथ कार से रामपुर से घर लौट रहे थे। हाईवे पर शंका पुल के पास कार चला रहे रिजवान को झपकी आ गई। कार डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। रिजवान की हालत गंभीर है।

**हादसे में घायल सचिन ने भी दम तोड़ा**

**कैंट, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल हुए सचिन की निजी अस्पताल में सोमवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना किला क्षेत्र के कुंवरपुर निवासी सचिन दोस्त अमन चंद्रा के साथ शनिवार को मनौना धाम के दर्शन कर घर लौट रहे थे। कैंट स्थित विजय द्वार के पास निजी बस ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी। हादसे में अमन की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि सचिन का इलाज अस्पताल में चल रहा था। वह इकलौते बेटे थे। सचिन बीमा एजेंट थे। इस घटना से उनके परिजन सदमे में हैं।

# दबंगों का श्मशान के रास्ते पर कब्जा ग्रामीणों ने शव रखकर लगाया जाम

**फैजनगर का मामला, राजस्व कर्मियों पर मिलीभगत का आरोप, काफी देर तक चला हंगामा**

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** ग्राम फैजनगर में कुछ दबंगों ने राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से श्मशान भूमि को जाने वाले मार्ग पर दीवार का निर्माण कराकर रास्ता बंद कर दिया। इससे नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। इस दौरान उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। थानाध्यक्ष और कानूनगो ने रास्ता खुलवाने का आश्वासन दिया तो ग्रामीणों ने जाम खोला और शव का अंतिम संस्कार किया।

गांव में रज्जो देवी की मृत्यु हो गई। ग्रामीण और परिजन महिला का शव लेकर श्मशान स्थल जा रहे थे, लेकिन श्मशान स्थल को जाने वाला रास्ता बंद होने पर लोग भड़क गए। उन्होंने मार्ग पर शव रखकर नारेबाजी कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मार्ग पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष सतीश और चकबंदी राजस्व विभाग के कानूनगो को मनु लाल के आश्वासन के बाद करीब दो घंटे बाद लोगों ने मार्ग से शव को हटाया। इस दौरान मार्ग पर जाम लगा रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि जब गांव के कुछ दबंगों ने रास्ते पर कब्जा कर निर्माण शुरू किया तो एसडीएम फरीदपुर से शिकायत की गई, लेकिन निर्माण पर रोक नहीं लगाई गई। आरोप है कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से निर्माण चलता रहा। इस दौरान पूर्व प्रधान हरदीप गंगवार, सुमित गंगवार ,प्यारेलाल, ओमपाल, संतोष ,महेंद्र पाल ,बादाम सिंह, हरिश्चंद्र ,महेंद्र पाल, पप्पू ,रवि, शिव कुमार ,बाबूराम, राजीव, भूरेलाल ,संजीव कुमार, डॉ. सोमवीर, गया प्रसाद ,मुकेश कुमार, रवि कुमार, रामचंद्र, डॉ. बादाम, राकेश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

- थानाध्यक्ष और कानूनगो के समझाने पर मार्ग से शव हटाकर अंतिम संस्कार किया


गांव फैजनगर में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार


ट्रैक्टर-ट्राली को हटवाती पुलिस।

**सार-संक्षेप**

### बिशारतगंज में शिविर आयोजित कर योग कराया



**बिशारतगंज, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के उपलक्ष्य में कस्बा स्थित पुराना मंदिर में योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें पूर्व अध्यक्ष सूरजपाल मौर्य, अखिलेश गुप्ता, नंदराम साहू, कुलदीप मौर्य आदि ने भाग लिया। इस दौरान योगाभ्यास कराया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कंदरपुर के प्रभारी फार्मासिस्ट संजीव कुमार शर्मा के अनुसार शिविर में करीब 40 लोग शामिल हुए।

### श्रीकृष्ण चंद्रवती स्कूल में शुरू हुआ योग शिविर

**रिठौरा, अमृत विचार :** कस्बे में श्रीकृष्ण चन्द्रवती हायर सेकेंड्री स्कूल में मंगलवार को तीन दिवसीय योग शिविर की शुरुआत प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह यादव ने की। योगाचार्य घनश्याम योगी ने योगाभ्यास कराया। योगाचार्य ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा है। अरुण शुक्ला, सभासद कमलेश गंगवार, कमल यादव, रजत शर्मा, छत्रपाल यादव, कंधई लाल साहू, अंकित सक्सेना, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** जेठ महीने के शुक्ल पक्ष एकादशी के मौके पर बार एसोसिएशन ने कस्बे में शरबत का वितरण किया। इस दौरान बार अध्यक्ष शकील, साबिर रजा, आनंद, मो. सलमान, रीत राम मौर्य, सुरेंद्र सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत बांटा



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** जिला पंचायत सदस्य तेजश्वरी सिंह ने अगरास मोड़ पर प्याऊ लगाकर राहगीरों को शरबत का वितरण किया। पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल सिंह ने अगरास सोरहा रोड पर और कस्बा में भाजपा नेता अमन सिंह ने अपनी दुकान के सामने प्याऊ लगाकर शरबत बांटा। गांव कुरतरा में इमरान अंसारी, रिजवान अंसारी, आसिफ अंसारी, जमील अहमद आदि ने बस्ती में लोगों को शरबत पिलाया।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल, विरोध पर पीटा

**आंवला, अमृत विचार :** गांव सिकरोड़ा निवासी आलोक कुमार ने बताया कि वह मंगलवार को पत्नी गुड्डो रानी के साथ मनौना स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर जा रहे थे। गांव से आंवला की ओर मुड़ने पर बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी गिरकर घायल हो गईं। दूसरी बाइक पर तीन युवक सवार थे। विरोध करने पर बाइक सवार युवकों ने मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों को दबोच लिया, जबकि उनका साथी भाग गया।

### किशोरी ने डीजल डालकर लगाई आग, मौत

**कलान/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** किशोरी ने कमरे का दरवाजा बंद कर डीजल डालकर आग लगा ली। चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और आग बुझाई। अस्पताल ले जा पाते उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। परिवार वाले आत्महत्या का कारण नहीं बता पा रहे हैं। कलान थाना क्षेत्र के गांव रुकनपुर निवासी गंगाराम की पुत्री सरस्वती (15) ने सोमवार की रात नौ बजे खाना खाया और कमरे में लेट गई। गंगाराम, मां ममता और भाई आंगन में सो गए। रात करीब एक बजे सरस्वती ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। उसकी चीखें सुनकर माता-पिता जाग गए। उन्होंने कमरे का दरवाजा किसी तरह तोड़ा। बेटी को जलता देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने आग बुझाई। अस्पताल ले जाने से पहले ही सरस्वती ने दम तोड़ दिया। सीओ अजय कुमार राय और प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र पहुंचे और मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों का कहना है कि घर में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। उसने आग क्यों लगाई, इसकी कोई जानकारी नहीं है। सीओ ने कहा कि परिवार वाले कोई कारण नहीं बता पा रहे हैं। जांच की जा रही है।

## रिछा में हद से ज्यादा बिजली कटौती, जेई पर फोन न उठाने का आरोप

**देवरनियां, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में रिछा कस्बे में हद से ज्यादा बिजली कटौती हो रही है। इससे लोगों को दिक्कत हो रही है। भाजपा नेता विपिन गंगवार का आरोप है कि अगर कोई व्यक्ति समस्या बताना चाहे तो बिजलीघर के जेई फोन तक नहीं उठाते हैं।

उन्होंने एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री और डीएम से इसकी शिकायत की है। उनका कहना है कि भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती जारी है। इस संबंध में जेई रामेश गौतम का कहना है कि फाल्ट होने पर ही बिजली बंद की जाती है, जरूरी काम होने पर फोन नहीं उठा पाए होंगे। एसडीओ तृतीय बहेड़ी प्रेमचंद यादव का कहना है कि रोस्टर के हिसाब से रिछा में बिजली दी जा रही है। अगर कुछ समस्या है तो उसे दूर कराया जाएगा। जेई के फोन न उठाने का मामला संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा है तो उनसे पूछा जाएगा।

# बिजली समस्या पर फूटा गुस्सा, लोगों ने अलीगंज सब स्टेशन पर किया हंगामा

संवाददाता ,राजपुर कलां/अलीगंज

**अमृत विचार :** बिजली समस्या को लेकर कई गांवों के लोगों ने अलीगंज सब स्टेशन पर हंगामा किया। एसडीओ ने गुस्साए लोगों को समझाकर शांत कराया।

इस सब स्टेशन से करीब 84 गांवों की आपूर्ति जुड़ी है। भीषण गर्मी में आए दिन क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो जाती है। रात में ट्रिपिंग की समस्या रहती है। इससे नाराज राजपुर कला, पटपरागंज, अमरोली, मझगवां आदि गांव के लोग मंगलवार दोपहर सब स्टेशन पर पहुंचे। यहां कोई कर्मी और अधिकारी नहीं मिला। यह देखकर उनका पारा चढ़ गया। इस दौरान लोग नारेबाजी कर हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंचे एसडीओ सतेंद्र कुमार ने लोगों को समझा और आपूर्ति में सुधार का आश्वासन दिया। राजपुर कला के प्रधान अतुल कुमार गुप्ता, प्रशांत यादव, मोहित पोरवाल, हरीश, जयपाल वर्मा, अजीत सिंह, लेखराज वर्मा, अनिकेत मिश्रा आदि ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। जेई राजकुमार वर्मा ने बताया कि सब स्टेशन को सिरौली बिजली घर से जोड़ दिया गया है। इससे लोड कम होने से रात में ट्रिपिंग की समस्या का समाधान हो जाएगा।

- ग्रामीण बोले- ट्रिपिंग की समस्या खत्म नहीं हो रही, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन


अलीगंज सब स्टेशन पर मौजूद कई गांवों के लोग। ● अमृत विचार

**ट्रांसफार्मर में आग लगने से आपूर्ति बाधित**

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर रोड पर कब्रिस्तान की पुलिया के निकट लगे ट्रांसफार्मर में सोमवार देर रात तेल का रिसाव होने से आग लग गई। देखते ही देखते ऊंची लपटें उठने लगीं। सूचना पर दमकल विभाग को दी गई। प्रभारी योगेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आपूर्ति बंद कराकर आग बुझाई। पूरी रात क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रही। मंगलवार को पूरे दिन ट्रांसफार्मर को ठीक करने का काम होता रहा। गर्मी से लोग परेशान होते रहे। फिलहाल, देर शाम तक आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी थी।

## जंगल में मिला लापता युवक का शव, हत्या की आशंका

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक दिन पहले घर से कस्बा भोजीपुरा जाने की बात कहकर निकले युवक का शव मंगलवार को गांव मझौआ गंगापुर के जंगल में देवरनिया नदी किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। सीओ हाईवे और प्रभारि निरीक्षक ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव प्रहलादपुर निवासी प्रेमपाल मौर्य (35) सोमवार सुबह आठ बजे घर से भोजीपुरा जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन रात में नहीं लौटे। मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे परिजनों को मझौआ गंगापुर के जंगल में प्रेमपाल के शव मिलने की सूचना मिली।

परिजन और पूर्व प्रधान श्याम लाल की सूचना पर भोजीपुरा थाना के प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह, एसएसआई तेजपाल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ हाईवे नितिन कुमार भी आ गए। फील्ड यूनिट ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रेमपाल के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं दिखा, लेकिन सिर और हाथ खून से सना था। पुलिस के अनुसार प्रेमपाल शराब पीने के आदी थे। मृतक के भाई वीरेंद्र ने हत्या की आशंका जताई है। सीओ हाईवे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह पता चलेगी।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस टीम।

- एक दिन पहले घर से भोजीपुरा जाने की बात कहकर निकले थे प्रेमपाल

## दोस्तों संग बरेली से लौटे युवक की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

- मां ने जताई हत्या की आशंका पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**अमृत विचार:** दोस्तों के साथ बरेली से लौटकर आए युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवक की मां ने साथ गए दोस्तों पर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस को पोस्टमार्टम का इंतजार है।


मृतक अंकित।

बरखेड़ा कस्बे के वार्ड नंबर नौ की रहने वाली मीरा देवी ने बताया कि उनका बेटा अंकित (27) प्राइवेट काम करता था। सोमवार 17 जून की दोपहर करीब एक बजे उसे कस्बे के ही रहने वाले दोस्त ने किया और कार लेकर अपने पास बुलाया। इसके बाद कुछ अन्य लोगों के साथ अंकित को बरेली ले गया। रात को बरेली से वापस आने के बाद अंकित को गाड़ी में ही छोड़ गए। अंकित की तबीयत बिगड़ी हुई। वह दर्द से झटपटा रहा था। परिजन आनन-फानन में उसे पीलीभीत के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे।

जहां अंकित को मृत घोषित कर दिया। मीरा देवी ने अपने बेटे अंकित के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। बरखेड़ा पुलिस ने मौका मुआयना किया। मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फील्ड यूनिट ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की।

> एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हुई है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस गई थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। छानबीन चल रही है।
> – राजकुमार सिंह, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

## मालगाड़ी में कोयले में लगी आग दमकल ने बुझाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कोयले की मालगाड़ी लखनऊ से बरेली की ओर जा रही थी। कहेलिया रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी को रोक दिया। दमकल ने पहुंचकर आग को बुझाया। कोयले की मालगाड़ी लखनऊ से बरेली की ओर रात साढ़े दस बजे जा रही थी।

कहेलिया रेलवे स्टेशन से पहले गेटमैन ने मालगाड़ी के वैगन संख्या 21246 में धुंआ तथा आग की लपटे निकलते हुए देखा। गेटमैन ने कंट्रोल तथा कहेलिया स्टेशन मास्टर को सूचना दी। मालगाड़ी को स्टेशन पर रोक लिया। इधर कर्मचारियों ने कोयले में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर दमकल वाहन मौके पर पहुंच गया। दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया। एफएसओ वीडी पटेल ने बताया कि वैगन में कोयले में मामूली सी आग लगी थी, जिसे बुझा लिया गया था।

# दोस्तों के साथ ग्रेम डैम पर नहाने गया किशोर डूबा, तीन घंटे बाद मिला शव

सवाददाता ,नवाबगंज

**अमृत विचार :** ग्रेम डैम में नहाने गया किशोर और उसके तीन दोस्त डूबने लगे। चीख पुकार सुनकर वहां मौजूद लोगों ने तीन किशोरों को बचा लिया, जबकि एक की मौत हो गई।

कस्बे के मोहल्ला कुरैशनगर निवासी तौफीक का बेटा मो. फैजान (16 ) तीन दोस्तों के साथ मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे ग्रेम डैम पर नहाने गया। यहां वे डैम से टांडा को निकली माइनर में नहाने लगे। पानी का तेज बहाव होने के कारण सभी डूबने लगे। यह देख वहां नहा रहे अन्य लोगों ने तीन किशोरों को बचा लिया, लेकिन फैजान का पता नहीं चला। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से फैजान की तलाश की। डैम का पानी रुकवा दिया गया। तीन घंटे के बाद फैजान का शव घटनास्थल से काफी दूर मिला। शव मिलने के बाद परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया। फैजान चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। वह बाइक रिपेयरिंग का कार्य सीख रहा था। उसके पिता ई रिक्शा चालक हैं। वहीं, तीन वर्षों में माइनर में नहाने के दौरान तीन लोगों की मौतें हो चुकी हैं। हादसे के बाद कुछ दिन पुलिस और डैम कर्मचारी सक्रिय रहते हैं लेकिन फिर इस ओर ध्यान नहीं देते हैं।

- लोगों ने डूब रहे तीन अन्य किशोरों को बचाया


ग्रेम डैम के माइनर में किशोर की तलाश करते गोताखोर। ● अमृत विचार

**किसान के इकलौते बेटे की रामगंगा में डूबने से मौत**

**फरीदपुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बेहरा के गुर्जर गौटिया निवासी उदयवीर सिंह गुर्जर का इकलौता बेटा अनिकेत गुर्जर (13) सोमवार को बेहरा स्थित रामगंगा घाट पर नहाने गया। यहां रामगंगा में नहाते समय वह डूब गया। मंगलवार को उसका शव बरामद हुआ। प्रधान संघ के अध्यक्ष ओमवीर गुर्जर की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। अनिकेत दो बहनों में सबसे बड़ा था।

## किसान नेताओं ने कहा- इफको के भूदाताओं को नहीं मिल रहा न्याय


एसडीएम को ज्ञापन देते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**आंवला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने तमाम समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

संगठन ने ज्ञापन में बताया कि इफको भूदाता पिछले 30 माह से रोजगार पाने को संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन न्याय नहीं मिल पा रहा है। किसानों को बिजली नहीं मिल पा रही है। गांवों में विद्युत लाइनें 20 से 30 किलोमीटर लंबी हैं, जोकि पेड़ों के पास से गुजर रही हैं। हल्की हवा चलने पर ही सप्लाई कर दी जाती है। मांग करते हुए कहा कि शेड्यूल के अनुसार खेतों की सिंचाई के लिए बिजली दी जाए। टांडा गांव में धर्मपाल सिंह के मकान निर्माण की समस्या दूर करने की मांग की। इस दौरान संगठन जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह, संतोष कुमार, कल्याण सिंह, धर्मपाल सिंह, बनवारी लाल, रमेश पाल सिंह, नेत्रपाल, सत्यपाल सिंह, गुड्डू, पान सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

- भाकियू शंकर गुट ने किसानों की समस्याओं पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हया: पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं, वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की जान की दुश्मन बन जाती हैं।


## संपादकीय

# विदेश व्यापार घाटा

भारत को वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण माना जाता है। देश का व्यापार परिदृश्य वैश्विक चुनौतियों और अवसरों के बीच विकसित हो रहा है। मौजूदा व्यापार नीतियां तथा मौद्रिक सुधार जैसे पहलू इसमें योगदान दे रहे हैं। देश बुनियादी ढांचे और तकनीकी प्रगति को भी प्रोत्साहित कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में वित्तीय क्षेत्र के लिए अनुकूल है। इस बीच भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 बिलियन डॉलर हो गया, जो अर्थशास्त्रियों के 19.5 बिलियन डॉलर के अनुमान से कम है। चिंता की बात यह है कि मसालों की शिपमेंट में 20.3 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जबकि समुद्री उत्पादों का निर्यात एक बार फिर से लुढ़क गया है। दूसरी ओर इंजीनियरिंग सामान, वाणिज्यिक वाहनों और स्मार्टफोन के शिपमेंट में वृद्धि से मई में देश का व्यापारिक निर्यात एक साल पहले की तुलना में 9 प्रतिशत बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। राहत की बात है कि पिछले पांच महीनों में से चार महीनों के दौरान आयात के साथ-साथ निर्यात भी बढ़ा है। भारत से निर्यात की जाने वाली शीर्ष 30 वस्तुओं में से 20 ने इस साल पिछले मई के निर्यात के आंकड़ों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि अप्रैल में सिर्फ 13 वस्तुओं के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। मई में जिन क्षेत्रों में सुधार हुआ उनमें परिधान, मानव निर्मित धागा और इंजीनियरिंग के सामान जैसे रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्र शामिल हैं।

व्यापार सचिव सुनील भरथवाल ने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति धीमी हो रही है और इससे क्रय शक्ति को और बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे आयात की मांग बढ़ेगी। व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार यदि कोई देश विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल या मध्यस्थ उत्पादों का आयात कर रहा है, तो घाटा हमेशा बुरा नहीं होता है। हालांकि यह घरेलू मुद्रा पर दबाव डालता है। इसी के चलते अधिकारियों ने बढ़ते व्यापार घाटे से जुड़ी चिंताओं को ज्यादा महत्ता नहीं दी है। उनका तर्क है कि भारत के निर्यात की मांग जल्द ही आयात संबंधी मांग को पीछे छोड़ देगी, क्योंकि यह बाकी दुनिया के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। गौरतलब है कि जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है तो उसे व्यापार घाटे का सामना करना पड़ता है। खुशी की बात है कि हमारे निर्यात के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है। केंद्र को बजटीय परिव्यय में वृद्धि के साथ माल निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अपनी योजनाओं और प्रयासों को पुनर्जीवित करना चाहिए।

# हिंदुस्तान की आर्थिक गिरावट और सामाजिक संकीर्णता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया।

मध्ययुग की लूटों और लगातार चलने वाले युद्धों की देन-उत्पीड़क लगान व्यवस्था के बावजूद विश्व में भारत की अद्वितीय निर्यात क्षमता और तज्जनित समृद्धि कायम रही। लगभग तीन सहस्राब्दियों की उत्तरोत्तर आनुवंशिक कुशलता से अर्जित सर्वोन्नत हस्तकला व हस्त उद्योग तथा कृषि भूमि पर (यूरोप के सामंतों एवं भूदासों के बरक्स) किसानों के स्वामित्व एवं विशिष्ट जलवायु के चलते कपास, रेशम, चावल, गन्ना व नील जैसे तब तक के ज्ञात विश्व के लिए दुर्लभ उत्पादों पर भारत का वर्चस्व अक्षुण्ण बना रहा। अठारहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध हिंदुस्तान के लिए अतिशय राजनीतिक विश्रृंखलन का काल था, किंतु एक विडंबना के तहत, यह विश्व बाजार में उसके निर्यात वर्चस्व और आर्थिक समृद्धि का भी काल था।

भारत की संस्थागत, सुव्यवस्थित लूट और उसकी उत्पादन व्यवस्था को ध्वस्त करने का ईस्ट इंडिया कंपनी ने कार्य किया। जाति व्यवस्था की विषमता का तीक्ष्णतम रूप, जो देश के आजाद होने पर हमें विरासत में मिला, काफी हद तक इसी लूट और विध्वंस का परिणाम था। जब सुनिश्चित हो गया कि दुनिया गोल है, पूरब और पश्चिम दोनों ओर से हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने की होड़ लग गई। स्पेन और पुर्तगाल ही यूरोप की दो महाशक्तियां थीं। हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने के लिए इन्हीं दोनों में प्रतिद्वंद्विता चली। भारत का समुद्री मार्ग खोजने के लिए पश्चिम की ओर बढ़ता स्पेन का कोलंबस अमेरिका के एक तटवर्ती द्वीप पर पहुंच गया (12अकटूबर 1492) जिसे वह भारत का हिस्सा समझ बैठा।

व्यापार के साथ-साथ स्पेन दक्षिण अमेरिका और मध्य अमेरिका में अपने उपनिवेश बनाने दौड़ पड़ा। बाद में मालूम हुआ, वह तो एक नई दुनिया है। दोनों महाशक्तियों में टकराव न हो, इसलिए पोप सिकंदर चतुर्थ ने एक पापल बुल जारी कर दुनिया को दो हिस्सों में बांट दिया (4 मई 1493) और पूरब का हिस्सा पुर्तगाल तथा पश्चिम का स्पेन के हवाले कर दिया (जैसे पोप को पूरी दुनिया पर प्रभुत्व हासिल हो)। दोनों को भारत का समुद्री मार्ग खोजना था और जो भी हिस्से मिले उन पर अपने-अपने कानूनों के अनुसार राज करना था, केवल व्यापार के लिए पूरे यूरोप के ईसाई जगत को छूट देनी थी। पुर्तगाल का वास्को डि गामा 20 मई 1498 को कालीकट पहुंचा और यही हिंदुस्तान, बल्कि एशिया के पराभव और यूरोप के उत्थान का बीज-बिंदु साबित हुआ। पहले पुर्तगाल के व्यापारी भारत आए (1600), फिर डच (1610), फिर ब्रिटिश (1611), फिर फ्रांसीसी (1667) और अंत में आए डेनमार्क-नार्वे वाले (1799)। (पांडिचेरी के उत्तर, तमिलनाडु के थरंगंबादी कस्बे और बंगाल के सेरामपुर में डेनिश अड्डे थे, थरंगंबादी में समुद्रतट पर उनकी टूटी-फूटी व्यापारिक कोठी अभी भी मौजूद है।)

> दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे।

1600 में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना मुख्यतः भारत से समुद्री व्यापार करने के लिए ही हुई थी। 1614 में सर टॉमस रो ब्रिटिश संसद के सदस्य बने। रो की पहले से मशहूर राजनयिक सफलता के चलते कंपनी ने राजा जेम्स से उन्हें हिंदुस्तान के बादशाह जहांगीर के पास इंग्लैंड का राजदूत बनाकर भेजने की सिफारिश की, जो मान ली गई। रो 1615 में आगरा पहुंचे। वे 1615 से 1618 तक तीन साल आगरा में रहे और जहांगीर के करीबी तथा हम प्याला बनने में सफल हुए। आखिर जहांगीर ने कंपनी को सूरत में व्यापारिक कोठी (गोदाम या कारखाना) खोलने की अनुमति दे दी। भारत के भावी दुर्भाग्य का यह दूसरा काल बिंदु साबित हुआ। सूरत के बाद कंपनी की व्यापारिक कोठियां आगरा, अहमदाबाद, भड़ौच और बड़ौदा में भी खुल गईं। बंगाल में कंपनी की पहली कोठी खुली हुगली में (1650-51), फिर एक और कोठी कासिम बाजार में खुल गई। हुगली में कंपनी के उद्धत कर्मचारियों द्वारा की गई लूटपाट से बौखलाए औरंगजेब के हुक्म से मुगल सेना ने अंग्रेजों की बस्ती उजाड़कर उन्हें समुद्र में खदेड़ दिया (1686)। दो साल बाद चटगांव पर कब्जा करने की उनकी कोशिश भी नाकाम कर दी गई।

दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे। बड़े मुगलों में से किसी को भी पहले के चोलों, चालुक्यों और पल्लवों की तर्ज पर अपना शक्तिशाली समुद्री बेड़ा खड़ा करने की नहीं सूझी, जिसे करने में वे पूर्णतः समर्थ थे। इतिहास में दूरगामी असर वाले ऐसे आकस्मिक हादसे होते रहे हैं। छोटे मुगलों के काल में, पहले प्लासी, फिर बक्सर युद्ध (1764) में अंग्रेजों की विजय और अगले साल इलाहाबाद की संधि ने व्यापारी कंपनी को सत्ता और राजनीति की विस्तीर्ण दीर्घा में छलांग लगाने का अवसर उपस्थित कर दिया। इस तरह भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया। सीमित हुए संसाधनों की इस छीनाझपटी में जाति व्यवस्था अपने क्रूरतम, अमानुषिक रूप में उभरकर सामने आई।

कंपनी द्वारा नए-नए इलाकों पर कब्जा करने हेतु लड़ी गई लड़ाइयों के संसाधन जुटाने और बैलेंस शीट बेहतर दिखाने के लिए कृषि लगान की दरें लगातार बढ़ाई जाती रहीं। सूखे और बाढ़ में भी कोई रियायत नहीं दी जाती थी। बाद में लगान वसूली के बिचौलियों का एक वर्ग विकसित हो गया, जो सरकार को निश्चित दर पर मालगुजारी देता था, किंतु वह किसानों से कितना वसूल करता था, इस पर कोई नियंत्रण नहीं था, जानकारी तक नहीं थी। इस तरह कारीगर के साथ-साथ किसान भी बर्बाद हो गए। मुख्यतः इंसानी कारणों से उद्भूत बंगाल के भयानक दुर्भिक्ष (1769-73) से वहां की जनसंख्या एक तिहाई रह गई। मुगल काल का सबसे संपन्न सूबा सबसे विपन्न बन गया। इतिहासकारों ने स्वीकार किया है कि इस दुर्भिक्ष का मुख्य कारण कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार और कर के नाम पर कंपनी के कर्मचारियों की व्यक्तिगत लूट थी। ठीक वैसा ही अकाल ब्रिटिश शासन के अंतिम चरण में 1943 में पड़ा जिसका मुख्य कारण प्राकृतिक नहीं, मानवीय था जिसमें जापान से पराजय की ओर उन्मुख अंग्रेजों की पीछे हटने की स्थिति में शत्रु के लिए झुलसी धरती छोड़ने की अग्रिम नीति अपनाने का भी जबरदस्त योगदान रहा। 1943 के बंगाल दुर्भिक्ष में कम से कम 30 लाख लोगों को तड़प-तड़प कर जान देनी पड़ी। कंपनी राज से शुरू होकर बाद के मुकुट राज में भी भारत को कच्चे माल का उत्पादक और तैयार माल के उपभोक्ता में बदलने की प्रक्रिया जारी रही। अंग्रेजों का इरादा स्वेच्छा से भारत का औद्योगीकरण करने का कभी नहीं रहा, किंतु युद्धकाल में बाधित यातायात की मजबूरी के चलते दोनों विश्वयुद्धों के दौरान भारत के उद्यमियों को स्वदेशी उद्योग लगाने की सहूलियत देनी पड़ी।

ब्रिटिश काल में हस्त शिल्प और कृषि कार्य में लगे होने से शूद्र सबसे अधिक प्रभावित हुए। बाद में वैश्विक औद्योगीकरण के चलते हस्त उद्योग वैसे भी लाभप्रद नहीं रह गए। शूद्र वर्ग की आर्थिक स्थिति में क्षरण के साथ प्रकृत रूप से उसकी सामाजिक स्थिति में भी गिरावट आई, लेकिन सबसे बुरा हाल हुआ पेशे की अशुचिता के आधार पर अस्पृश्य मान ली गई जातियों का। वे द्विजों से ही नहीं, शूद्रों से भी कटकर अलग-थलग पड़ गईं, शूद्र भी उन्हें अस्पृश्य मानने लगे। उनकी मानवीय गरिमा पूरी तरह रौंद दी गई। भारत के इतिहास का यह सबसे गर्हित अध्याय है। हिंदू धर्म का सबसे बड़ा कलंक भी। महाभारत काल तक जन्मना अस्पृश्यता का कोई सुराग नहीं मिलता, चातुर्वर्ण्य और जातिप्रथा का जरूर मिलता है। अस्पृश्यता के उद्भव और पुष्टीकरण का जघन्य कार्य बहुत बाद की देन है।

## प्रसंगवश

# अकेले अयोध्या पर शब्द बाण क्यों



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

उत्तर प्रदेश की फैजाबाद सीट जिसमें पुराण प्रसिद्ध सप्त पुरियों में प्रथम अयोध्या आती है, से भाजपा की पराजय हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारी प्रचार के साथ यहां राम की मूर्ति स्थापना की थी। वे यह मान बैठे थे कि 'वे ही राम को लाए हैं' और अब प्रत्युपकार करने की राम की बारी है। ऐसा नहीं हुआ। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 63 सीट घट गई और फैजाबाद हार गई। बस फिर क्या था, पार्टी के समर्थक और आईटी सेल वाले अयोध्या नगरी को ही कोसने लगे। खूब शब्द बाण चले। वे ये भूल गए कि स्वयं राम को यह नगरी बैकुंठ से भी ज्यादा प्रिय है। देश की जनता से अयोध्यावासियों को दंड देने की अपीलें की गईं। उन हिंदुओं को जयचंद से लेकर दोगला तक कहा गया, जिन्होंने भाजपा को वोट नहीं दिया। हद तो तब हो गई, जब एक धर्माचार्य भी इस विवाद में कूद पड़े और इन गैर भाजपा मतदाताओं को मंथरा का वंशज करार दे डाला। इन सब मर्यादाहीन आलोचकों का हम यहां ज्ञानवर्द्धन करना चाहते हैं। केवल अयोध्या में ही क्यों, भाजपा तो उन सभी जगह चुनाव हारी है, जहां-जहा राम रहे, बसे, अनुष्ठान किए। अब आप कहां-कहां की जनता को गाली दोगे? चित्रकूट में राम बहुत समय रहे, किंतु बांदा-चित्रकूट सीट सपा की झोली में गई। पंचवटी कौन नहीं जानता! माता सीता का हरण यहीं से हुआ। यह महाराष्ट्र की नासिक लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। यहां भाजपा तो खड़ी नहीं थी, उसकी सहयोगी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना का प्रत्याशी खड़ा था, जो हार गया। किष्किंधा में राम सुग्रीव की मित्रता और हनुमान मिलन हुआ था। यह स्थान आज 'हम्पी' है, जो कर्नाटक की बेल्लारी सीट का हिस्सा है। यहां से कांग्रेस जीती है। रामेश्वरम में तो श्रीराम ने प्रसिद्ध शिव ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और सेतुबंध किया था। यह रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र में आता है। यहां भी 'इंडिया' गठबंधन जीता है और भाजपा समर्थित निर्दलीय हारा है। तब फिर अकेले अयोध्या को कोसना क्यों जारी है? राम की आवाज सुनिए। वे अपने नाम और भक्ति का राजनीतिकरण नहीं चाहते। वे समदर्शी हैं और "सब मोहि प्रिय सब मम उपजाय" उनका उद्घोष है।

# मनुष्य की भावनाएं ही उसे बड़ा बनाती हैं



डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

> कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा, उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है।

वॉयजर 1 अंतरिक्ष यान के लगभग सभी खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। लगभग 47 वर्ष से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहा वॉयजर वन इस समय पृथ्वी से लगभग 24 अरब किलोमीटर दूर है। यहां से वहां तक रेडियो सिग्नल जाने में उसके प्रकाश की गति (3 लाख किलोमीटर प्रति सेकंड) के हिसाब से चलते हुए 22 घंटे का समय लगता है। यहां से रेडियो सिग्नल भेज कर ये खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। क्या यह मानव की मेधा को नमन करने का अवसर नहीं है?

जब यह वॉयजर वन पृथ्वी से 6.4 अरब किलोमीटर दूर था, तब इसने पृथ्वी के चित्र लिए थे। उसमें पृथ्वी अनंत अंतरिक्ष में एक बिंदु के समान दिखाई पड़ रही थी। उसे देखकर प्रसिद्ध खगोल शास्त्री और विज्ञान लेखक कार्ल सैगन ने 1994 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'पेल ब्लू डॉटः ए विजन ऑफ द ह्यूमन फ्यूचर इन स्पेस' में इन शब्दों को कहा था। उनके ये शब्द मानव जाति के लिए कितने प्रेरणादायक हैं।

'उस बिंदु को दोबारा देखें। वो जगह यह है, वो घर है, वो हम हैं। इस पर वो सभी लोग हैं जिन्हें तुम प्यार करते हो, जानते हो, सुनते हो, जितने भी मनुष्य आज तक हुए हैं। हमारी खुशी, हमारी वेदना, हमारे धर्म, विचार, मत, शिकारी, नायक, कायर, सभ्यताओं को बनाने और बिगाड़ने वाले, राजा और किसान, प्यार में डूबे युवा, प्रत्येक माता-पिता, आशावान बच्चा, आविष्कारक और खोजी, नैतिकता के शिक्षक और भ्रष्ट नेता, हर एक सुपरस्टार और महान नेता, हर संत और पापी, सब कुछ जो हमारे इतिहास में हुआ, इस नीले बिंदु के भीतर सूर्य के प्रकाश में दीखने वाली धूल की तरह लुप्त हो गया।' 'इस अनंत ब्रह्मांड में पृथ्वी बहुत ही छोटा हिस्सा है। उन शासकों के बारे में सोचिए जिन्होंने इस बिंदु पर कब्जा करने के लिए खून की नदियां बहा दी थीं। अंतहीन निर्दयता जो एक तरफ के लोगों ने दूसरे तरफ के लोगों पर की थी। वे लोग कितनी अज्ञानता से भरे थे, एक-दूसरे को मारने की तड़प से भरे, कितनी गहरा था उनका द्वेष।'

'हमारा दिखावा, अहंकार, यह भ्रम कि हम इस ब्रह्मांड में विशेष हैं, इस बिंदु ने यह सब भ्रांतियां तोड़ दी हैं। हमारा ग्रह इस अनंत अंधेरे ब्रह्मांड में एक अकेले कण के समान है। इस अंधकार और विस्तार में कोई संकेत नहीं है कि कोई हमें, हमसे बचाने कहीं और से आएगा।' 'कहते हैं कि खगोल विज्ञान विनय और चरित्र निर्माण देता है, लेकिन वे तस्वीर मानव अहंकार की अज्ञानता का बेहतरीन उदाहरण है। वे हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित करती है कि हमें एक दूसरे से और भी कृतज्ञता और नम्रता के साथ व्यवहार करना चाहिए ताकि हम इस धरती को संजोकर रख सकें। धरती, वह एक नीला बिंदु, जो हमारा एकमात्र घर है।' कितना सही कहा था कार्ल सैगन ने। वास्तव में अंधेरे, काले, गहन अंतरिक्ष में एक बिंदु-जो पृथ्वी है-हमें दिखाता है कि हम इस ब्रह्मांड में कितने महत्वहीन हैं। हमारा अहंकार कितना खोखला है। पृथ्वी के एक भाग पर अधिकार करने के लिए किए गए हमारे झगड़े और युद्ध कितने तुच्छ हैं। हमारी स्वयं को ही सर्वश्रेष्ठ और सदैव सत्य समझने की भावना कितनी उथली है। हमारी स्थिति पृथ्वी के समस्त महासागरों के तटों पर बिखरी हुई रेत के एक कण से भी कम है।

मानव में बहुत सी कमियां हैं। यहां दूसरों को कष्ट देने की भावना है, यहां धर्म के नाम पर अन्य प्राणियों के प्राण लेने की भावना है, यहां अहंकार है, क्रोध है, असत्य है, यहां अज्ञान है। हम सिकंदर को महान कहते हैं। क्यों कहते हैं? क्या इसलिए कि उसने मकदूनिया से निकलकर तलवार के बल पर पृथ्वी के एक छोटे से भाग पर अधिकार कर लिया था? क्या महान होने की यह कसौटी होनी चाहिए? कैसे हम अपने धर्म की कमियां दिखाई जाने पर आपे से बाहर हो जाते हैं, कैसे हम तर्कसंगत विचार न करके अपने तथाकथित धर्म को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं और उसके लिए मरने-मारने को तैयार हो जाते हैं।

कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा, उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है। इस ब्रह्मांड के रहस्य ज्ञात करने के लिए किया गया उसका परिश्रम तुच्छ नहीं है। उसकी यह भावना गलत नहीं है। यही वह मेधा है, वह इच्छा है और वह परिश्रम है जिसने उसे एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक लाकर खड़ा किया है, जहां वह स्वयं अपना और अपने ब्रह्मांड का उद्गम खोज रहा है। मनुष्य की यह भावना उसे बड़ा बनाती है। उसकी यह भावना उसकी अनेक कमियों के बावजूद उसे एक अलग स्थान पर खड़ा करती है।

## सोशल फोरम

# प्रकृति के परिवर्तन का यथार्थ



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

जीवन में कई बार ऐसे मुकाम आते हैं, जब हमें लगने लगता है कि हमारी समझ परिपक्व हो गई है और किसी विषय या चीज के विषय में अब हम, जो विचार, राय या धारणा बनाएंगे, वह परिपक्वता की दृष्टि से सबसे अच्छी होगी और उसमें किसी प्रकार के सुधार या परिष्कार की कभी आवश्यकता नहीं होगी।

कुछ दिन, महीने या साल बाद जब हम अपने उस परिपक्व विचार, राय या धारणा को देखते हैं, तब हमें उसमें कुछ कमी महसूस होने लगती है। इसका कारण है कि हमारी समझ अध्ययन, मनन, अनुभव, परिवेश और समय-सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक आदि क्षेत्रों में निरंतर हो रहे बदलावों के साथ समायोजन करते हुए सतत बदलती रहती है।

यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि एक मनुष्य अपने जीवन में जानते, समझते, अनुभव करते, पढ़ते-लिखते और समय के साथ समायोजन करते हुए सतत संशोधित और परिष्कृत होता रहता है, यानी विकसित होता रहता है। यह बदलाव या विकास सदैव सीधी रेखा में ही नहीं होता, कई बार यह टेढ़ा-मेढ़ा भी होता है। सतत बदलाव प्रकृति का नियम है। मनुष्य और उसका परिवेश भी बदलता रहता है। यह बदलाव स्वाभाविक है, लेकिन हमारे समाज का सोच कहावतों, काव्यांशों, दोहों, चौपाइयों, श्लोकों आदि से इस कदर प्रदूषित है कि इस समाज में बदलने को स्वाभाविक और सकारात्मक अर्थ में नहीं लिया जाता। बदलने का अर्थ हम अविश्वसनीयता, अमानवीयता, धूर्तता आदि से लगाते हैं, जबकि सकारात्मक दिशा में बदलना प्रगति करना है और इस बदलाव को प्रसन्नता से स्वीकार करना चाहिए।

हम भूल जाते हैं कि जब हम अपने जीवनकाल में ही बदलते रहते हैं, तब हमारे पूर्वजों के विचार आज संभव है कि प्रासंगिक और उपादेय न रह गए हों, मगर धर्म, संस्कृति और प्राचीनता की भक्ति में डूबा समाज उनके विचारों के पुनर्मूल्यांकन का साहस ही नहीं करता। इस प्रवृत्ति से समाज में पाखंड और भेद बढ़ता है। दुनिया के उन्नत और आधुनिक समाजों के साथ समायोजन और बदलना करना कठिन हो जाता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# भीषण गर्मी में योगदान देने वाले कारक



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> 'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली अत्यधिक गर्मी की लहर सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता और समग्र सामाजिक कल्याण के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करती है। भारत में अत्यधिक गर्मी की चिंताजनक स्थिति का विभिन्न क्षेत्रों और दैनिक जीवन के पहलुओं पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। हालांकि सरकार ने जलवायु कार्य योजनाओं, ताप कार्य योजनाओं और शहरी हरित पहलों के माध्यम से प्रभाव को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन चुनौतियां महत्वपूर्ण बनी हुई हैं।

अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए सरकारी नीतियों, उद्योग अनुकूलन और उपभोक्ता जागरूकता के संयुक्त प्रयास महत्वपूर्ण हैं। ग्लोबल वार्मिंग के मूल कारणों को संबोधित करके और गर्मी की लहरों के प्रति लचीलापन बढ़ाकर, भारत भावी पीढ़ियों के लिए अपनी आबादी, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की रक्षा कर सकता है। बढ़ते तापमान का प्राथमिक चालक ग्लोबल वार्मिंग है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट मानवीय गतिविधियों, विशेष रूप से जीवाश्म ईंधन जलाने, वनों की कटाई और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और बढ़ते वैश्विक तापमान के बीच एक स्पष्ट संबंध का संकेत देती है। सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, अपनी आबादी और बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। 2008 में लांच की गई, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए भारत की रणनीति की रूपरेखा तैयार करता है। इसमें सौर ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, टिकाऊ कृषि और जल संरक्षण पर मिशन शामिल हैं, जिनका उद्देश्य समग्र कार्बन पदचिह्न को कम करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। कई राज्यों और शहरों ने हीट एक्शन प्लान विकसित किए हैं, जो गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए डिजाइन किए गए व्यापक ढांचे हैं। इन योजनाओं में आम तौर पर शामिल हैंः आसन्न गर्मी की लहरों के बारे में जनता को समय पर जानकारी प्रसारित करना, नागरिकों को गर्मी की लहरों के खतरों और निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना। गर्मी से संबंधित बीमारियों को पहचानने और उनका इलाज करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण देना तथा शीतलन केंद्र बनाना, हरित आवरण बढ़ाना और जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार करना। शहरी ताप द्वीप प्रभाव से निपटने के लिए सरकार हरित पट्टियों और शहरी वनों के विकास को बढ़ावा दे रही है।

'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा में भारी निवेश कर रहा है। लक्ष्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना है, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर परिवर्तन महत्वपूर्ण है। भारत में अत्यधिक गर्मी विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करती है, प्रत्येक को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और विशिष्ट अनुकूलन की आवश्यकता होती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि अत्यधिक गर्मी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। उच्च तापमान के कारण निम्न हो सकते हैंः गर्मी का तनाव फसल की वृद्धि और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। गेहूं, चावल और दालें जैसे मुख्य खाद्य पदार्थ विशेष रूप से अतिसंवेदनशील होते हैं। वाष्पीकरण दर बढ़ने से सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कम हो जाती है जिससे पहले से ही गंभीर पानी की कमी की समस्या और बढ़ जाती है। पशुधन गर्मी के तनाव से पीड़ित हैं जिससे दूध उत्पादन कम हो गया है और मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। अत्यधिक गर्मी में माल परिवहन करना समस्याग्रस्त हो सकता है जिससे आपूर्ति श्रृंखला दक्षता प्रभावित हो सकती है। गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तनावपूर्ण हैः गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दरः अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और अन्य संबंधित स्थितियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की लागत प्रणाली पर वित्तीय बोझ डालती है। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं, इसलिए लक्षित स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों की आवश्यकता है।

पर्यटन-पर्यटन उद्योग, विशेष रूप से अपने ग्रीष्मकालीन आकर्षणों के लिए जाने जाने वाले क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करता है, जो अत्यधिक गर्मी पर्यटकों को रोकती है जिससे पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों पर असर पड़ता है। स्वास्थ्य और अच्छाई गर्मी की लहरों के दौरान उपभोक्ताओं को कई स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है। जैसे हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और पुरानी स्थितियों का बिगड़ना आम है। आर्थिक बोझ-उपभोक्ताओं पर आर्थिक प्रभाव में शामिल हैं। जैसे उपयोगिता बिलों में वृद्धिः घरों और कार्यालयों को ठंडा करने की लागत के कारण बिजली का बिल बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी से जीवन की समग्र गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अत्यधिक गर्मी बाहरी गतिविधियों और गतिशीलता को सीमित कर देती है, जिससे समग्र आराम कम हो जाता है।

# महंगाई दर कम दिखाने का नुस्खा



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगातार चीजों के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं। अगर सुबह-सुबह अखबार पर नजर डाले तो रोज ही किसी न किसी रोजमर्रा की चीजों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल जाती है।

विगत दिनों में दूध, आटा-दालों, सब्जियों, सीएनजी, एटीएम से धन निकासी आदि के दामों में बढ़ोतरी की खबरे पढ़ने को मिलती हैं। जिस देश के चुने गए सांसदों में 99 प्रतिशत करोड़पति हों, वहां की संसद में शायद महंगाई पर न तो कोई गूंज होगी न ही कोई गंभीर चर्चा, लेकिन देश की जनता के लिए बढ़ती महंगाई केवल चिंता का विषय न होकर एक बड़ी चुनौती भी होती है।

केंद्र सरकार के पास हर कमी को ढंकने का कोई न कोई रास्ता रहता है, उसी के तहत महंगाई को कम कर दिखाने का भी नुस्खा निकल आया है। सरकार के हर बार के आंकड़ों में हैरानी की बात है कि थोक महंगाई दर बढ़ रही है, लेकिन खुदरा महंगाई घट रही है। इस गुत्थी को तो शायद बड़े अर्थशास्त्री ही समझ सके, लेकिन मई माह में थोक मंहगाई दर 1.20 प्रतिशत की अप्रैल की थोक मंहगाई दर से बढ़ कर 2.61 प्रतिशत हो गई यानी दुगने से भी ज्यादा हो गई, लेकिन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर इस अवधि में 4.85 प्रतिशत से घटकर 4.79 प्रतिशत रह गई। मामूली सी ही सही, लेकिन इन आंकड़ों के हिसाब से इसमें कमी आई।

असल में सरकार ने महंगाई दर कम दिखाने का नया नुस्खा निकाल लिया है। नए नुस्खे में खाने-पीने की चीजों का महत्व कम कर दिया गया है। पहले खाने-पीने की चीजों का वेटेज 49.86 प्रतिशत था जिससे खाने पीने की चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई का आंकड़ा बढ़ जाता था। अब इसे घटाकर 39 प्रतिशत कर दिया है जिससे खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने से इस महंगाई दर पर असर नहीं दिखाई देता।

देश की जनता इस मार से त्रस्त है। क्या देश के चुने हुए नुमाइंदे इस तरफ कोई ध्यान देंगे?

# लखीमपुर करंट हादसे में तीन अभियंताओं समेत चार निलंबित

## बिजली लाइन की चपेट में आने से हुई थी तीन लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर हुई कार्रवाई
- पांच संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त की गई

**अमृत विचार :** लखीमपुर के करंट हादसे में तीन लोगों की मौत व दो लोगों के घायल होने के प्रकरण में अधिशासी अभियंता, उप खंड अधिकारी, अवर अभियंता व लाइनमैन को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उपकेंद्र परिचालक समेत पांच संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन ने यह कार्रवाई की।

निलंबित कर्मियों में अधिशासी अभियंता गोला राज नारायण को मध्यांचल निगम मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। उप खंड अधिकारी-प्रथम गोला विनीत कुमार को निलंबित करते हुए मुख्य अभियंता सीतापुर क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है।

अवर अभियंता अमृत लाल को निलंबन के बाद अधीक्षण अभियंता गोला से सम्बद्ध किया गया है। इसके अलावा टेक्नीकल ग्रेड-दो लाइन मैन राकेश कुमार को निलंबित किया गया है। जिन कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई है, उनमें उपकेंद्र परिचालक सचिन वर्मा, अकुशल कर्मचारी दर्शन लाल, पवनेश, राजेश कुमार, संजय सक्सेना व कुंदन लाल शामिल हैं। वीएमकेए इलेक्ट्रिक्ल्स वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड शाहजहांपुर की ओर से संविदा पर कार्यरत थे। बीते दिन लखीमपुर जिले के थाना हैदराबाद अन्तर्गत 11 केवी गोला-मोहम्मदी फीडर की विद्युत लाइन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हो गये थे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त करवाई के निर्देश दिए थे।

## परिवहन निगम मुख्यालय पर धरने पर बैठे 1100 युवा

**लखनऊ, अमृत विचार:** अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदेश भर से आए करीब 1100 युवाओं ने परिवहन निगम मुख्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। नियुक्ति दो या मृत्यु दो के नारे लगा रहे युवाओं का कहना था कि इस बार नौकरी का पक्का आश्वासन मिलने पर ही धरने से हटेंगे। कोरोना महामारी के दौरान परिवहन निगम के सैकड़ों कर्मचारियों की कार्य के दौरान मौत हो गई थी। उनके परिवार के सदस्यों को मृतक आश्रित कोटे से नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था। अभी तक नियुक्ति नहीं मिल पाई है। 1100 से अधिक युवा नौकरी के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। वह मुख्यमंत्री से लेकर परिवहन मंत्री तक से गुहार लगा चुके लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

# सरकार के विकास कार्यों में बन सकते हैं भागीदार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 दिन के अंदर मिलेगी कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति

**अमृत विचार :** राज्य सरकार हमें अपने विकास कार्यों में भागीदार बनाने को तैयार है। ऐसे में हम बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल और यहां तक कि अंत्येष्टि स्थल तक से जुड़े निर्माण अथवा अन्य विकास कार्य कर सकेंगे। संबंधित कार्य स्थल पर हमारे नाम की शिलापट्ट लगेगी सो अलग।

शर्त यह है कि दानदाता 60 प्रतिशत अंश देगा तो 40 प्रतिशत सरकार की ओर से दिया जाएगा। यह 40 प्रतिशत या उससे कम राशि की व्यवस्था कार्य से संबंधित विभागों के बजट से की जाएगी। राज्य सरकार का उद्देश्य इस योजना से खासकर राज्य के उन निवासियों को को भी जोड़ने का है जो काफी संख्या में देश के विभिन्न शहरों में व विदेशों में कार्यरत हैं। नगर विकास विभाग की ओर से नगरीय क्षेत्रों में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इससे जुड़कर सरकारी विकास कार्यों के भागीदार बनने की इच्छा रखने वाले की दान की गई राशि योजना के तहत खुलवाए गए एस्क्रो अकाउंट में जमा कराई जाएगी। दान की राशि जमा करवाने के 30 दिनों के अंदर संबंधित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित डीएम से मिल जाएगी। निर्देशों के अनुसार, अगर कोई दानदाता स्कूल व इंटर कॉलेज की कक्षाओं या स्मार्ट क्लास के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराता है तो शेष धनराशि शिक्षा विभाग के बजट से दी जाएगी। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण में निदेशक नगरीय निदेशालय की सहायता प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट (पीएमयू) करेगी।

## सार-संक्षेप

### 12 जुलाई को होगा विधान परिषद का चुनाव

**लखनऊ, अमृत विचार :** चार राज्यों में विधान परिषद की पांच रिक्त सीटों पर 12 जुलाई को चुनाव होंगे। उसमें से एक उत्तर प्रदेश की वह रिक्त सीट भी जो स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद बनी है। पांच में से तीन सीट पर विधान परिषद के सदस्यों के इस्तीफे और शेष दो सीट पर सदस्यों को अयोग्य ठहराए जाने के कारण उपचुनाव आवश्यक हो गया था। उप्र. में स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा छोड़ने और फरवरी में सदन से इस्तीफा देने के बाद उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एक पद रिक्त हो गया था।

### गर्मी में खूंखार हो रहे कुत्ते व बंदर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते आवारा कुत्ते व बंदर खूंखार होते जा रहे हैं। इन्हें भरपेट भोजन उपलब्ध नहीं होने पर ये लोगों पर हमलाकर उन्हें घायल कर रहे हैं। सीएचसी में एंटीरेबीज इंजेक्शन लगवाने की कतार लग रही है। इसमें सबसे अधिक संख्या 4 से 10 वर्ष तक के बच्चों की है। कुत्ते गर्मी से राहत पाने के लिए नालियों में लेटे रहते हैं, तो बंदरों के झुंड गलियों में छांव में बैठे मिलते हैं। गर्मी से परेशान इन जानवरों को भरपेट भोजन भी नहीं मिल रहा है। जिससे ये इंसानों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या महिला व बच्चे की होती है। 20 दिन से सीएचसी में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने वालों की कतारें लग रही हैं। रोजाना 150 से 200 लोग रेबीज लगवाने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी 200 से अधिक लोग रेबीज का टीका लगवाने सीएचसी पहुंचे।

### अब एमआरआई से पता चलेगा दिल का हाल

**कानपुर, अमृत विचार :** प्रदेश में पहली बार दिल की बीमारी का पता लगाने के लिए कार्डियक मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआई) का इस्तेमाल किया जाएगा। यह सुविधा एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में शुरू की जाएगी। एमआरआई से दिल की जटिल से जटिल बीमारी का आसानी से पता चल सकेगा, इसके बाद हृदय रोग विशेषज्ञ समस्या की गहराई समझकर तुरंत सटीक इलाज शुरू कर देंगे। संस्थान में कानपुर नगर के साथ ही कन्नौज, इटावा, औरैया, उन्नाव, फतेहपुर, झांसी, बांदा, हमीरपुर, झांसी के अलावा बिहार व मध्य प्रदेश तक से दिल के रोगी इलाज के लिए आते हैं।

### किसानों के जीवन में दिख रहा परिवर्तन: योगी

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आजादी के बाद 2014 में पहली बार किसान देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना। स्वायल हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तक अनेक योजनाओं के जरिए किसानों के जीवन में परिवर्तन कर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में जो प्रयास शुरु हुए, आज उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं। मोदी ने जब तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो सबसे पहले किसानों के लिए समर्पित फाइल पर हस्ताक्षर किया और उनके द्वारा आज करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रधानमंत्री की मौजूदगी में वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन में विचार प्रकट कर रहे थे। इससे पहले योगी ने मोदी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### बंटवारे के विवाद में ट्रैक्टर से भाई को कुचलने की कोशिश

**सिंगाही, अमृत विचार :** थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव लालापुर में जमीन बंटवारे को लेकर दो सगे भाई मंगलवार को आपस में भिड़ गए। दोनों में पहले जमकर गाली-गलौज हुई। नौबत मारपीट तक जा पहुंची। इसी बीच गुस्साए एक भाई ने ट्रैक्टर स्टार्ट कर दूसरे भाई को कुचलने की कोशिश की। ट्रैक्टर की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। गांव लालापुर निवासी विनय वर्मा और उसके भाई संतोष वर्मा के बीच जमीन बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। पारिवारिक और गांव के लोगों ने कई बार विवाद सुलझाने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हुए। इसको लेकर दोनों के बीच आए दिन तकरार होती चली आ रही है। मंगलवार को भी दोनों के बीच एक बार फिर विवाद होने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। हालांकि परिवार के लोग इस दौरान एक-दूसरे को शांत कराने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन इसी बीच विनय वर्मा ने ट्रैक्टर स्टार्ट कर लिया और संतोष वर्मा को ठोकर मारकर कुचलने की कोशिश की, इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पिता की पिटाई से क्षुब्ध बेटे ने ब्लेड से अपना गला काटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में बीच सड़क पर ई-रिक्शा खड़ा कर देने पर ई-रिक्शा चालक का एक व्यक्ति से विवाद हो गया। दूसरे पक्ष ने चालक की पिटाई कर दी। इससे क्षुब्ध चालक के बेटे ने सड़क पर हंगामा किया तो पुलिस उसका वीडियो बनाने लगी। इसी बीच चालक के बेटे ने स्वयं की गर्दन में एक साइड में ब्लेड मार लिया। पुलिस ने उसके गले में कपड़ा बांधकर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरायकाइयां निवासी ई-रिक्शा चालक भगवान शरण का पड़ोसी से किसी बात को लेकर सोमवार की शाम सात बजे विवाद हो गया था। रामबाग गोशाला के सामने दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दूसरे पक्ष ने भगवान शरण की पिटाई कर दी।

# मां की हत्या कर बेटे ने खेत में दफनाया शव

संवाददाता, एटा

- मां के चरित्र पर शक करता था बेटा, 13 जून को हत्याकर दोस्तों की मदद से शव खेत में दफनाया

**अमृत विचार:** बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को चरी के खेत में दफना दिया। सौतेले बेटे ने पुलिस से शिकायत की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर खेत से शव बरामद कर लिया। उसने मां के चरित्र पर शक होने के चलते हत्या की बात कही है।

सकरौली थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी गंगा सिंह ने तीन शादियां की थीं। पहली शादी श्रीदेवी से की, जिससे एक बेटा हरपाल सिंह हुआ। श्रीदेवी की मृत्यु के बाद गंगा सिंह ने दूसरी शादी सुधा के साथ की। सुधा की मृत्यु के बाद तीसरी शादी सीमा देवी (40) के साथ की थी। सीमा से एक बेटा रमाशंकर और चार बेटियां हैं। गंगा सिंह की करीब तीन साल पहले मृत्यु हो गई। 13 जून को सीमा लापता हो गई। सौतेले बेटे हरपाल सिंह को रमाशंकर पर शक हुआ तो उसने सोमवार को पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रमाशंकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने मां की हत्या की बात कुबूल की।

# प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**वाराणसी, एजेंसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और लोकसभा चुनाव के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी की पहली यात्रा पर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद मांगा।

मंदिर जाने से पहले, मोदी ने मेहंदीगंज में पीएम किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित किया और दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल हुए। मंदिर के मुख्य अर्चक श्रीकांत मिश्रा ने मंत्रोच्चार के बीच षोडशोपचार विधि से पूजन कराया। मंदिर में, प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट किया- काशी विश्वनाथ मंदिर में भारत की प्रगति और 140 करोड़ भारतीयों की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। महादेव का आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे और सभी सुखी और स्वस्थ रहें। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना कर मन को असीम संतोष मिला। बाबा से सभी देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जय बाबा विश्वनाथ।



नरेंद्र मोदी मंगलवार को वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन करते हुए।

### देर रात औचक निरीक्षण करने निकले प्रधानमंत्री

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में मंगलवार रात औचक निरीक्षण पर निकल गए। वे देर रात सिगरा स्टेडियम पहुंचे। वहां इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बरेका गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। भाजपा सरकार पूर्वांचल के खिलाड़ियों को निखारने के लिए काशी में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम का निर्माण करा रही है। स्टेडियम में लगभग सभी स्पोर्ट्स होंगे।

## बरेली सहित 15 जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों का होगा निर्माण

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोवंश संरक्षण के लिए उप्र. के तमाम जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास का रास्ता साफ हो गया है। पशुधन विभाग की ओर से 15 जिलों में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास किया जाएगा। प्रत्येक गौ संरक्षण केंद्रों के हिस्से में 12 हजार रुपए की धनराशि आएगी। इस क्रम में बरेली, उन्नाव, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, अमेठी, मुरादाबाद के गौ संरक्षण केंद्र शामिल हैं।

# जेल की बैरक के पास जमीन में दबा रखे थे 3 मोबाइल

अयोध्या कार्यालय

- चार बंदियों के खिलाफ रिपोर्ट तीन बंदी रक्षक निलंबित

**अमृत विचार:** जिला कारागार प्रशासन को उच्च सुरक्षा बैरक के पास जमीन में दबा कर रखा तीन मोबाइल फोन मिला है। प्रकरण में कारागार प्रशासन ने उच्च सुरक्षा बैरक के चार बंदियों के खिलाफ नगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही लापरवाही बरतने के आरोप में तीन बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया है।

कारागार परिसर से मोबाइल का इस्तेमाल किए जाने की शिकायत और सूचना को लेकर एसएसपी जेल उदय प्रताप मिश्र ने स्टाफ के साथ उच्च सुरक्षा कक्ष में निरुद्ध बंदियों और उनके सामान की आकस्मिक तलाशी कराई।

तलाशी के बाद कक्ष के अहाते स्थित विद्युत पोल के सपोर्ट तार के पास खुदाई कराई तो लगभग डेढ़ फिट गहरे गड्ढे में एक पॉलीथिन बैग में लिपटे हुये बिना सिम के तीन कीपैड मोबाइल फोन बरामद हुए। कारागार प्रशासन की छानबीन और पूछताछ में पता चला कि इन मोबाइलों का इस्तेमाल उच्च सुरक्षा कक्ष में निरुद्धबन्दी अंकित अग्रहरी निवासी लोहरी धनपतगज थाना-कूड़ेभार जिला-सुलतानपुर, सचिन जायसवाल निवासी देवरिया बारुन बाजार, थाना-इनायतनगर, अयोध्या, श्याम यादव निवासी खुर्दाबाद साहबगंज, कोतवाली नगर अयोध्या व अनूप भाटी निवासी साकीपुर थाना-सूरजपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर की ओर से किया जा रहा है। इसके बाद बंदी रक्षक सुरेश कुमार, अजय शर्मा व पप्पू यादव को निलंबित कर दिया गया व जेलर जितेंद्र कुमार यादव की ओर से बरामद मोबाइल के साथ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए तहरीर नगर कोतवाली पुलिस को दी गई।

इस संबंध में अश्विनी कुमार पांडेय, नगर कोतवाल ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद चार बंदियों के खिलाफ कारागार अधिनियम 1894 की धारा 42 के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

## कार गैराज में लगी आग, 10 गाड़ियां जलीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** चिनहट के देवां रोड पर बाबा हॉस्पिटल के पास स्थित गैराज में मंगलवार सुबह आग लग गई। आग से गाड़ियों की टंकियां तेज धमाके से फट गईं। इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। आग ने गैराज के साथ कबाड़ की दुकान को भी अपने चपेट में ले लिया। हादसे में 10 गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# उत्तराखंड

## सांड़ ने बुजुर्ग को पटक कर मार डाला

**काशीपुर, अमृत विचार :** आवारा सांड ने एक बुजुर्ग को पटक-पटक कर मार डाला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला पौड़ी तहसील धूमकोट के ग्राम कलखोबिया हाल हेमपुर डिपो क्षेत्र के सैनिक कॉलोनी निवासी प्रेम सिंह रावत (75) मंगलवार शाम अपने घर के बाहर खड़े हुए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा घर के पास एक आम के पेड़ के नीचे एक मजदूर दोपहर लगभग दो बजे खाना खा रहा था, जिसे एक आवारा सांड मारने जा रहा था। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग प्रेम सिंह रावत ने चीखते हुए एक ईंट का टुकड़ा उठाकर उसे मारने की प्रयास किया। जब तक वह कुछ समझ पाते सांड ने उन्हें जमीन पर पटक दिया।

# खाई में गिरी कार, चार लोग घायल

संवाददाता, टनकपुर

- टनकपुर-पिथौरागढ़ राजमार्ग पर धौन के पास हुआ हादसा
- हल्द्वानी से मुनस्यारी के लिए जा रहा था परिवार

**अमृत विचार:** टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार खाई में जा गिरी गई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी से मुनस्यारी जा रही कार मंगलवार को दोपहर पौने 2 बजे धौन के पास खाई में जा गिरी। कार में एक ही परिवार के चार लोग सवार थे। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत और बचाव कार्य किया।

इस घटना में गणेश सिंह (39), उनकी पत्नी ममता (31), बेटी प्रतिभा (13) और बेटा योगेश (10) चोटिल हो गए। सभी घायलों को चम्पावत जिला अस्पताल लाया गया। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. गोरांग जोशी ने बताया कि दोनों बच्चों के हाथ में ज्यादा चोट लगी है। जबकि गणेश और ममता को मामूली चोट आई है। कार चला रहे गणेश सिंह ने बताया कि चढ़ाई में उन्हें एकाएक झपकी आ गई। इसी दौरान धौन के पास कार बेकाबू हो खाई में गिर गई।



खाई में गिरी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

## कुमाऊं में एआई कैमरे काटेंगे चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कुछ माह बाद वाहनों का चालान काटने के लिए न तो यातायात पुलिस की जरूरत होगी और न ही सीपीयू की। पुलिस का फोकस सिर्फ अपराध रोकने पर होगा। ऐसा इसलिए कि अब जल्द ही कुमाऊं में चालान काटने के लिए एआई कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस ने इसके लिए कार्य योजना बनानी शुरू कर दी है। वर्तमान समय में पुलिस नैनीताल जिले के अधिकांश क्षेत्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी कर रही है। फिर वह रामनगर हो, हल्द्वानी या फिर नैनीताल। इसका कंट्रोल हल्द्वानी में पुलिस बहुउद्देशीय भवन में है। एसएसपी खुद भी अपने हल्द्वानी कार्यालय में बैठकर पूरे जिले की निगरानी करते हैं। इन कैमरों का इस्तेमाल अभी सिर्फ निगरानी करने के लिए हो रहा है।

# मुख्यमंत्री ने दुकान पर बनाई चाय

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को भी नैनीताल के भ्रमण पर रहे। सुबह वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले। उन्होंने बड़ा बाजार, पंत पार्क क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों से मुलाकात कर हालचाल जाना।

इस दौरान सीएम धामी पंत पार्क क्षेत्र में चाय की दुकान पर पहुंचे, जहां उन्होंने खुद चाय बनाई और चाय पीने के साथ-साथ अपने सहयोगियों और स्टाफ को भी चाय पिलाई। मुख्यमंत्री ने जार में जाकर स्थानीय व्यापारियों का हाल-चाल जाना। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नैनीताल स्थित डीएसए खेल मैदान पहुंचे जहां उन्होंने खिलाड़ियों के साथ लंबा समय बिताया और फुटबॉल व बास्केटबॉल खेल। इस दौरान खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नैनीताल में रेसिंग ट्रैक, हॉकी, एस्ट्रोट्रफ समेत विभिन्न सुविधा नैनीताल को दिलाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने नैनीताल में चल रही अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के साथ मुलाकात कर उत्तराखंड में हॉकी के स्तर को बढ़ाये जाने को लेकर कार्य करने का आश्वासन दिया।



पंत पार्क क्षेत्र में दुकान में चाय बनाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा पंतनगर हवाई अड्डा

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री धामी ने राज्य अतिथि गृह सभागार में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि केंद्र और राज्य सरकार उत्तराखंड के विकास कार्यों को लेकर तत्पर है। पांच वर्षों में उत्तराखंड में तेज से विकास कार्य हुए हैं। एनएच के सुधारीकरण और विकास को लेकर सरकार ने एनएचएआई को 164 करोड़ का बजट दिया है। जिससे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके अलावा सरकर ने नागरिक उड्डयन विभाग को 800 एकड़ भूमि दी है। जिससे पंतनगर हवाई अड्डे का विस्तारीकरण किया जाएगा। पंतनगर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं से लैस किया जायेगा, जिससे उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों और यात्रियों को लाभ मिलेगा। धामी ने कहा कि जल्द ही उत्तराखंड परिवहन निगम को नई बसें मिलेंगी।

# अवैध खनन पर डिजिटल सर्विलांस से लगेगी रोक

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में अब अत्याधुनिक तकनीकी और डिजिटल सर्विलांस से अवैध खनन पर अंकुश लगाया जाएगा। शासन ने माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम तैयार किया है। इससे खनन गेटों पर निगरानी होगी।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में अवैध खनन पर शिकंजा कसने और वैध खनन से राजस्व बढ़ाने के लिए माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम के 93 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को वित्तीय मंजूरी दी है। इस सिस्टम से देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व ऊधमसिंह नगर के 40 चेक पोस्ट पर निगरानी होगी। खनन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एएनपीआर कैमरा, बुलेट कैमरा, आरएफआईडी राडार, एलईडी फ्लड लाइट्स अत्याधुनिक तकनीकी का प्रयोग होगा। देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल तथा ऊधमसिंह नगर में मिनी कमांड सेंटर भी बनेगा। डिजिटल सिस्टम से खनिजों के गैर कानूनी परिवहन, अवैध खनन, ओवरलोडिंग, ट्रांजिट पास के विपरीत डिलीवरी, अवैध खनन व अन्य कारणों से राजस्व हानि पर शिकंजा कसेगा।

# सरोवर नगरी में भी चलने लगे पंखे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जून में पहली बार तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी का काफी अहसास होने लगा है। बीते दो सप्ताह से नगर में 32 से 34 डिग्री तक पहुंचे तापमान से पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। वनाग्नि व जलवायु परिवर्तन के चलते नैनीताल में पहली बार तापमान 34 डिग्री तक पहुंचा है, जिसके चलते नैनीताल में भी अब गर्मी से राहत पाने को पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नैनीताल के इतिहास में पहली बार गर्मी का अहसास हुआ है, जबकि यहां पर वर्ष पर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ता था लेकिन पहली बार पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। अगर ऐसा ही रहा तो जल्द ही कूलर व ऐसी की जरूरत भी पड़ने लगेगी, जो कि नैनीताल के भविष्य के लिए चिंताजनक है। ग्रीष्म सीजन के दौरान हर वर्ष लाखों की संख्या में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लाखों की संख्या में सैलानी गर्मी से राहत पाने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन अब नैनीताल में भी शहरों की तरह ही गर्मी पड़ने लगी है और बीते कुछ वर्षों से बर्फबारी भी नहीं हो रही है, तो ऐसे में स्वाभाविक है आने वाले समय में नैनीताल से लोग मुंह मोड़ना शुरू कर देंगे।

### पर्यटक नैनीझील में उतरकर गर्मी से पा रहे राहत

**नैनीताल :** नैनीताल में तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचने के चलते अब पर्यटक भी गर्मी से परेशान होने लगे हैं। गर्मी से बचने के लिए इन दिनों पर्यटक झील के पानी में खेलकर मस्ती कर रहे हैं। बता दें कि इस वर्ष नैनीताल में भी भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। मैदानी क्षेत्र से ठंड की तलाश में नैनीताल पहुंचने वाले पर्यटक भी यहां की गर्मी से परेशान हैं।

# कृषि विभाग में उपनल से लगे सहायक लेखाकारों की बहाली के निर्देश दिए

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बीते बुधवार को कृषि विभाग में उपनल के माध्यम से कार्यरत सहायक लेखाकारों को हटाने के आदेश को रद करने के मामले में सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने हटाए गए कर्मचारियों को बहाली करने के निर्देश देकर कहा है कि जब तक सरकार की सर्वोच्च न्यायलय में लंबित विशेष अपील, राज्य सरकार बनाम किशन सिंह में कोई अंतिम निर्णय नहीं आ जाता तब तक उनकी सेवा बहाल की जाए। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त की तिथि नियत की गई है।

मामले के अनुसार उपनल के माध्यम से सहायक लेखाकार के पद पर कार्यरत अजय कनवाल व 19 अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा था कि सरकार ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सहायक लेखाकार के पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की, लेकिन इन भर्तियों में उन्हें कोई प्राथमिकता नहीं दी गई। जबकि उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी।

**आज मैदानी इलाकों में बारिश होने के आसार-हल्द्वानी।** मंगलवार को हल्द्वानी में भीषण उष्ण लहर चली। मौसम विभाग ने बुधवार को बारिश होने का अनुमान जताया है।

**शुद्धि पत्र**

अमृत विचार समाचार पत्र में दिनांक 12 जून, 2024 के अंक में हमारे कार्यालय द्वारा पत्रांक 69/सहा.अभि.द्वि. / निविदा / 2024-25 दिनांक : 10-06-2024 के माध्यम से निविदा प्रकाशित कराई गई थी। जिसमें क्र. संख्या दो में भूलवश क्र. संख्या 1 का ही कार्य का विवरण प्रकाशित हो गया है। अतः क्र. सं. दो में कार्य का विवरण जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में पडासुसेरा प्रथम लिफ्ट सिंचाई योजना में विस्तारीकरण हेतु 100 mm एम एस पाइपलाइन की आपूर्ति बिछाने का कार्य पढ़ा व समझा जाए।

सहायक अभियन्ता द्वितीय
नलकूप खण्ड टनकपुर

# 200 से अधिक पर्यटक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए

## सिक्किम भूस्खलनः पुलिस अधीक्षक ने बताया-करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे, मंगन में स्कूल बंद

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में 200 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे हुए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने बताया कि पर्यटकों को चुंगथांग के रास्ते मंगन शहर तक पहुंचाया गया, जहां से परिवहन विभाग ने उन्हें वाहनों में गंगटोक ले जाने की व्यवस्था की है। अधिकारी ने बताया कि उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे करीब 150 पर्यटकों को मंगलवार को और 64 पर्यटकों को सोमवार को मंगन कस्बे में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य के लिए जिला प्रशासन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य स्वयंसेवकों की मदद ले रहा है। उन्होंने बताया कि दिन में और भी पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया जाएगा। इसके साथ ही मंगन जिला प्रशासन ने संपत्ति को हुए नुकसान और सड़क अवरुद्ध होने के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जिले के सभी सरकारी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी हेम कुमार छेत्री ने बताया मंगन प्रखंड के मानुल, सिंघिक, मंगन तथा मांगशिला आदि क्षेत्र में सरकारी स्कूल अगले आदेश तक बंद रहेंगे।


सिक्किम के मंगन जिले में भूस्खलन के कारण फंसे पर्यटकों को निकालते कर्मी। ● एजेंसी

### लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया कई जगह भूस्खलन होने से संपर्क टूटा

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 12 जून से लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया, जिससे कई जगह भूस्खलन हुआ और जिले के ज्यादातर हिस्सों से संपर्क टूट गया। कई स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध होने के कारण लाचुंग में लगभग 1,200 पर्यटक फंस गए। पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के चलते सिक्किम में कम से कम छह लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा के कारण कई इलाकों में संपत्ति को काफी नुकसान हुआ और बिजली, खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क भी बाधित है। उन्होंने बताया कि सांकलांग में नवनिर्मित झूला पुल के ढहने के बाद स्थिति गंभीर हो गई क्योंकि यह उत्तरी सिक्किम और जोंगु को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग था। एक बयान में कहा गया, मौसम और भारी वर्षा के कारण पैदा हुए हालात से निपटने की कवायद के तहत बीआरओ ने उत्तरी सिक्किम से संपर्क जल्द से जल्द बहाल करने के लिए काम शुरू कर दिया है।

# एसकेआईसीसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

● श्रीनगर में होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में होगा। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार सुबह में यहां एसकेआईसीसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव गणपतराव जाधव ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय-स्वयं और समाज के लिए है जो व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका को उजागर करता है। बताया कि प्रधानमंत्री ने प्रत्येक ग्राम प्रधान को एक पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह 45 मिनट का होगा और इसमें विभिन्न योगासन किये जाएगें। पूरे समारोह का प्रसारण 22 भारतीय भाषाओं, छह संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त भाषाओं और नौ अन्य प्रमुख विदेशी भाषाओं में किया जाएगा। वहीं पूरी दुनिया में भारतीय राजदूतावास में भी योग के कार्यक्रम होंगे।

### मन की बात कार्यक्रम 30 से फिर होगा शुरू प्रधानमंत्री मोदी ने मांगे सुझाव



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण 30 जून से फिर से शुरू होगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद मन की बात वापस आ गया है! इस महीने का कार्यक्रम रविवार, 30 जून को होगा। उन्होंने कहा-मैं आप सभी से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' आखिरी बार 25 फरवरी को प्रसारित किया गया था और फिर लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक इसके प्रसारण पर विराम लगा दिया गया था।

## एक नजर

### प्रज्वल रेवन्ना को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यहां की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रज्वल बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसके पहले, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 12 जून को उन्हें 18 जून तक विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेजा था, जो उनके खिलाफ मामलों की जांच कर रही है। प्रज्वल (33) हाल ही में लोकसभा चुनाव में हार के कारण हासन सीट बरकरार रखने में विफल रहे।

### मालीवाल ने इंडिया के नेताओं को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार द्वारा उनके साथ की गई मारपीट के मामले पर बातचीत के लिए मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं से समय मांगा। विपक्षी गठबंधन के, राहुल गांधी और शरद पवार जैसे नेताओं को लिखे पत्र में आम आदमी पार्टी की सदस्य ने शिकायत की कि दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलने पर उन्हें शर्मिंदा किया गया और उनका चरित्र हनन हुआ।

### मुख्यमंत्री विजयन से मांगा गया जवाब

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ जांच शुरू करने की कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान की याचिका पर मंगलवार को विजयन से जवाब मांगा। कांग्रेस विधायक ने विजयन की बेटी की आईटी कंपनी (अब बंद हो चुकी) और एक निजी खनन कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ एक जांच का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति के. बाबू ने मुख्यमंत्री विजयन के अलावा विजयन की बेटी, उनकी बंद हो चुकी कंपनी और खनन कंपनी को भी नोटिस जारी करके विधायक की पुनरीक्षण याचिका पर जवाब मांगा है। एक सतर्कता अदालत ने कुझालनदान द्वारा निजी खनन कंपनी और विजयन की बेटी टी. वीणा की आईटी कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ जांच शुरू करने की याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद कांग्रेस नेता ने उच्च न्यायालय का रुख किया था। सतर्कता अदालत ने याचिका में भ्रष्टाचार दर्शाने वाले आवश्यक तथ्यों की अनुपस्थिति का हवाला देते हुए याचिका खारिज कर दी थी।

# महाराष्ट्र में धोखा खाए प्रेमी ने महिला को पीट-पीटकर मार डाला

पालघर (महाराष्ट्र), एजेंसी

● हमले के दौरान लोग इस भयावह तमाशे को देखते रहे

महाराष्ट्र के वसई में शुक्रवार को एक ठुकराए प्रेमी ने बीच सड़क पर अपनी प्रेमिका के सिर पर 18 वार किए, जबकि बड़ी संख्या में लोग इस भयावह तमाशे को देख रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी।

वालिव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जयराज रानावरे ने बताया, आरोपी ने महिला पर पाना (नट बोल्ट खोलने वाला एक उपकरण) से हमला किया। उसके शरीर पर 18 घाव थे। पुलिस ने बताया कि रोहित यादव (32) और आरती यादव (22) पड़ोसी थे और पिछले कुछ सालों से उनके बीच प्रेम संबंध थे। पिछले कुछ समय से आरती यादव ने उससे संपर्क करना बंद कर दिया था, जिससे उसे शक हो गया था कि उसका किसी और के साथ संबंध है। क्यों किया ऐसा मेरे साथ, प्रेमी यही कहता रहा और पाना से महिला के सिर पर वार करता रहा। बीच-बचाव करने के लिए मात्र एक व्यक्ति बाहर आया, बाकि सभी मूकदर्शक बने इस अमानवीय व्यवहार को देखते रहे। पुलिस ने बताया कि सामने आये वीडियो में बड़ी संख्या में लोग इस हमले को देखते हुए नजर आए, लेकिन युवक महिला पर हमला करता रहा और कोई उसकी मदद के लिए नहीं आया। वालिव पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस इस घटना की आगे की जांच कर ही है।

वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपी नाला सोपारा के एक मोहल्ले में रहते थे और एक औद्योगिक सेक्टर में काम करते थे। एक अधिकारी ने बताया कि वह हमलावर के साथ काम पर जा रही थी, तभी बीच रास्ते में उनका झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया कि युवती के बेहोश होकर गिर जाने के बाद भी आरोपी उस पर हमला करता रहा। वह घटनास्थल से फरार नहीं हुआ, बल्कि शव के पास ही सीढ़ी पर बैठा रहा।वालिव पुलिस थाने से एक टीम जल्दी से घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने एक पुरुष और एक अन्य महिला को हिरासत में लिया है जिसने हमले का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था।

# एनसीडब्ल्यू को उत्तर प्रदेश से मिलीं सबसे ज्यादा शिकायतें

नई दिल्ली, एजेंसी

**वर्ष 2024 में अब तक 12,600 शिकायतें मिलीं**

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को इस साल अब तक 12,600 शिकायत प्राप्त हुई हैं, जिनमें से सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश की ओर से दर्ज कराई गईं हैं। एनसीडब्ल्यू के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक शिकायत गरिमा का अधिकार श्रेणी में प्राप्त हुईं, जिसमें घरेलू हिंसा के अलावा अन्य उत्पीड़न शामिल हैं। इस श्रेणी में एनसीडब्ल्यू को कुल 3,107 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इसके बाद घरेलू हिंसा की 3,544 शिकायत दर्ज की गईं। आंकड़ों के अनुसार इसके बाद दहेज उत्पीड़न की 1,957 शिकायत, छेड़छाड़ की 817 शिकायत, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 518 शिकायत और दुष्कर्म तथा दुष्कर्म के प्रयास की 657 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू ने बताया कि यौन उत्पीड़न की 493 शिकायत, साइबर अपराध की 339 शिकायते दर्ज की गईं। जिसमें सबसे ज्यादा 6,470 शिकायत उत्तर प्रदेश में, इसके बाद दिल्ली (1,113) और महाराष्ट्र (762 शिकायत) का स्थान रहा।

# ओडिशा के बालासोर शहर में इंटरनेट सेवाएं 48 घंटे के लिए स्थगित

**बालासोर।** ओडिशा सरकार ने बालासोर शहर में दो समूहों के बीच झड़प के बाद शहर में इंटरनेट सेवाओं को 48 घंटे के लिए निलंबित कर दिया और कर्फ्यू अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया। सोमवार को हुई इस झड़प में 10 लोग घायल हो गए हैं। बालासोर की पुलिस अधीक्षक (एसपी) सागरिका नाथ ने कर्फ्यू अवधि के दौरान निवासियों से घर के अंदर रहने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सोमवार से दंगों से संबंधित आरोपों में सात प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और 34 लोगों को हिरासत में लिया गया है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के 40 से ज़्यादा प्लाटून तैनात किये गए हैं, खास तौर पर उन इलाकों में जहां प्रशासन को झड़प होने की आशंका है। एसपी ने बताया कि शहर में आने-जाने के सभी छह रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

## पाइपलाइन से डीजल चुराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**महू (मप्र)।** मध्य प्रदेश पुलिस ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की मुख्य पाइपलाइन से डीजल चुराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि यह घटना पहली बार नौ जून को तब सामने आई जब पाइपलाइन में दबाव कम हो गया था। बड़गोंडा पुलिस थाने के प्रभारी लोकेंद्र सिंह हिरोरे ने बताया, "बीपीसीएल के सुपरवाइजर विकास तिवारी ने पुलिस को मनमाड (मुंबई) और बिजासन (दिल्ली) के बीच बिछाई गई उनकी पाइपलाइन में दबाव कम होने की सूचना दी थी।

# नीट मामले पर हैरान करती है मोदी की चुप्पी

नई दिल्ली, एजेंसी

● राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) मुद्दे पर मौन धारण करने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और दोहराया कि उनकी पार्टी युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठा कर प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कठोर नीतियों का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और नरेंद्र मोदी इस पर हैरान करने वाला मौन साधे हुए हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं। राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। उन्होंने दावा किया, बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं।

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने न्यायपत्र में प्रश्न पत्र लीक के विरुद्ध सख्त कानून बना कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की गारंटी दी थी। उन्होंने कहा-विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए हम देश भर के युवाओं की आवाज संसद तक उठाएंगे।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कुछ लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक एक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा।

शीर्ष अदालत की स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। संविधान के लागू होने के साथ ही 26 जनवरी, 1950 को उच्चतम न्यायालय की स्थापना हुई थी। शीर्ष न्यायालय ने एक बयान में कहा कि लोक अदालतें देश में न्याय प्रणाली का अभिन्न हिस्सा हैं जो सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया तेज करके वैकल्पिक तरीके से विवाद निवारण करती हैं।

# लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा ने किया महाराष्ट्र नेतृत्व में बदलाव करने से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने हालिया लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद प्रदेश भाजपा नेतृत्व में किसी भी बदलाव की संभावना से मंगलवार को इनकार कर दिया। पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ महाराष्ट्र भाजपा के कोर समूह की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा-महाराष्ट्र में नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं होगा। बैठक में प्रदेश भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, वरिष्ठ नेता सुधीर मुनगंटीवार, चंद्रकांत पाटिल, पंकजा मुंडे और विनोद तावड़े समेत अन्य नेता शामिल हुए। भाजपा ने हालिया लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में नौ सीटें जीतीं, जो 2019 की 23 सीटों से कम है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सितंबर-अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए शिवसेना-भाजपा-राकांपा की महायुति सरकार से इस्तीफा देने और संगठन पर ध्यान केंद्रित करने की पेशकश की थी। भाजपा मुख्यालय में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर भी चर्चा हुई। बैठक के बारे में संवाददाताओं से फडणवीस ने कहा कि नेताओं ने लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन पर चर्चा की और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रूपरेखा तैयार की। फडणवीस ने कहा कि भाजपा नेता गठबंधन सहयोगी शिवसेना और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी बात करेंगे।


नई दिल्ली में महाराष्ट्र भाजपा कोर कमेटी के साथ बैठक करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृह मंत्री अमित शाह। ● एजेंसी

● अध्यक्ष जे पी नड्डा और अमित शाह के साथ कोर समूह की बैठक में लिया गया निर्णय

## बांदीपोरा मुठभेड़ में मारा गया व्यक्ति लश्कर का था आतंकवादी

**बांदीपोरा (जम्मू-कश्मीर)।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की पहचान उमर लोन के रूप में हुई है, जो लश्कर-ए-तैयबा संगठन का श्रेणी 'ए' आतंकवादी था और वह वर्ष 2018 से सक्रिय था। यहां मानसबल स्थित सेना की तृतीय सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संबंधित सेक्टर के ब्रिगेडियर विपुल त्यागी ने मंगलवार को कहा कि उत्तरी कश्मीर जिले के अरागाम इलाके में आतंकवादियों की गतिविधि की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बल लगातार इलाके की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर 16 जून रात को सेना, राज्य पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।


सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ नई दिल्ली में साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया। ● एजेंसी

**बढ़ी मुसीबत** एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने दी जानकारी, कहा-बोर्ड से कम मिल रहा है पानी

# आरएमएल, लेडी हार्डिंग और बाल चिकित्सालय में बढ़ गया जल संकट

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार द्वारा संचालित राम मनोहर लोहिया (आरएमएल), लेडी हार्डिंग और अस्पताल समेत कलावती सरन बाल चिकित्सालय जल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं, क्योंकि भूमिगत जलाशयों को दिल्ली जल बोर्ड से कम पानी मिल रहा है।

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी पिछले कई हफ्तों से भीषण जल संकट से जूझ रही है, भीषण गर्मी के कारण जल आपूर्ति न के बराबर है और निजी पानी के टैंकरों से इस कमी को पूरा किया जा रहा है। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के पास 27 भूमिगत जलाशय हैं और उन्हें 18 प्रवेशिका (इनलेट) के जरिये तीन जल उपचार संयंत्रों से पानी मिलता है। एनडीएमसी को आम तौर पर 125 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) पानी मिलता है, लेकिन वर्तमान आपूर्ति 70 से 80 एमएलडी के बीच है। सामान्य स्थिति में वजीराबाद जल शोधन संयंत्र 60-70 एमएलडी पानी, सोनिया विहार 25 एमएलडी और चंद्रावल 35 एमएलडी पानी नगर निकाय के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को आपूर्ति करता है। चहल ने आरोप लगाया कि तीन जल उपचार संयंत्रों में से वजीराबाद संयंत्र में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा एक बूंद पानी भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण आरएमएल और लेडी हार्डिंग जैसे अस्पतालों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि गोल मार्केट, बंगाली मार्केट, तिलक मार्ग, संसद भवन, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, न्यायाधीशों के बंगले, डीआईजे क्षेत्र, आरएमएल, कलावती और लेडी हार्डिंग जैसे अस्पतालों में पानी की भारी किल्लत है। चहल ने कहा कि अगर स्थिति नहीं सुलझी तो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और सफदरजंग अस्पताल भी प्रभावित हो सकते हैं। चंद्रावल जल उपचार संयंत्र से भूमिगत जलाशय राष्ट्रपति भवन, चाणक्यपुरी, दूतावासों, प्रधानमंत्री आवास, सांसदों के फ्लैट आदि को पानी उपलब्ध कराता है।

### हरियाणा ने अतिरिक्त पानी देने से कर दिया है इनकार



दिल्ली में बढ़ते जल संकट के बीच आम आदमी पार्टी (आप) सरकार व जल मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि हरियाणा ने मानवीय आधार पर राष्ट्रीय राजधानी को अतिरिक्त पानी देने में असमर्थता जताई है। वहीं भाजपा ने आप सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने मंगलवार को डेटा जारी किया, जिसमें दिखाया गया कि उसने दिल्ली को 17 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त पानी दिया है और दावा किया कि जल मंत्री आतिशी शहर में पानी की कमी के मुद्दे को हल करने में अपनी खुद की कमियों को छिपाने के लिए पड़ोसी राज्य पर आरोप लगा रही हैं। दिल्ली सरकार के एक बयान में कहा गया है कि उसके प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में हरियाणा के प्रधान सचिव (जल संसाधन) के साथ बैठक में मानवीय आधार पर अतिरिक्त जलापूर्ति का अनुरोध किया। इसमें कहा गया है, हरियाणा सरकार ने मानवीय आधार पर दिल्ली के लिए अतिरिक्त जलापूर्ति करने में असमर्थता व्यक्त की है।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, अत्याधुनिक हथियार जब्त

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया, वहीं कांगपोकपी जिले में कई अत्याधुनिक हथियार जब्त किए। राज्य पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले में लामलोंग गांव के पास शानतोंग से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बल कानून व्यवस्था की स्थिति कायम रखने के लिए हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। कांगपोकपी जिले में गंगपिजांग पर्वतीय क्षेत्रों में एक अलग तलाशी अभियान में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

# मणिपुर में सीआरपीएफ की बस में उपद्रवियों ने लगाई आग

इंफाल, एजेंसी

● आगजनी से पहले उन्होंने जवानों को उतारा

दिल्ली में सोमवार को मणिपुर की सुरक्षा व्यवस्था पर गृह मंत्री अमित शाह हाईलेवल मीटिंग कर रहे थे। उसी दिन रात 9 बजे मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार रात 9 बजे उपद्रवियों ने सीआरपीएफ जवानों के बस में आग लगा दी। हालांकि, उन्होंने पहले सीआरपीएफ जवानों को बस से उतार दिया था।

पुलिस ने बताया कि दमकल गाड़ी ने तुरंत आग बुझा दी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जवान लोकसभा चुनाव के बाद लौट रहे थे।पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने कुकी बहुल जिले में कुछ संदिग्धों से पूछताछ की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जवानों को ले जा रही बस किराए पर थी और यह घाटी के मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड थी। सूत्रों के मुताबिक, पिछले सप्ताह मैतेई बहुल बिष्णुपुर जिले में दो ट्रकों को जलाने की घटना के बाद कुकी बहुल इलाके में इस घटना को बदले के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रक चुराचांदपुर में एक पुल बनाने के लिए निर्माण सामग्री ले जा रहा था।

## घर के बाहर सो रहे व्यक्ति की गला रेतकर हत्या

**सहारनपुर, एजेंसी।** जिले में कुतुबशेर थानाक्षेत्र में घर के बाहर सो रहे एक व्यक्ति की अज्ञात बदमाशों ने रात गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना कुतुबशेर अंतर्गत ग्राम खत्रीवाला निवासी बॉबी (50) अपने घर के बाहर सड़क पर ही चारपाई डालकर सो रहा था। मंगलवार सुबह चार बजे जब बॉबी के परिजन उसे जगाने के लिए गए तो उन्हें बॉबी मृत मिला और उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया गया था। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी तुरंत ही कुतुबशेर थाने को दी गई। सूचना मिलते ही थाने की पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से नमूने इकट्ठा किए गए। बॉबी के पुत्र मनीष का कहना है कि उसके पिता मजदूरी करते थे और रोजाना की तरह वह देर रात भोजन करने के बाद घर के बाहर सोये थे।

# महिला ने विमान में किया हंगामा

## गुस्साई महिला यात्री ने सुरक्षा अधिकारी का काटा हाथ

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**




- लखनऊ से मुंबई जा रही थी आकासा एयरलाइंस की फ्लाइट

**अमृत विचार :** लखनऊ से मुंबई जा रही एक महिला यात्री ने विमान में जमकर हंगामा किया। यात्रियों से बदतमीजी की। शिकायत करने पर जब क्रू मेंबर ने उसे समझाने की कोशिश की तो वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी। महिला यात्री से परेशान होकर सिक्योरिटी ऑफिसर ने जब उसे विमान से नीचे उतारा तो महिला ने उसके हाथ में काट लिया। बाद में सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

सोमवार की शाम करीब 4:40 बजे लखनऊ से मुंबई जाने वाली आकासा एयरलाइंस उड़ान में आगरा की रहने वाली महिला तनवी मुंबई जाने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची थी। यहां विमान के अंदर पहुंचते ही उसने अन्य यात्रियों से बेवजह बदतमीजी शुरु कर दी। जब यात्रियों ने विरोध करते हुए इसकी शिकायत विमान के क्रू मेंबर अंकिता से की तो क्रू मेंबर ने उसे काफी समझाया। लेकिन महिला यात्री ने उसकी कोई बात नहीं मानी। बाद में क्रू मेंबर ने विमान के बाहर मौजूद सिक्योरिटी अफसर को मामले से अवगत कराया। इसके बाद महिला को विमान से नीचे उतार दिया गया। लेकिन बाद में उक्त महिला यात्री जोर जबरदस्ती करते हुए विमान के अंदर जाने लगी। इस पर सिक्योरिटी अफसर जय पांडेय ने उसे रोकने की कोशिश की। जिससे महिला यात्री भड़क गई और जय पांडेय को धक्का देकर उनके बाएं हाथ में काट लिया। इसके बाद सीआईएसएफ जवानों को बुलाया गया जहां उसे पकड़कर विमान से नीचे उतार दिया। बाद में सुरक्षा कर्मियों महिला यात्री को पकड़कर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस पूछताछ में उक्त महिला यात्री ने अपना नाम तनवी आगरा जिले के शमशाबाद थाना नगला की रहने वाली बताया। उधर इस मामले में आकासा एयर के सिक्योरिटी अफसर व सरोजनीनगर के ही आजाद नगर, चिल्लावां में रहने वाले जय पांडेय ने तनवी के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी का कहना है कि सिक्योरिटी अफसर जय पांडेय की तहरीर पर तनवी के खिलाफ दांत से काट कर घायल करने व यात्रियों और विमान स्टाफ से बदतमीजी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। शुरुआती जांच में उक्त महिला यात्री मानसिक रूप से बीमार लग रही है।

## अमित शाह से मिले दुर्गा शंकर, चौथे सेवा विस्तार की चर्चाएं तेज

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को चौथी बार सेवा विस्तार मिलेगा अथवा किसी अन्य वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुख्य सचिव की जिम्मेदारी मिलेगी?

इस सवाल को लेकर शासन के गलियारे में चर्चाएं तेज हैं। मुख्य सचिव पद पर रहते हुए तीन बार सेवाविस्तार पा चुके दुर्गा शंकर मिश्र का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। दरअसल, उन्हें चौथा सेवा विस्तार मिलने की चर्चा प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में उस वक्त तेज हुईं जब मंगलवार को दुर्गा शंकर मिश्र की गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आयी।

हालांकि, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर को अगर सेवा विस्तार नहीं मिलता है, तो इस पद के लिए उप्र. कैडर के 1987, 1988 और 1989 बैच के कई अधिकारी दावेदार बताए जा रहे हैं। इसके लिए अंदर खाने प्रयास भी शुरु हो गए हैं।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट से**

# धर्मांतरण से जुड़े मामले की आरोपी को कोर्ट ने जमानत से किया इनकार

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

- याची के खिलाफ ही लगा सहयोग करने का आरोप

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण से जुड़े एक मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर विचार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश धर्मांतरण विरोधी अधिनियम, 2021 एक नया कानून है, जिसे समाज में व्याप्त एक कुप्रथा को रोकने के लिए अधिनियमित किया गया है। उक्त अधिनियम के तहत आने वाले मामलों में अगर लगातार हस्तक्षेप किया जाता है तो यह कानून अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में विफल हो जाएगा।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने रुक्सार द्वारा दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में आईपीसी और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद करने के लिए प्रार्थना की गई थी। याची के खिलाफ आरोप है कि उसने न केवल पीड़िता को घर बुलाकर उसके दुष्कर्म में सहयोग दिया बल्कि दुष्कर्मी के साथ धर्मांतरण कर विवाह करने का प्रस्ताव भी दिया। मामले के अनुसार याची का पति रहमान शादी से पहले पीड़िता का पीछा करता था। एक बार उसने पीड़िता को घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म भी किया। शादी के बाद रहमान का भाई इरफान पीड़िता का पीछा करने लगा। याची पर आरोप है कि उसने पीड़िता को उसकी प्रतिष्ठा व सम्मान खोने और जिंदगी बर्बाद होने का डर दिखाकर इस्लाम धर्म अपनाकर इरफान से शादी करने का सुझाव दिया। सुझाव न मानने पर पीड़िता कई बार पुरुष आरोपियों द्वारा दुष्कर्म की शिकार हुई। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप पुरुष आरोपियों के खिलाफ था न कि याची के खिलाफ। इस पर कोर्ट ने कहा कि याची ने न केवल एक महिला को सामाजिक, पारिवारिक और मानसिक क्षति पहुंचाई है बल्कि उसे उसकी परंपराओं और मान्यताओं एवं मूल्यों से भी अलग करने का दुष्कर्म किया है। यह सत्य है कि भले ही याची द्वारा पीड़िता का शारीरिक दुष्कर्म नहीं किया गया, लेकिन उसके द्वारा पीड़िता का मानसिक शोषण करने का प्रयास अवश्य किया गया है और एक सीमा तक याची पीड़िता का मानसिक शोषण करने में सफल भी हुई, इसलिए उसे किसी भी प्रकार की राहत देना अधिनियम, 2021 के तहत निषिद्ध है।

## ट्रेन से हथकड़ी समेत कूदकर फरार तीन अभियुक्तों में से एक गिरफ्तार

- तीनों को ट्रांजिट रिमांड पर महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था

**इटावा, एजेंसी :** ट्रांजिट रिमांड पर महाराष्ट्र ले जाये जा रहे धोखाधड़ी मामले के तीन आरोपी इटावा और इकदिल स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से हथकड़ी समेत कूदकर फरार हो गए थे, जिनमें से जीआरपी ने एक को गिरफ्तार कर लिया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) इटावा थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शैलेश कुमार निगम ने बताया कि मंगलवार को सुबह साढे छह बजे इकदिल रेलवे स्टेशन के निकट फरार अभियुक्त अनीस को गिरफ्तार कर लिया गया है, वह प्रतापगढ़ जिले के रामपुर फतनपुर का रहने वाला था।

गिरफ्तार आरोपी अनीस को इटावा न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय से रिमांड मंजूर होने पर जीआरपी अनीस को महाराष्ट्र पुलिस के सुपुर्द करेगी और शेष दो फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है। इससे पहले सोमवार को निगम ने बताया था कि महाराष्ट्र के पालघर जिले के थाना नालासोपारा पुलिस के उपनिरीक्षक मिलिंद तापडे. और हर्षल रउस के नेतृत्व में पुलिस टीम की अभिरक्षा में रामपुर फ़तनपुर निवासी मो. अनीस तथा राजन पुर कुंडा के रहने वाले रेहान फारुकी व अकील अहमद को धोखाधड़ी, दस्तावेज में हेराफेरी समेत विभिन्न आपराधिक मामलों में ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ट्रेन से महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा जा रहे थे। सोमवार सुबह करीब 5:20 बजे जब ट्रेन इटावा स्टेशन से लगभग पांच किमी पहले इकदिल स्टेशन के बीच गुजर रही थी तभी तीनों आरोपी पुलिस को धक्का मार कर चलती ट्रेन से हथकड़ी समेत कूदकर भाग निकले। ट्रेन जब इटावा स्टेशन पर रुकी तब घटना की जानकारी जीआरपी इटावा प्रभारी को महाराष्ट्र पुलिस द्वारा दी गई।

# ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का मामला नियामक आयोग में पहुंचा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- कहा, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर की जाय कठोर कार्रवाई
- उपभोक्ता परिषद ने दाखिल की अवमानना याचिका
- निदेशकों को बर्खास्त कर उनकी सम्पत्तियों की कराई जाय जांच

**अमृत विचार :** प्रदेश में शहरों से सटे ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का मामला राज्य विद्युत नियामक आयोग पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर कठोर कार्रवाई करने व निदेशकों को बर्खास्त कर उनकी सम्पत्तियों की जांच कराने की मांग की है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात के दौरान कहा कि पावर कॉरपोरेशन का निदेशक मंडल उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई में लगा है, इस पर सख्त कार्रवाई कर नजीर स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कॉरपोरेशन के पूरे निदेशक मंडल के कार्यकाल की समीक्षा करने व उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई कर सरकार की छवि धूमिल करने में लगे निदेशकों को तत्काल बर्खास्त उनकी संपत्ति की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ निदेशक अपना कार्यकाल 65 वर्ष कराने में लगे हैं, यह गंभीर मामला है। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन निदेशक मंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग के लिए बिजली कंपनियों को निर्देश जारी किया है।

### अधिक वसूली पर कॉरपोरेशन ने नहीं दी आयोग को रिपोर्ट

उपभोक्ता परिषद ने कहा कि सप्लाई टाइप बदलकर बिजली आपूर्ति बढाए जाने के मामले में प्रदेश के कई जिलों में की गई अधिक वसूली पर नियामक आयोग ने 29 अगस्त 2023 को 10 दिन में रिपोर्ट मांगी गई थी, पर 10 महीने बीत जाने के बाद भी कॉरपोरेशन ने रिपोर्ट तो नहीं दाखिल किया पर प्रदेश के लगभग दो करोड 85 लाख ग्रामीण उपभोक्ताओं को संकट में डालने की साजिश की गई है।

## सरकार की 40 साल से लंबित अपील खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1982 के एक हत्या मामले में आरोपियों को बरी करने के फैसले को रद करने की राज्य सरकार की विशेष अपील को खारिज करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष के चश्मदीद गवाहों की गवाही में कई विरोधाभास थे, साथ ही जांच भी दोषपूर्ण पाई गई है। इस तरह की विरोधाभास गवाही और दोषपूर्ण जांच ने पूरे मामले को प्रभावित किया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने पुलिस स्टेशन कोतवाली, एटा में दर्ज मामले में बरी हो चुके आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए पारित किया।

## कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के दावे को खारिज करने पर लगाई फटकार

- संभल के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में प्रशासनिक उदासीनता पर एक बार फिर अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के दावे पर विचार करते समय संबंधित विभाग ने इस तथ्य पर अधिक ध्यान दिया कि परिवार 12 वर्षों तक सामान्य जीवनयापन करते हुए अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में कामयाब रहा।

परिवार के कमाऊ व्यक्ति की मृत्यु के कारण एक परिवार को पर्याप्त समृद्ध या सामान्य जीवन के बीच की स्थिति में अपने खर्चे पूरे करने के लिए कितना और कैसा संघर्ष करना पड़ता है, यह विचारणीय है, जिस पर विभाग ने विचार नहीं किया। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने अमन पाठक की याचिका को स्वीकार कर याची के आवेदन पर एक महीने के भीतर पुनर्विचार कर यथोचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया। याची के पिता संजय पाठक जिला गन्ना अधिकारी, संभल के कार्यालय में स्टॉक क्लर्क थे। उनकी मृत्यु के उपरांत उनके बेटे द्वारा किए गए अनुकंपा नियुक्ति के दावे को इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि याची ने पिता की मृत्यु के लगभग 9 साल बाद आवेदन किया था।

## निर्धारित समय में ही पूरा होगा राम मंदिर का निर्माण

**अयोध्या कार्यालय**



ट्रस्ट की ओर से जारी मंदिर परिसर में निर्माण कार्य की तस्वीर।

- राम मंदिर के प्रथम तल के बाद चल रहा है द्वितीय तल का निर्माण

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि के शेष बचे निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है। मंदिर के साथ परकोटे के पूरब के दोनों क्षेत्र में शिव मंदिर और हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने चल रहे निर्माण कार्य की कुछ तस्वीरों को साझा कर यह जानकारी दी है।

राम मंदिर के प्रथम तल के बाद द्वितीय तल का निर्माण चल रहा है। 31 दिसम्बर तक शिखर का भी निर्माण हो जाएगा। इसके साथ ही मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बन रहे परकोटा और उसमें 6 पंचायती मन्दिर का भी निर्माण मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलांवा राम जन्मभूमि परिसर में शेषावतार और सप्त ऋषियों के मंदिर निर्माण की डेड लाइन तय कर दिया गया है, जिसके तहत निर्माण के कार्य की गति को भी बढ़ा दिया गया है। ट्रस्ट की मानें तो वर्तमान में 2500 से 3000 के लगभग में प्रतिदिन वर्कर कार्य कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक मंदिर परिसर में निर्माण कार्य अपने निर्धारित समय अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य अपने समय पर पूरा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस साल के अंत तक बचे हुए निमार्ण कार्य को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### फिर नहीं आये राहुल गांधी, अब 26 को होगी सुनवाई



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेसवार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। बचाव पक्ष ने राहुल गांधी के मौके व हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दिया। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें मंगलवार उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी परंतु कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई 26 जून को होगी।

### बहराइच में युवक ट्रेन के आगे कूदा, मौत

**बहराइच, एजेंसी :** जिले के जरवलरोड तिराहे पर मंगलवार को एक युवक चलती ट्रेन के आगे कूद गया। हादसे में युवक की कट कर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार जरवलरोड थाने के जरवलरोड तिराहे के पास गोरखपुर लखनऊ रेलवे प्रखंड के पश्चिमी दिशा पर आज लगभग दस बजे तेज रफ्तार ट्रेन के आगे युवक कूद गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

### बलिया में महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बलिया, एजेंसी :** जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में युवक ने महिला को झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया। बैरिया थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी उपाध्यायपुर गांव निवासी अजीत कुमार (22) को गिरफ्तारी के बाद बलिया की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।


## वर्ग पहेली-105

**बाएं से दाएं**

1. मकान की सीमा में आने वाला वह खुला स्थान जिसे घर के कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है, अंगना।
4. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
6. सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सचेतता।
8. चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि, पूर्णिमा या अमावस्या के बाद ग्यारहवीं तिथि 2. इस तिथि को रखा जाने वाला व्रत।
9. 1. जिसे कोई उपाधि या पदवी मिली हो 2. ख़िताब संबंधी।

**ऊपर से नीचे**

1. दे. अंगुल।
2. चांडालिन, चांडाल जाति की स्त्री।
3. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
5. दुनिया की समस्त बातों और घटनाओं के होने में ईश्वर की प्रेरणा को मानने का सिद्धांत, नियतिवाद।
7. 1. पशु होने की अवस्था या भाव, पशुत्व, जानवरपन, पाशविकता 2. पशुवत स्वभाव, पशुओं जैसा आचरण 3. बुद्धिहीनता, मूर्खता, जड़ता।



### वर्ग पहेली -104 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ा | 2 र | सी | ■ | 3 ला | हो | ल |
| ■ | दी | ■ | 4 कु | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 5 फ़ | त | ह | ■ | 6 मू | ■ |
| ■ | ■ | ■ | रा | ■ | ढ़ | ■ |
| 7 ल | ■ | 8 ढ | म | ढ | म | ■ |
| गा | ■ | ■ | ■ | ■ | ति | ■ |
| 9 म | ख़ | सू | स | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | | | 8 | | | | 6 |
| | 8 | 7 | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | | 4 | 3 | | | 8 | |
| 1 | | 4 | | | 7 | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | | 9 | | | 5 | | 3 |
| | 4 | | | 6 | 8 | | 3 | |
| | 3 | | 5 | | | 2 | 6 | |
| 7 | | | | 4 | | | 9 | 1 |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 7 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी-07.28 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में आपको काफी सावधान रहना चाहिए। मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। दूसरों की कमियों में ध्यान देने के बजाय अपने ऊपर ध्यान दें। आप अध्यात्म में काफी रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन में अशांति होने की संभावना है।

**वृष** — आज लंबे समय से रुका हुआ कार्य बन सकता है। जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है। सोचे हुए काम समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा।

**मिथुन** — आज व्यवसाय को बढ़ाने के लिए लोन आदि लेने का विचार कर सकते हैं। विवादित विषयों में आपको सम्मिलित होना पड़ सकता है। अपने शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने विचारों को लेकर दुराग्रही न बनें।

**कर्क** — आज अपनी कमियों को लोगों के सामने व्यक्त न होने दें। लोग आपसे कुछ गलत अपेक्षा रख सकते हैं। संतान के व्यवहार से कुछ अप्रसन्नता रहेगी। आपका मन कुछ उदास हो सकता है। परिस्थितियां कुछ प्रतिकूल हो सकती हैं।

**सिंह** — आज राजनीतिक लोगों को अपने विरोधियों के साथ मेलजोल बढ़ाना पड़ सकता है। लोगों की मदद करने से पीछे न हटें। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। आपको आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा।

**कन्या** — आज नए उत्पादों में आप निवेश कर सकते हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करनी पड़ेगी। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं। दूसरों पर पूरी तरह निर्भर रहना उचित नहीं होगा। अपनी स्किल्स और क्षमताओं पर विश्वास रखें। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। धन से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा।

**वृश्चिक** — आज आप अपने कौशल विकास में विशेष ध्यान देंगे। परिवार की परेशानियों का निवारण होगा। विद्वान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।


**धनु** — आज स्वास्थ्य कष्ट होने की आशंका है। गर्मी से आपको सावधान रहना चाहिए। अधिकारियों से बहस न करें। जहां आवश्यक न हो वहां आपको बोलने से बचना चाहिए। आपके शत्रु आपके ऊपर आक्रामक हो सकते हैं।

**मकर** — आज संभव है की आपको किसी बड़े पद पर पदोन्नति मिल जाए। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ** — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। व्यवसाय में आपको कर्मचारियों से काफी अच्छा समर्थन व सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म को लेकर आप भावुक रहेंगे। आप उदार भाव से लोगों की मदद को तत्पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा।

**मीन** — आज खर्चों को लेकर ज्यादा उदार होना ठीक नहीं है। अधिकारियों से सावधान रहें। सरकारी कार्य रुक कर ही पूर्ण होंगे। आप किसी समस्या के निवारण को लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आपका दायित्व बढ़ने वाला है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 17.23 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- जुआरी — सुबह : 09.00
- जो बोले सो निहाल — रात : 09.00

**Sony Pix**
- रेड टू — सुबह : 10.52
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

**&pictures**
- चेन्नई वर्सेज चाइना — सुबह : 11.07
- बच्चन पांडे — शाम : 04.35

**Zee Cinema**
- वलीमाई — सुबह : 08.35
- ड्रीम गर्ल — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
- सुहाग — सुबह : 11.30
- मजबूर — रात : 08.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चोर- हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
चिंटू- कोई बात नहीं, आप लोग शरीफ आदमी लगते हो, आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।
चिंटू का दिमाग देखकर चोर सन्न रह गया।

शिक्षक पप्पू से- बस इरादे बुलंद होने चाहिए, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
पप्पू- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं सर।
शिक्षक- कैसे ?
पप्पू- हैंड पंप से

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,301.14 | 23,557.90 |
| बढ़त | 308.37 | 92.30 |
| प्रतिशत में | 0.40 | 0.39 |

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030। किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950। चावल – (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600। दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000–16400, अरहर कोरी छोटी 17400। चीनी –डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070 (नयी), बहेड़ी 4080 (नयी)।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,100 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |

## एक नजर

### सेबी के खिलाफ सैट जाएंगे पीटीसी के पूर्व सीएमडी

**नई दिल्ली।** पीटीसी इंडिया के पूर्व चेयरमैन और प्रबंध निदेशक राजीव मिश्रा सेबी के एक आदेश के खिलाफ प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) जाएंगे। इस आदेश में सेबी ने उन्हें छह महीने के लिए किसी सूचीबद्ध इकाई में निदेशक बनने से रोक दिया गया है। पिछले सप्ताह सेबी के आदेश के बाद मिश्रा को पीटीसी इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (पीएफएस) के चेयरमैन और पीटीसी इंडिया लिमिटेड के सीएमडी का पद छोड़ना पड़ा। मिश्रा ने कहा कि सेबी के आदेश के खिलाफ अपील की जा सकती है और आदेश की गुणवत्ता के आधार पर मैं आगे की कार्रवाई और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सैट जाऊंगा।

### सेबी ने कार्यकारी निदेशक के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है और रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। सेबी ने 18 जुलाई तक इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियामक ने पिछले सप्ताह जारी सार्वजनिक नोटिस में कहा कि कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति तीन साल के लिए प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर होगी। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास प्रतिभूति बाजार से संबंधित समस्याओं को निपटाने का कम से कम 20 साल का अनुभव होना चाहिए। कानून, जांच, वित्त, अर्थशास्त्र और लेखा आदि का विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले भी आवेदन कर सकते हैं। इस समय सेबी में 10 कार्यकारी निदेशक हैं।

### गूगल का जेमिनी भारत में ऐप के रूप में उपलब्ध

**नई दिल्ली।** गूगल का एआई सहायक जेमिनी अब भारत में एंड्रॉयड स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप के रूप में उपलब्ध है, जो अंग्रेजी, हिंदी और आठ अन्य भारतीय भाषाओं में काम करता है। जेमिनी गूगल एआई द्वारा विकसित जनरेटिव कृत्रिम मेधा वाला चैटबॉट है। इसे पहले बार्ड के नाम से जाना जाता था। जेमिनी एक्सपीरियंस के इंजीनियरिंग उपाध्यक्ष अमर सुब्रमण्यम के ब्लॉग के अनुसार, आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए जेमिनी तक पहुंच अगले कुछ हफ्तों में गूगल ऐप के जरिए शुरू होगी। सुब्रमण्यम ने लिखा, आपकी एआई सहायक जेमिनी का भारत में पहला वर्ष रोमांचक रहा है, भारत में लोग अपनी रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए जेमिनी को अपना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारत में जेमिनी एडवांस्ड के उपयोगकर्ता अब गूगल के नवीनतम अगली पीढ़ी के एआई मॉडल, जेमिनी 1.5 प्रो की सुविधाओं का उपयोग कर सकेंगे।

# तिमाही आधार पर विभागों ने किया पीएलआई आवेदन लेना शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब तक 9,700 करोड़ की राशि हुई है वितरित जो अनुमान का 5%

उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत राशि के वितरण के लिए कई मंत्रालयों ने तिमाही आधार पर आवेदन स्वीकारने शुरू कर दिए हैं।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने अन्य विभागों को भी योजना से संबंधित दावों के निपटान के लिए इसी प्रक्रिया को अपनाने का सुझाव दिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कई विभागों में हमने तिमाही आवेदन स्वीकार करने शुरू कर दिए हैं। अन्य विभागों को भी हम ऐसा करने को कह रहे हैं। सरकार ने दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन सेल बैटरी, ड्रोन और दवाओं सहित 14 क्षेत्रों के लिए 2021 में पीएलआई योजना की घोषणा की थी। 1.97 लाख करोड़ का परिव्यय तय था। अब तक पीएलआई लाभार्थियों को 9,700 करोड़ की ही प्रोत्साहन राशि दी गई है जो कुल अनुमान का महज 5% है।

# बजट से पहले झूमा शेयर बाजार, 77 हजार पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- निफ्टी और सेंसेक्स का नया ऑल टाइम हाई, जानकारों के मुताबिक अभी जारी रहेगा तेजी का रुख

**अमृत विचार।** शेयर बाजार और मौसम के पारे की चाल हर दिन नया रिकार्ड बना रही है। हालांकि बाजार में प्री-बजट रैली से निवेशक जहां मालामाल हो रहे हैं, वहीं भीषण गर्मी का कहर लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। मंगलवार को शेयर बाजार अपने अब तक के नए उच्चतम स्तर पर खुला और बंद हुआ।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 308.37 अंक की तेजी के साथ 77,301.14 पर तो निफ्टी 92.30 अंक बढ़कर 23,557.90 के स्तर पर बंद हुआ। जानकार आने वाले दिनों में भी बाजार में तेजी का रुख बने रहने की उम्मीद जता रहे हैं। सेंसेक्स आए दिन नया शिखर छूने का इतिहास बना रहा है। दुनिया भर के बाजारों में मजबूती के बीच विदेशी निवेशकों द्वारा नए सिरे से भारतीय बाजार में निवेश और आगामी बजट को लेकर सकारात्मक संकेत बाजार को धीरे-धीरे आगे बढ़ा रहा है।

### मानसून और गिरावट दोनों का इंतजार हो रहा है लंबा

भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग टकटकी लगाए मानसून का इंतजार कर रहे हैं। कुछ इसी तर्ज पर शेयर बाजार में भी बड़ी संख्या में निवेशक नए निवेश के लिए बाजार में गिरावट आने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन दोनों ही तरफ इंतज़ार लंबा खिंचता जा रहा है।

### लखनऊ-कानपुर में बढ़ी ढाई हजार करोड़ की संपत्ति

शेयर बाजार की रिकॉर्ड तेजी से लखनऊ और कानपुर के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2500 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के परिणाम वाले दिन भारी गिरावट के बाद शेयर बाजार ने जिस तरह रिकवरी दी है, उसकी उम्मीद बहुत कम लोगों को थी। तीन दिनों में गिरावट की भरपाई करने के बाद शेयर बाजार अब नए कीर्तिमान लिख रहा है।

### हुंडई लाएगी देश का सबसे बड़ा आईपीओ

हुंडई मोटर देश का सबसे बड़ा करीब 25 हजार करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। हुंडई ने सेबी के पास आवेदन कर दिया है। कंपनी अपने 17.5 फीसदी शेयर बेचकर यह पैसा जुटाना चाहती है। उधर, आटोमोबाइल कंपनी जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया भी शेयर बाजार में उतरने की तैयारी में है। कंपनी अपना आईपीओ लाने की योजना पर काम कर रही है।

### इक्सिगो के शेयर की 48 फीसदी प्रीमियम के साथ एंट्री

शेयर बाजार में मंगलवार को ऑनलाइन ट्रैवल सर्विसेज कंपनी इक्सिगो के शेयरों की लिस्टिंग शानदार रही। कंपनी के 93 रुपये प्राइस बैंड वाले शेयर की बीएसई पर लिस्टिंग 135.10 तो एनएसई पर 138.10 रुपये पर हुई।

# भारत के वृद्धि दर का अनुमान 7.2 प्रतिशत

## फिच रेटिंग्स ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए अनुमान में किया संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी




फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2% कर दिया है। मार्च में उसने इसके 7% रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को अनुमान में संशोधन किया। फिच ने जून में अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5% पर आ जाएगी और भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर में 0.25% की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर ले आएगा।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2% की मजबूत दर से बढ़ेगी। निवेश में वृद्धि जारी रहेगी, लेकिन हाल की तिमाहियों की तुलना में इसकी रफ्तार धीमी रहेगी, जबकि उपभोक्ता भरोसा बढ़ने के साथ उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा। फिच ने 2025-26 और 2026-27 के लिए क्रमशः 6.5% और 6.2% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। फिच का अनुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है। रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि ग्रामीण मांग में सुधार और मुद्रास्फीति में नरमी से चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने जहां सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, वहीं एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने 6.8% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। मूडीज रेटिंग्स और डेलॉयट इंडिया का अनुमान है कि 2024-25 में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 6.6% रहेगी। 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2% बढ़ी थी। फिच ने कहा कि क्रय प्रबंधकों के सर्वेक्षण के आंकड़े चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में निरंतर वृद्धि की ओर इशारा करते हैं। मानसून के सामान्य रहने के संकेत वृद्धि को बढ़ावा देंगे और मुद्रास्फीति को कम अस्थिर बनाएंगे। हालांकि, हाल ही में भीषण गर्मी ने जोखिम उत्पन्न किया है। आधिकारिक पूर्वानुमानों के अनुसार जून-सितंबर में वर्षा औसत से अधिक रहने की संभावना है। इससे मुद्रास्फीति का जोखिम सीमित हो जाएगा। फिच ने कहा कि कैलेंडर वर्ष के अंत तक कुल मुद्रास्फीति घटकर 4.5% रह जाएगी। यह 2025 तथा 2026 में औसतन 4.3% रहेगी। मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर एक साल के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर आ गई है।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 21% बढ़कर 4.62 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2024–25 में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21% बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आयकर विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी। अग्रिम कर संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये (17 जून 2024 तक) के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024–25 में 17 जून तक 53,322 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया है। यह पिछले साल इसी अवधि के दौरान जारी किए गए रिफंड से 34 प्रतिशत अधिक है। इस साल एक अप्रैल से 17 जून के दौरान प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (रिफंड के लिए समायोजन से पहले) सालाना आधार पर 22.19 प्रतिशत बढ़कर 5.16 लाख करोड़ रुपये रहा।

# रिजर्व बैंक के नीतिगत रुख में बदलाव करना जल्दबाजी

मुंबई, एजेंसी



- ईटी नाउ के लीडरशिप डायलॉग्स में दास ने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ वायदा और उच्च कारोबार की निगरानी कर रहा है

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना बहुत जल्दबाजी होगा और शीर्ष बैंक को दरों के मोर्चे पर दुस्साहस के दृष्टिकोण से बचना होगा। ईटी नाउ के लीडरशिप डायलॉग्स को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ मिलकर वायदा और विकल्प खंड में उच्च कारोबार आकार की निगरानी कर रहा है, लेकिन इसपर कोई भी कार्रवाई बाजार नियामक द्वारा की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि मार्च तिमाही के लिए चालू खाते घाटा (कैड), जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी, वित्त 2023-24 के पहले नौ महीनों के लिए 1.2% के आंकड़े से नीचे आ जाएगा। वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कैड सकल घरेलू उत्पाद के 1.2% पर रहेगा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2.6% के स्तर पर था। ऐसा वस्तुओं का व्यापार घाटा कम होने से होगा। वैश्विक बॉण्ड सूचकांकों में देश के शामिल होने के बाद बढ़ते प्रवाह पर गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक भविष्य में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए भंडार बनाना जारी रखेगा। भंडार विविधीकरण रणनीति के हिस्से के रूप में, यह सोना बढ़ाना जारी रखेगा। दास ने कहा कि रिजर्व बैंक को वित्त 2024-25 में अर्थव्यवस्था के 7.2% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। मुद्रास्फीति में कमी आई है, लेकिन खाद्य महंगाई दर अब भी ऊंची है और इसके आसपास अनिश्चितताएं हैं। नीति के रुख को बदलना अभी जल्दबाजी होगा और किसी भी तरह के जोखिम भरे कदम से बचना चाहिए। केंद्रीय बैंक इस मोर्चे पर सतर्क है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक को भरोसा है कि मुद्रास्फीति की गिरावट की यात्रा धीमी गति से ही सही, जारी रहेगी।

# अगले तीन महीने में एफपीओ मजबूत करेगी राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- उप्र. में कृषक उत्पादक सेल का होगा गठन जो क्रियान्वयन इकाई के तौर पर कार्य करेगा
- पूरे राज्य में क्रियाशील हैं 3240 किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)

**अमृत विचार :** राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में किसानों की आय को बढ़ाने और राज्य को फूड बास्केट ऑफ इंडिया बनाने के उद्देश्य से एफपीओ सेल गठित करेगी। इसे अभियान के तौर पर आगे बढ़ाकर राज्य में सक्रिय किसानों के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को वित्तीय ताकत दी जाएगी। ताकि उन्हें ओपन नेटवर्क फॉर डिजीटल कॉमर्स यानी ओएनडीसी और ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सकेगी। इसके लिए सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना बना ली है। अगले तीन माह में अभियान के रूप में लागू कर दिया जाएगा।

शासन से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत एफपीओ को इक्विटी ग्रांट के अलावा इनपुट लाइसेंस, बीज लाइसेंस, एनएससी सीड डीलरशिप समेत तमाम लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ने में मदद मिलेगी। उप्र. में इस समय आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत 3,240 एफपीओ यूपी शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं। सरकार का दावा है कि इस अभियान के माध्यम से एफपीओ से जुड़े किसानों को सीधा फायदा मिलेगा।


### ई-कॉमर्स कंपनियों को डार्क पैटर्न पर उपभोक्ता मामलों की सचिव ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने मंगलवार को ई-कॉमर्स कंपनियों को डार्क पैटर्न के रूप में भ्रामक यूजर इंटरफेस डिजाइनों को लागू करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है और यह अनुचित है।

खरे ने ऑनलाइन मंच के लिए ऐसे डिजाइन का उपयोग करने से बचने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला, जो उपभोक्ताओं को अनजाने में खरीदारी या सदस्यता लेने के लिए गुमराह करते हैं। विभाग ने 13 ऐसे डिजाइन को निर्दिष्ट किया है, जिनमें झूठे तात्कालिकता अलर्ट, जाल और परेशान करने वाली रणनीति हैं। इस सत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बनारस हिंदू विवि, अखिल भारतीय गेमिंग फेडरेशन के साथ जोमैटो, ईज़माईट्रिप, अर्बन, उबर और सीआरईडी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# चाय, दवा, मसालों के निर्यात दायित्व में संशोधन का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी



- वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए रखा प्रस्ताव

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मसालों, दवाओं और चाय जैसे क्षेत्रों के लिए निर्यात दायित्व अवधि में संशोधन करने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा। सरकार ने प्रस्तावित संशोधनों पर 15 दिन में सभी संबंधित हितधारकों से टिप्पणियां मांगी हैं।

सरकार उन्नत प्राधिकार योजना के तहत केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए माल बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति देती है, जो निर्यात दायित्व अवधि के अधीन है। इसके तहत निर्यातकों को निर्धारित समय में माल भेजना होता है और ऐसा न करने पर उनपर जुर्माना लगता है। प्रस्तावित संशोधनों की सूची में गेहूं, कच्ची चीनी, प्राकृतिक रबड़, मक्का और अखरोट हैं। भारत में फिलहाल गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध है। डीजीएफटी ने मसालों (12 महीने), नारियल तेल (90 दिनों से 6 माह), किसी भी रूप में रेशम (9 से 12 महीने), गेहूं (6 माह), कच्ची चीनी (6 माह), प्राकृतिक रबड़ (12 महीने), मक्का (6 माह) और अखरोट (6 माह) के लिए दायित्व अवधि में ढील देने की बात कही है। निर्यात दायित्व अवधि में संशोधन के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने विदेश व्यापार नीति की पुस्तिका के परिशिष्ट में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसमें क्षेत्रों और उनके संबंधित निर्यात दायित्व अवधि के बारे में बताया गया है। डीजीएफटी ने कहा कि इस परिशिष्ट की समीक्षा में निर्यात संवर्धन परिषदों और निर्यातकों की ओर से कई अनुरोध मिले हैं।

# मानसून आने के बाद बिजली की मांग में राहत मिलने की उम्मीद : मंत्रालय

**नई दिल्ली।** बिजली मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि सभी उत्पादन संयंत्रों से उच्च स्तर की मुस्तैदी बनाए रखें। उत्तरी क्षेत्र में भाषण गर्मी से बिजली की मांग बढ़ रही है और इसमें मानसून आने के बाद ही राहत मिलने का अनुमान है।

मंत्रालय ने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में भीषण गर्मी से 17 मई से बिजली की भारी मांग हो रही है। इन चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद 17 जून को उत्तरी क्षेत्र में 89 गीगावाट की अबतक की सबसे अधिक मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उत्तरी क्षेत्र की बिजली जरूरत का 25-30% पड़ोसी क्षेत्रों से लेकर पूरा किया गया। सभी उत्पादन संयंत्रों से उच्चस्तर की सतर्कता बनाए रखने और कटौती को कम करने की सलाह दी गई है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक 20 जून से उत्तर-पश्चिम में गर्मी की स्थिति में कमी की उम्मीद है। मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि इस मौसम में अधिकतम बिजली मांग 260 गीगावाट के स्तर को छू सकती है। मंत्रालय ने ताप बिजली संयंत्रों, पन बिजली संयंत्रों और गैस आधारित संयंत्रों सहित विभिन्न उत्पादन स्रोतों के संचालन के लिए पूरी क्षमता उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। संयंत्रों के पास अधिशेष बिजली को तुरंत बाजार में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि जरूरतमंद उसे ख़रीद सकें।

# डिजिटल कर्ज 49% बढ़ा 1.46 लाख करोड़ के ऋण दिए गए: उद्योग निकाय

**मुंबई।** डिजिटल ऋण देने वाली 37 इकाइयों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.46 लाख करोड़ रुपये के कर्ज दिए और इसमें सालाना आधार पर 49% की वृद्धि हुई। डिजिटल ऋण को लेकर व्यापक चिंताओं के बीच उद्योग निकाय फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



ये सभी 37 इकाइयां एफएसीई की सदस्य हैं। एफएसीई के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में दिए गए ऋणों की संख्या 35% बढ़कर 10 करोड़ से अधिक हो गई। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल ऋणदाताओं के कुछ व्यवहार पर चिंता जताई है और उनके संचालन के लिए दिशा-निर्देश का मसौदा भी तैयार किया है। एफएसीई के मुख्य कार्यकारी सुगंध सक्सेना ने कहा कि डिजिटल ऋण क्षेत्र ग्राहकों पर ध्यान देते हुए अनुपालन, जोखिम प्रबंधन और टिकाऊ व्यापार मॉडल के आधार पर जिम्मेदारी से आगे बढ़ रहा है। उद्योग निकाय के आंकड़ों के अनुसार, मार्च तिमाही में इन कंपनियों ने कुल 40,322 करोड़ रुपये के 2.69 करोड़ ऋण जारी किए। निकाय ने कहा कि 70% ऋण 28 कंपनियों ने जारी किया, जो गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के रूप में पंजीकृत हैं या जिनके पास अपने एनबीएफसी है।

# सेबी ने जिंदल समूह की कंपनी पर 35 लाख का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को ओपी जिंदल समूह की कंपनी हेक्सा ट्रेडेक्स लिमिटेड, इसके प्रवर्तकों एवं निदेशकों पर गैर सूचीबद्धता मानकों और अन्य खुलासा नियमों का उल्लंघन करने के लिए 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

सेबी ने हेक्सा ट्रेडेक्स, इसके चेयरपर्सन राज कमल अग्रवाल, रविंदर नाथ लीखा, विनीता झा, गिरीश शर्मा और प्रवेश श्रीवास्तव पर दो लाख से लेकर पांच लाख तक का जुर्माना लगाया है। हेक्सा ट्रेडेक्स की प्रवर्तक फर्म सिद्धेश्वरी ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड, ईनॉक्स ग्लोबल मल्टीवेंचर्स, ओपेलिना सस्टेनेबल सर्विसेज और जेएसएल लिमिटेड को भी दंडित किया है। सेबी ने जुलाई, 2022 में मिली शिकायत पर बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध हेक्सा ट्रेडेक्स लिमिटेड (एचटीएल) की सूचीबद्धता खत्म किए जाने के संबंध में जांच शुरू की थी। सेबी के निर्णायक अधिकारी संतोष शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि हेक्सा ट्रेडेक्स लिमिटेड के निदेशक मंडल के सदस्यों ने तर्कसंगत सिफारिशों पर जोर नहीं दिया।

# अयोध्या, वाराणसी में तेजी से रियल एस्टेट का विकास

## कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों के किए गए अध्ययन के आधार जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- विकास की मुख्य वजह आध्यात्मिक पर्यटन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और डिजिटलीकरण

अयोध्या, वाराणसी, पुरी, द्वारका, शिरडी, तिरुपति और अमृतसर उन 17 उच्च संभावना वाले शहरों में शामिल हैं, जहां आने वाले वर्षों में तेजी से रियल एस्टेट विकास होने की संभावना है। इसकी मुख्य वजह आध्यात्मिक पर्यटन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और डिजिटलीकरण होगी।

रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों में से 30 संभावित उच्च विकास वाले शहरों की पहचान की है, जहां मध्यम से दीर्घावधि में रियल एस्टेट विकास मजबूत होने वाला है। इन 30 शहरों में से 17 उच्च-संभावना वाले शहरों में तीन या अधिक परिसंपत्ति वर्गों में रियल एस्टेट विकास में तेजी आने की उम्मीद है। इन 17 उच्च प्रभाव वाले उभरते रियल एस्टेट मुख्य भौगोलिक विस्तार देश के उत्तरी, दक्षिणी, पश्चिमी, पूर्वी और मध्य में समान विकास को उजागर करता है। परामर्शदाता द्वारा उत्तर में चिह्नित शहर अमृतसर, अयोध्या, जयपुर, कानपुर, लखनऊ तथा वाराणसी, पूर्वी में पटना तथा पुरी, पश्चिम में द्वारका, नागपुर, शिरडी तथा सूरत, दक्षिण में कोयम्बटूर, कोच्चि, तिरुपति तथा विशाखापत्तनम और मध्य में इंदौर हैं। सलाहकार ने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन से प्रेरित विकास के मामले में अमृतसर, अयोध्या, द्वारका, पुरी, शिरडी, तिरुपति और वाराणसी ध्यान देने योग्य बनकर उभरे हैं। कोलियर्स इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बादल याग्निक ने कहा कि छोटे शहर भारत की अर्थव्यवस्था में गतिशील योगदान देने वालों के रूप में उभर रहे हैं, जो बेहतर बुनियादी ढांचे, सस्ती अचल संपत्ति, कुशल प्रतिभा और सरकारी पहलों से प्रेरित है। इस वृद्धि से रियल एस्टेट क्षेत्र 2030 तक अनुमानतः 1000 अरब अमेरिकी डॉलर और 2050 तक 5000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसकी जीडीपी में 14-16% की हिस्सेदारी होगी।

### रियल एस्टेट में आएगा 15 लाख करोड़ का निवेश

**मुंबई।** घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को कहा कि ढांचागत और रियल एस्टेट को मार्च 2026 तक 15 लाख करोड़ के निवेश की संभावना है। एजेंसी ने कहा कि इस निवेश से 50 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, रियल एस्टेट एवं ढांचागत क्षेत्र में 25,000 किमी लंबी सड़कों का निर्माण होगा। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि भारत के प्रमुख ढांचागत क्षेत्र– नवीकरणीय ऊर्जा एवं सड़कें और रियल एस्टेट में निवेश 2024–25 और 2025–26 के दौरान 38% बढ़कर 15 लाख करोड़ होने की उम्मीद है। ऊर्जा क्षेत्र में निवेश देश के ऊर्जा सम्मिश्रण में अधिक हरित ऊर्जा जोड़ने पर केंद्रित होगा जबकि सड़क निवेश का केंद्र सड़कों का जाल बढ़ाने पर होगा। क्रिसिल के मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा कि इन क्षेत्रों में अंतर्निहित मांग को गति देने वाले कारक मजबूत हैं और नीतिगत हस्तक्षेप से निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ रही है।

### दिल्ली-एनसीआर में बिके एक करोड़ रुपये से अधिक के 60% फ्लैट

**नई दिल्ली।** जनवरी–मार्च के दौरान दिल्ली–एनसीआर में बेचे गए कुल 10,060 फ्लैट में 60% की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। आवासीय ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर ने बताया कि इस साल जनवरी–मार्च में दिल्ली–एनसीआर में हुई बिक्री में 59% फ्लैट की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। 19% फ्लैट की कीमत 75 लाख रुपये से एक करोड़ के बीच थी। 8% फ्लैट की कीमत 45–75 लाख रुपये के बीच, 11% फ्लैट की कीमत 25–45 लाख रुपये के बीच और 3% फ्लैट की कीमत 25 लाख रुपये से कम थी। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम और हाउसिंग डॉट कॉम के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) विकास वधावन ने कहा कि जनवरी–मार्च 2024 में प्रीमियम संपत्तियों की मांग बढ़ी। उन्होंने कहा कि भूमि और निर्माण की बढ़ती लागत के कारण प्रमुख शहरों में एक करोड़ रुपये की कीमत तेजी से आम होती जा रही है। घर खरीदने वाले आधुनिक सुविधाओं के साथ बड़ा आवास चाहते हैं। देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी–मार्च के दौरान बेचे गए कुल फ्लैट में 37% की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। इन शहरों में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, दिल्ली–एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे शामिल हैं।



# कुछ खास करने के लिए उत्सुक टीम : रोहित

## हमारे लिए सुपर आठ में हर मैच खास, कोहली समेत टीम के हर खिलाड़ी ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकारा कि टी20 विश्व कप का सुपर आठ चरण थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं क्योंकि उनमें कुछ खास करने को लेकर वास्तविक उत्सुकता है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

टीम इसके बाद बांग्लादेश (22 जून को एंटीगा) और ऑस्ट्रेलिया (24 जून को सेंट लूसिया) के खिलाफ खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से अपलोड किए गए वीडियो में रोहित ने कहा कि पहला मैच खेलने के बाद हम अगले दो मैच तीन या चार दिन के अंतराल में खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन हम इन सभी चीजों के आदी हो चुके हैं। हम बहुत यात्रा करते हैं और बहुत खेलते हैं इसलिए यह कभी बहाना नहीं बनने वाला। भारतीय टीम ने सोमवार को लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया। रोहित ने कहा कि टीम में कुछ खास करने को लेकर बहुत उत्सुकता है। यह दूसरे चरण की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि हर कोई अंतर पैदा करना चाहता है और हम अपने कौशल सत्रों को काफी गंभीरता से लेते हैं।

**20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ होगी भारत के अभियान की शुरुआत**

उन्होंने कहा कि हर कौशल सत्र में हासिल करने के लिए कुछ होता है। आयोजकों द्वारा इस्तेमाल की गई ड्रॉप इन पिचों (दूसरे स्थान पर तैयार करके लाई गई पिच) के कारण भारतीय टीम को अमेरिकी चरण के दौरान प्रतिकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। रोहित ने कहा कि सुपर आठ में हर मैच हमारे लिए बहुत ही खास है। कैरेबियाई चरण अपने साथ परिस्थितियों से पहचान की भावना लेकर आता है और उनकी टीम इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि हमने यहां बहुत सारे मैच देखे हैं, हमने यहां बहुत सारे मैच खेले हैं। इसलिए हर कोई समझता है कि परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिए क्या करना है। भारतीय टीम ने लीग चरण में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया जबकि कनाडा के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप मैच फ्लोरिडा में गीली आउटफील्ड के कारण रद हो गया।

## चाइनामैन साबित हो सकते हैं तुरुप का इक्का : फ्लेमिंग



नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत अभी तक टूर्नामेंट में तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तथा दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ मैदान में उतरा है।

फ्लेमिंग ने कहा कि अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं। उनके पास अभी दोनों तरह के संयोजन आजमाने का मौका है जो कि अच्छा है लेकिन खेल में आप लकीर का फकीर बनकर नहीं रह सकते जिससे कि आप परिस्थितियों का फायदा उठाने से चूक जाओ। भारत को सुपर 8 में अपना पहला मैच गुरुवार को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत अभी तक बाएं हाथ के दो स्पिनर के साथ उतरा है। इनमें अक्षर को सफलता मिली, लेकिन जडेजा तीन मैच में तीन ओवर ही करे। वे एक ही तरह के कौशल वाले गेंदबाज हैं लेकिन उनमें भिन्नता भी है।

### सुपर-8 का पहला मुकाबला आज

## अफ्रीका को मिल सकती है अमेरिका से कड़ी टक्कर

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के विश्व स्तरीय बल्लेबाज बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती सुपर आठ मैच में आत्मविश्वास से भरे अमेरिका के खिलाफ अपनी ताकत दिखाने उतरेंगे तो टीम के पास गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है और उसके गेंदबाजों ने सभी चार मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूयॉर्क के चुनौतीपूर्ण विकेट पर तीन मैच और किंग्सटाउन में एक मैच खेलते हुए अफ्रीका ने एक बार भी 120 रन के आंकड़े को पार नहीं किया है।

उनका बल्लेबाजी प्रदर्शन उस टीम की छवि पेश नहीं करता जिसमें क्विंटन डिकॉक, हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे कुछ बड़े हिटर हैं। लेकिन फिर भी डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मार्कराम की मौजूदगी वाले शीर्ष क्रम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका अपने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ सिर्फ एक रन से जीता था और गत चैंपियन इंग्लैंड तथा मेजबान वेस्टइंडीज की मौजूदगी वाले ग्रुप दो में होने के कारण वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकता। टीम सुपर आठ चरण में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी। विश्व कप से पहले अफ्रीका की सबसे बड़ी चिंता एनरिच नोर्किया की खराब फॉर्म थी लेकिन इस स्टार तेज गेंदबाज ने ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और अभी नौ विकेट लेकर टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर।

**समय :** मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

## खेल डायरी

### टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे डेविड वार्नर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज डेविड वार्नर इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि वे टी20 विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे। उन्हें उम्मीद है कि वास्तविक क्रिकेट प्रेमी उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखेंगे, जिसने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खेल को बदलने की कोशिश की जबकि वह एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे आलोचनाओं से जूझना पड़ा। इस साल की शुरुआत में टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने वाले वार्नर अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे।

### पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों ने किया क्वालीफाई

**ताल्या।** युवा प्रियांश और अनुभवी अभिषेक वर्मा ने तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में चौथे और पांचवें वरीयता प्राप्त तीरंदाजों के तौर पर क्वालीफाई कर लिया जबकि भारतीय टीम शीर्ष वरीयता प्राप्त होगी। एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम दूसरे स्थान पर रही जबकि विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी दसवें स्थान पर रही। भारतीय महिला कंपाउंड टीम को भी शीर्ष वरीयता मिली है। प्रियांश और वर्मा ने 710 अंक बनाये और भीतरी 10 में अधिक तीर लगाने के आधार पर चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

### नीरज चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीता

**तुर्कु (फिनलैंड)।** भारत के ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक महीने बाद वापसी करते हुए पावो नुरमी खेलों में मंगलवार को पहली बार स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में यहां रजत पदक जीता था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। वहीं उनके हमवतन और पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता ओलिवर हेलांडेर को कांस्य पदक जीता जिन्होंने 83.96 मीटर का थ्रो फेंका।

### भारतीय शॉटगन टीम में तोंडाइमन, राजेश्वरी

**नई दिल्ली।** सीनियर ट्रैप निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडाइमन आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय शॉटगन टीम की अगुवाई करेंगे। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मंगलवार को खेलों के महाकुंभ के लिए घोषित पांच सदस्यीय टीम में जगह दी जिसके सभी खिलाड़ी पहली बार इन खेलों में हिस्सा लेंगे। पेरिस खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। टोंडाइमन ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में निशाना साधेंगी।

# निकोलस की धार से अफगानिस्तान ध्वस्त

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी




निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का नमूना पेश किया, जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था।

दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए, जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन, अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने मैच के बाद कहा कि हम जानते थे कि यहां का विकेट अच्छा है। गयाना और त्रिनिदाद के बाद बल्लेबाज यहां आकर रन बनाना चाहते थे। पूरन में कड़ी मेहनत की है और पिछले 12 महीने में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह देखकर अच्छा लगा कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट ही नहीं वेस्टइंडीज की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अफगानिस्तान ने तीन मैच में विरोधी टीमों को 100 रन तक नहीं पहुंचने दिया था, लेकिन इस मैच में कप्तान राशिद खान का पहले गेंदबाजी करने का फैसला पूरन ने गलत साबित कर दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से पूरन के अलावा सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (43), शाई होप (25) और पॉवेल (26) ने भी योगदान दिया। अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (38), अजमतुल्लाह उमरजई (23) और करीम जनत (14) ने रन बनाने की कोशिश की लेकिन लक्ष्य बड़ा था। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस हार का हम पर प्रभाव पड़ेगा। हम जो चाहते थे हमने उसे हासिल किया। हम सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रहे। मैच अलग-अलग पिचों पर हो रहे हैं और हमें उनसे सामंजस्य बिठाना होगा। इस स्तर पर पराजय एक अच्छा सबक है। यह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच नहीं था। हम इसके सकारात्मक पहलुओं पर गौर करेंगे जैसे की फील्डिंग और बीच के ओवरों की गेंदबाजी।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.294 | 0 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| आयरलैंड (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -1.293 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 1.255 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.585 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 3.257 | 0 |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.835 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.415 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -1.268 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 0.616 | 0 |
| श्रीलंका (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | 0.863 | 1 |
| नीदरलैंड (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.358 | 0 |
| नेपाल (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.542 | 1 |

## भारत सहित 12 टीमों ने किया 2026 विश्व कप के लिए क्वालिफाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभी टी-20 विश्वकप समाप्त भी नहीं हुआ और 2026 टी-20 विश्व कप के लिए 12 टीमों का चयन तय हो गया है। 2026 में भी टी-20 विश्व कप भारत और श्रीलंका दो देशों में खेला जाएगा और 20 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इसके लिए टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 12 टीमें चयनित हो चुकी हैं। 8 टीमें वर्ल्डकप में हिस्सा लेने के लिए आपस में भिडेंगी। मौजूदा विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के चलते अमेरिका और अफगानिस्तान ने 2026 टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं, इनके साथ ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीमें भी क्वालिफाई की हैं। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान का प्रदर्शन मौजूदा टी-20 विश्व कप में निराशाजनक रहा इसके चलते दोनों ही टीमें सुपर आठ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं, लेकिन इन दोनों टीमों ने टी-20 रैंकिंग के आधार पर 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बना ली है। 2026 में होने टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी टीमों में भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं।

## क्रिकेट फैन से भिड़े पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा), एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ विवाद के घेरे में आ गए हैं। जब कुछ लोगों से उनकी तीखी झड़प का वीडियो वाइरल हो गया, जिसके बाद उन्होंने कहा कि परिवार को बीच में घसीटने पर वह जवाब देने से हिचकिचायेंगे नहीं।

यह घटना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद की है। पाकिस्तान को पहली बार विश्व कप खेल रहे अमेरिका ने हरा दिया और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ जीत की दहलीज पर पहुंचकर टीम हार गई। सोशल मीडिया पर वाइरल हुए वीडियो में हारिस अपनी पत्नी के साथ पैदल जा रहे थे जब कुछ लोगों के समूह से टकरा गए। यह स्पष्ट नहीं है कि उनके और लोगों के बीच क्या बात हुई, लेकिन वे टीम के खराब प्रदर्शन के लिये कथित रूप से उन पर छींटाकशी कर रहे थे। रऊफ ने अचानक आपा खो दिया और उन लोगों के पीछे दौड़ते नजर आये।

# फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया

डसेलडोर्फ, एजेंसी




मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। एमबापे ग्रुप डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसो से टकरा गए। इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबापे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने एमबापे के आगे के मैचों में खेलने के संबंध में कहा कि अभी हमारे हाथ में कुछ नहीं है। अभी हमें यह पता नहीं है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। वह टूर्नामेंट में आगे खेल पाएंगे या नहीं अभी इसका जवाब मेरे पास नहीं है। फ्रांस के मिडफील्डर एनगोलो कांटे ने कहा कि एमबापे के चोटिल हो जाने से हम सभी चिंतित हैं। हमें पता नहीं है कि स्थिति अभी कैसी है। हम यही उम्मीद कर रहे हैं कि चोट गंभीर न हो और वह बाकी टूर्नामेंट के लिए टीम में बने रहें। चोटिल होने से पहले एमबापे पर सभी की निगाह टिकी थी।

ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई।। वोबर ने 38वें मिनट में एमबापे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे डेसचैम्प्स ने फ्रांस का कोच रहते हुए जीत का शतक भी पूरा किया। फ्रांस ने अभी तक दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप जीती है लेकिन उसे 2000 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार है। रोमानिया इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने एक अन्य मैच में यूक्रेन को 3-0 से हराया जो उसकी यूरोपीय चैंपियनशिप में पिछले 24 वर्षों में पहली जीत है।

## सीएसी ने गंभीर का साक्षात्कार लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ, जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं।

# अजेय बढ़त बनाने उतरेगी टीम

बेंगलुरु, एजेंसी

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आईं।

भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल रहा है। 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही।

इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी।

### मंधाना बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर




**दुबई।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने घरेलू मैदान पर अपना पहला शतक जड़ते हुए 117 रन की मैच विजयी पारी खेली और तीन मैचों की शृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 143 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में वस्त्राकर ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी चार पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बिश्नोई ने जेल से बकरीद की मुबारकबाद दी, जांच के आदेश

अहमदाबाद/चंडीगढ़, एजेंसी

● पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी से बात करते हुए दिखाने वाला एक वीडियो आया सामने

अगस्त 2023 से साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को कथित तौर पर वीडियो कॉल पर पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी से बात करते हुए दिखाने वाला एक वीडियो मंगलवार को सामने आया, जिसके बाद गुजरात सरकार ने जांच के आदेश दिए। यह वीडियो 19 सेकंड का है। इसमें बिश्नोई ईद-उल-अजहा (भारत में 17 जून को मनाया गया) के मौके पर भट्टी को मुबारकबाद देते हुए दिखाई दे रहा है, जिस पर भट्टी कहता है कि यह त्योहार पाकिस्तान में अगले दिन मनाया जाएगा। यह सुनकर बिश्नोई भट्टी से कहता है कि वह ईद की मुबारकबाद देने के लिए कल उसे फोन करेगा।

एजेंसी स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका है। यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद राज्य सरकार ने जांच के आदेश दिए। गुजरात सरकार के प्रवक्ता और शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि राज्य के गृह विभाग ने पहले ही वीडियो की सामग्री की जांच के आदेश दे दिए हैं। गृह विभाग मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के अधीन आता है। ऋषिकेश ने कहा, मुझे इस मामले के बारे में मंगलवार सुबह ही पता चला।

# युद्ध का समर्थन करने पर रूस ने की उ. कोरिया की प्रशंसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध का 'दृढ़ता से समर्थन' करने के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की प्रशंसा की है। पुतिन मंगलवार को जोंग-उन से मिलने प्योंगयांग पहुंचे। यह उनकी साल 2000 के बाद से पहली प्योंगयांग यात्रा है।

उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ पार्टी के मुखपत्र रोडोंग सिनमुन में छपे एक लेख में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि उन्होंने अमेरिकी दबाव, ब्लैकमेल और सैन्य धमकियों के बावजूद अपने हितों की रक्षा के लिए प्योंगयांग के प्रयासों का समर्थन करने का प्रण लिया है। पिछले साल पुतिन ने कहा था कि उत्तर कोरिया के साथ सैन्य सहयोग की संभावनाएं दिखाई देती हैं।



# लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। इस पद की शक्तियां और गरिमा को देखते हुए एनडीए गठबंधन के अन्य दल भी इसकी मांग कर रहे हैं। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन की ताकत बढ़ने से वह भी इस पद पर अपना उम्मीदवार उतारने को लेकर तैयारी कर रहे हैं। मंगलवार को राजनाथ सिंह के आवास पर भी वरिष्ठ मंत्रियों ने इस विषय पर चर्चा की। आइए जानते हैं कि देश में लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया कैसी होती है।

### अब तक के निर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष

जी.वी. मावलंकर, एम.ए. अय्यंगर, सरदार हुकम सिंह, एन संजीव रेड्डी, जी एस ढिल्लों, बाली राम भगत, के. एस. हेगड़े, बलराम जाखड़, रवि राय, शिवराज वी पाटिल, पी.ए. संगमा, जी.एम बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी, मीरा कुमार, सुमित्रा महाजन, ओम बिरला।

### कैसे होता है चुनाव

सत्ताधारी दल के सदस्य ही स्पीकर पद के लिए चुने जाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष के लिए स्पीकर को सदन का सदस्य होना आवश्यक है। परंपरा के अनुसार सत्ताधारी पार्टी अन्य दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार की घोषणा करती है। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री या प्रधानमंत्री अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव रखते हैं। फिर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिए जाते हैं।

### कैसे हटाया जा सकता है

स्पीकर का कार्यकाल लगभग 5 साल का होता है। लोकसभा के भंग होने के बाद भी वह अपने पद पर बना रहता है। नियमों के मुताबिक, लोकसभा के भंग होने के बाद से अगली लोकसभा की पहली बैठक तक स्पीकर अपना पद खाली नहीं करेगा। हालांकि, स्पीकर के 5 साल से पहले ही हट जाने या हटाए जाने का प्रावधान संविधान में दिया हुआ है।

### क्या होती हैं शक्तियां

लोकसभा अध्यक्ष सदन की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। उन पर सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी होती है। सदन के अध्यक्ष ही सदस्यों को बोलने की अनुमति देते हैं और उनके वक्तव्य का समय निर्धारित करते हैं। इसके अलावा अगर कोई सदस्य सदन की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करता है तो अध्यक्ष उसकी सदस्यता भी निलंबित कर सकते हैं। किसी प्रस्ताव पर वोटिंग के समय भी स्पीकर की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। अगर किसी विधेयक पर पक्ष और विपक्ष, दोनों ओर से समान संख्या में मत पड़ते हैं तो ऐसी स्थिति में लोकसभा स्पीकर के पास वोट करने का अधिकार होता है।

## एक नजर

### ट्रंप की अपील पर अदालत का सुनवाई से इनकार

**न्यूयॉर्क।** शीर्ष अदालत ने मंगलवार को डोनाल्ड ट्रंप की स्थगन याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। पिछले महीने उनके खिलाफ एक गंभीर अपराध में दोषसिद्धि के बाद लगाए गए प्रतिबंध लागू रहेंगे। अपीलीय न्यायालय ने पाया कि यह आदेश कोई महत्वपूर्ण संवैधानिक मुद्दा नहीं उठाता है जिसके लिए तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। यह निर्णय पूर्व राष्ट्रपति के लिए एक कानूनी झटका है, जिन्होंने बार-बार उस आदेश के खिलाफ आवाज उठाई है, जो उन्हें एक पॉर्न स्टार को चुप रहने के लिए पैसे देने के मामले में गवाहों, जूरी सदस्यों और अन्य लोगों पर टिप्पणी करने से रोकता है।

### कुर्बानी के आरोप में 36 अहमदिया गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के कम से कम 36 सदस्यों को ईद-उल-अजहा पर जानवरों की कुर्बानी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अहमदिया समुदाय को देश में गैर-मुस्लिम घोषित किया गया है। देश में अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के पदाधिकारी आमिर महमूद ने एजेंसी को बताया कि समुदाय के कम से कम 36 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से अधिकतर पंजाब प्रांत से हैं।

### पाकिस्तानी पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पाकिस्तानी पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी। एक कबायली पत्रकार संघ ने यह जानकारी दी। पश्तो समाचार चैनल खैबर न्यूज से जुड़े खलील जिब्रान की खैबर जिले के मजरीना सुल्तानखेल इलाके में उनके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। साजिद नामक एक अन्य व्यक्ति गोलीबारी में घायल हो गया। हमलावर घटनास्थल से भागने में सफल रहे।

### भारतीय मूल के प्रोफेसर को सम्मानित किया

**लंदन।** भारतीय मूल के मस्तिष्काघात विशेषज्ञ एवं कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में एनेस्थीसिया के एक प्रोफेसर को ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय द्वारा तंत्रिका संबंधी देखभाल में सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डेविड कृष्ण मेनन को कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर से सम्मानित किया गया।

# दलाई लामा से मिलेंगी नैंसी पेलोसी

## अमेरिका के 6 सांसदों के डेलिगेशन के साथ दो दिवसीय भारत दौरे पर आईं

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी दो दिवसीय भारत दौरे पर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुईं। भारत के दौरे पर वह धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करेंगी। उनके साथ अमेरिका के 6 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद है।

पेलोसी लंबे समय से तिब्बत की आजादी का समर्थन करती आई हैं। वह इससे पहले मई 2017 में भी दलाई लामा से मिलने भारत के दौरे पर आ चुकी हैं। तब चीन ने अमेरिका को तिब्बत मामले में दखल के खिलाफ चेतावनी दी थी। अमेरिका में 12 जून को तिब्बत से जुड़ा एक बिल पास किया गया था। इसमें कहा गया था कि अमेरिका दुनियाभर में तिब्बत को लेकर चीन के फैलाए गए झूठ का जवाब देगा। इस दौरान अमेरिकी अधिकारी चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले दावों को भी खारिज करेंगे।

चीन और तिब्बत के बीच विवाद बरसों पुराना है। चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी में चीन का हिस्सा रहा है इसलिए तिब्बत पर उसका हक है। तिब्बत चीन के इस



कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचीं पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी।

दावे को खारिज करता है। 1912 में तिब्बत के धर्मगुरु और 13वें दलाई लामा ने तिब्बत को स्वतंत्र घोषित कर दिया था।

उस समय चीन ने कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन करीब 40 सालों बाद चीन में कम्युनिस्ट सरकार आ गई। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा।

आखिरकार 1951 में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन गया। हालांकि दलाई लामा इस संधि को नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि ये संधि दबाव बनाकर करवाई गई थी।

इस बीच तिब्बती लोगों में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ने लगा। 1955 के बाद पूरे तिब्बत में चीन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन होने लगे। इसी दौरान पहला विद्रोह हुआ जिसमें हजारों लोगों की जान गई। मार्च 1959 में खबर फैली कि चीन दलाई लामा को बंधक बनाने वाला है। इसके बाद हजारों की संख्या में लोग दलाई लामा के महल के बाहर जमा हो गए। आखिरकार एक सैनिक के वेश में दलाई लामा तिब्बत की राजधानी ल्हासा से भागकर भारत पहुंचे। भारत सरकार ने उन्हें शरण दी। चीन को ये बात पसंद नहीं आई। कहा जाता है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध की एक बड़ी वजह ये भी थी।

### पेलोसी के ताइवान जाने पर 24 लड़ाकू विमानों ने किया था एस्कॉर्ट

चीन हमेशा से ही तिब्बत का साथ देने के लिए अमेरिका का विरोध करता आया है। ऐसे में नैंसी पेलोसी का यह दौरा विवाद को और बढ़ा सकता है। पेलोसी वही अमेरिकी नेता हैं, जिनके 2022 में ताइवान जाने पर चीन ने जंग की धमकी दी थी। तब नैंसी के प्लेन को अमेरिकी नेवी और एयरफोर्स के 24 एडवांस्ड फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया था। इस दौरान चीन ने ताइवान को चारों तरफ से घेरकर युद्धाभ्यास भी किया था। नैन्सी पेलोसी ने 2008 के अपनी धर्मशाला यात्रा के दौरान कहा था कि तिब्बत में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अमेरिका अपने अभियानों को जारी रखेगा। उन्होंने 2019 में संसद में द तिब्बत पॉलिसी एक्ट पास कराने में मदद की थी। इस एक्ट के जरिए अमेरिका तिब्बत की पहचान को बचाने के लिए आवाज उठाता है। पेलोसी की वजह से ही अमेरिका में दलाई लामा का कद बढ़ा है।

# हमारे बारह फिल्म में आपत्तिजनक कुछ भी नहीं : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसने अभिनेता अन्नू कपूर अभिनीत 'हमारे बारह' फिल्म देखी और इसमें कुरान या मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया। अदालत ने इसके साथ ही कहा कि फिल्म वास्तव में महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से बनाई गई है। न्यायमूर्ति बी पी कोलाबावाला और फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने कहा कि फिल्म का पहला ट्रेलर आपत्तिजनक था, लेकिन उसे हटा दिया गया है।

# निखिल पर अमेरिका की अदालत में चलेगा मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

● सिख अलगाववादी की हत्या कराने की सुपारी देने का आरोपी है भारतीय नागरिक

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अब अमेरिका की एक अदालत में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। अटॉर्नी जनरल मेरिक गार्लैंड ने यह जानकारी देते हुए कहा कि देश अपने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

गुप्ता (53) को न्यूयॉर्क में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में अमेरिका सरकार के अनुरोध पर 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसे गत 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। गुप्ता के अटॉर्नी जेफ्री चाबरोवे के अनुसार, सोमवार को उसे मैनहट्टन संघीय अदालत में मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जेम्स कॉट के समक्ष पहली पेशी के तहत प्रस्तुत किया गया, जहां उसने खुद को बेगुनाह बताया।

# पांच लाख अप्रवासियों को मिलेगी राहत

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नागरिकता प्रदान करने को लेकर एक व्यापक कदम उठा रहे

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में एक व्यापक कदम उठा रहे हैं। जिससे अब तक बिना किसी वैध स्थिति के देश में रह रहे लाखों अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। इस कदम को महीने की शुरुआत में सीमा पर अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने कई डेमोक्रेटिक सांसदों को नाराज कर दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवनसाथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक अप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक अप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा।

# थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को मिली मंजूरी

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की नेशनल असेंबली के उच्च सदन सीनेट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को मंगलवार को भारी बहुमत के साथ मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही थाईलैंड दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा कानून लागू करने वाला पहला देश बन गया है।

सीनेट में विधेयक पर हुए मतदान के दौरान 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। सीनेट के 18 सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड, समलैंगिक विवाह को अनुमति देने वाला एशिया का तीसरा देश बन जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन पर चलेगा मुकदमा

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिनावात्रा पर राजतंत्र को बदनाम करने के आरोप में मंगलवार को औपचारिक रूप से अभियोग दर्ज किया गया। इसके साथ ही इस तरह के बढ़ते अदालती मामलों ने थाईलैंड की राजनीति में अस्थिरता पैदा कर दी है। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता प्रयुथ बेजरागुना ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि थकसिन ने सुबह नौ बजे से कुछ मिनट पहले अभियोजकों के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अभियोग प्रक्रिया पूरी की गई।

# प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे रहना चाहिए

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन की उपस्थिति में कहा कि भारत और अमेरिका को बड़े रणनीतिक हित के हिस्से के तहत महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास में सबसे आगे रहना चाहिए।



डोभाल की यह टिप्पणी उनके और सुलिवन द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत दूरसंचार और रक्षा क्षेत्र के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को गहरा करने के लिए परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण करने के एक दिन बाद आई है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित आईसीईटी (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल) पर केंद्रित उद्योग से जुड़े गोलमेज सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा आईसीईटी को मई 2022 में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच अधिक सहयोग बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था।

### अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का अनोखा रिश्ता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के दो सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का एक अनूठा रिश्ता है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन का भारत दौरा सुरक्षित तथा अधिक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण के लिए इस साझेदारी को और गहरा करेगा। व्हाइट हाउस ने यह बात कही। सुलिवन 17 से 18 जून तक नयी दिल्ली की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद जो बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी की यह पहली भारत यात्रा है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, सुलिवन का दौरा दोनों देशों के बीच साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाएगा ताकि सुरक्षित और अधिक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का निर्माण हो सके। किर्बी ने कहा कि सुलिवन नयी दिल्ली में अमेरिका-इंडिया इनीशियेटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस पहल को आईसीईटी के नाम से भी जाना जाता है।

# पाकिस्तान में ऊंट का पैर काटा, छह लोग गिरफ्तार

कराची, एजेंसी

● वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से मंगवा रहे कृत्रिम पैर

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चारे की तलाश में एक खेत में घुसे ऊंट का पैर काटने के आरोप में जमींदार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से स्तब्ध शीर्ष राजनेता ऊंट के लिए अब दुबई से कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

पिछले सप्ताहांत संघर जिले के मुंड जमराव गांव में ऊंट का दाहिना पैर काटने के बाद कटे हुए पैर को हाथ में लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किये जाने के बाद रुस्तम शार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया। पशु अधिकार संगठनों तथा लोगों ने इस क्रूर कृत्य के लिए कार्रवाई की मांग की। ऊंट के मालिक और किसान सूमर बेहान ने पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी लेकिन मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया।

सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के निर्देश पर आश्रय स्थल का दौरा करने के बाद पशुधन सचिव काजिम जाटो ने कहा ऊंट को कराची स्थित व्यापक आपदा प्रतिक्रिया सेवा पशु आश्रय स्थल ले जाया गया। सचिव ने बताया कि सिंध सरकार ने ऊंट के इलाज का खर्च उठाने का वादा किया है और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से ऊंट के लिए कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी शर्माजी की बेटी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित पहली फिल्म शर्माजी की बेटी 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। शर्माजी की बेटी का प्रीमियर पिछले साल जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। अब इसके मेकर्स ने फिल्म के ग्लोबल प्रीमियर का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म के साथ आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप ने निर्देशन में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म में सैयामी खेर, साक्षी तंवर और दिव्या दत्त ने अहम भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था। अब शर्माजी की बेटी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। 28 जून को प्राइम वीडियो पर शर्माजी की बेटी स्ट्रीम होने वाली है। अप्लॉस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन में बनीं फिल्म शर्माजी की बेटी को ताहिरा कश्यप ने लिखा और निर्देशित किया है। शर्माजी की बेटी पांच महिलाओं की लाइफ पर आधारित है। अरिस्ता मेहता, शारिब हाशमी, परवीन और वंशिका तपारिया भी इस फिल्म में नजर आएंगी।

### जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में शूटिंग करेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में देवरा के लिए मेलोडी की शूटिंग करेंगे। इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्मों में से एक, देवरा : पार्ट 1 सिनेप्रेमियों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर थाईलैंड के सुरम्य स्थानों में एक मधुर गीत की शूटिंग करेंगे। हाल ही में, एनटीआर जूनियर को भारी बारिश सहित चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में सैफ अली खान के साथ एक गहन एक्शन सीक्वेंस पूरा करने के बाद गोवा से लौटते हुए देखा गया था। यह एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर के बीच पहली बार ऑन-स्क्रीन सहयोग है। देवरा 27 सितंबर 2024 को पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा दो भागों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित है, और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है।



### 6 दिसंबर को रिलीज होगी अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द राइज ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द रूल पहले 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। कई दिनों से ऐसी खबरें आ रही थी कि फिल्म का काफी काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट आ गई है। अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर कर पुष्पा : द रूल की नयी रिलीज डेट बतायी है। पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## खगोल विज्ञान — एक तारे की मृत्यु का अवशेष है यह सुंदर निहारिका

# 1054 में हुई थी अद्भुत क्रैब नेबुला की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** क्रैब नेबुला आसमान में नजर आने वाली सुंदर निहारिकाओं में निहायती खास जगह रखती है। अब इसके अतीत रहस्य छंटने शुरू हो गए हैं। यह मर चुके एक तारे का अवशेष है। इसकी उत्पत्ति 1054 में हुई थी।

क्रैब नेबुला वैज्ञानिकों व ब्रह्मांड में दिलचस्पी रखने वालों के आकर्षण के घेरे में रही है। इसके बारे में जानने को हर कोई जिज्ञासा रखता था, लेकिन अब यह कुहासा छटना शुरू हो गया है। नई जानकारी के मुताबिक इसके अतीत को समझने के लिए वैज्ञानिकों को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लेना पड़ा। जिससे क्रैब नेबुला की उत्पत्ति की नई जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार 6,500 प्रकाश वर्ष दूर स्थित क्रैब नेबुला एक सुपरनोवा का अवशेष है। सुपरनोवा विस्फोट 1054 ईसवी में हुआ था। यह भयानक विस्फोट था। जिसका प्रकाश दिन के उजाले में भी पृथ्वी से देखा गया था। अब यह गैस और धूल का एक फैलता हुआ आवरण है, और एक पल्सर द्वारा संचालित बाहर की ओर बहने वाली हवा है। क्रैब नेबुला असामान्य निहारिका है। इसकी संरचना ने सूपरनोवा विस्फोट की ऊर्जा ने खगोलविदों को यह सोचने के लिए प्रेरित किया था कि यह एक इलेक्ट्रॉन-कैप्चर सुपरनोवा था, जो एक दुर्लभ प्रकार का विस्फोट होता है। इसमें ऑक्सीजन, नियॉन और मैग्नीशियम से बना कम विकसित कोर होता है। वेब टेलीस्कोप अपनी संवेदनशील अवरक्त क्षमताओं के साथ इसके रहस्य उजागर कर रहा है। बहुत जल्द क्रैब के कुछ अन्य राज सामने आने की संभावना जताई गई है।



वेब टेलिस्कोप द्वारा ली गई क्रैब नेबुला की आकर्षक तस्वीर।

### अद्भुत है क्रैब नेबुला

**नैनीताल :** क्रैब नेबुला वास्तव में अद्भुत निहारिका है, जो केकड़े की आकृति के समान नजर आती है। अपनेआप में कई रंगों को समेटे हुए है, जो वृषव राशि मे स्थित है। तारों की मृत्यु को लेकर शोध करने वाले वैज्ञानिकों का यह प्रमुख आकर्षण है। अभी तक सैंकड़ों शोध इसपर हो चुके हैं। अंतरिक्ष दूरबीन वेब इसके भविष्य पर प्रकाश डालेगी।